

न्यायिक कार्यवाही का राजनीतिकरण न करें : सुप्रीम कोर्ट - 10



पैसा ही पैसा बनाता है और दूसरा पैसा भी खींच लाता है - 10



नौसेना की नई ताकत... लहरों पर उतरा अजय - 11





क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह चौथा टेस्ट मैच खेलेंगे: सिराज - 12


आज का मौसम 33.0° अधिकतम तापमान 26.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.27 सूर्यास्त 07.10

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

श्रावण कृष्ण पक्ष द्वादशी 07:05 तक उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 22 जुलाई 2025, वर्ष 5, अंक 151, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


दुनिया ने 22 मिनट में देखी भारत की ताकत

## परिवर्तन ही जीवन है...



बांग्लादेश का लड़ाकू विमान क्रैश, 19 की मौत

आगरा से जुड़ा अलीगढ़ धर्मांतरण का कनेक्शन

## ...और अब नये रंग, नये रूप और नयी उड़ान के साथ आपका

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

# हर विकासखंड में स्मार्ट गांव, मिलेगा रोजगार

## हाउस ऑफ हिमालयाज का टर्नओवर 100 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य, सीएम ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के अम्ब्रेला ब्रांड ''हाउस ऑफ हिमालयाज'' का टर्नओवर वर्ष 2030 तक एक सौ करोड़ रुपये करने का लक्ष्य तय करते हुए इसके उत्पादों की यूनिटी मॉल के माध्यम से भी विपणन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, प्रत्येक विकासखंड में एक-एक स्मार्ट गांव विकसित करने के निर्देश देते कहा कि इन गांवों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए सभी परिवारों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में काम करें।

सोमवार को सचिवालय में ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित गेमचेंजर योजनाओं- मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना, ग्रोथ सेंटर योजना, हाऊस ऑफ हिमालयाज तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। सीएम ने कहा कि, ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के संसाधन बढ़ाने के साथ ही रिवर्स पलायन करने वाले लोगों को हरसंभव प्रोत्साहन दिया जाना जरूरी है। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए 'डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम' मजबूत करें।

राज्य के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के लिये अंब्रेला ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पादों के विपणन के लिए ठोस रणनीति बनाकर काम करें। इसके उत्पादों की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें। व्यावसायिक दृष्टिकोण अपनाते हुए ग्रोथ सेंटर्स के उत्पादों को बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास करें, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका में वृद्धि हो सके।

ग्रोथ सेंटर्स को कौशल विकास से जोड़ने का भी काम करें। सीएम ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत आवश्यक कौशल, संसाधन और सहायता प्रदान करने के साथ ही प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने की उपयुक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### राजस्व बढ़ाने के लिए नवाचार को करें प्रोत्साहित

**देहरादून :** मुख्यमंत्री धामी ने शहरी विकास विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए इस काम में जनसहभागिता भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाले नगर निकायों को प्रोत्साहित किया जाए। अधिकारियों को नगर निकायों के राजस्व बढ़ाने के लिए नवाचार को प्रोत्साहित करने के निर्देश देते कहा कि शहरी क्षेत्रों में नए पार्कों के निर्माण के साथ ही पुराने पार्कों के सौंदर्यीकरण व बेहतर रख-रखाव पर भी विशेष ध्यान दें।

### डिजिटल उत्तराखंड प्लेटफॉर्म सुगम बनाएं

**देहरादून :** मुख्यमंत्री ने डिजिटल उत्तराखंड प्लेटफॉर्म के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते कहा कि, राज्य को डिजिटल युग की मुख्यधारा में लाने की दिशा में इस पहल से शासन प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी और नागरिकों तक संवाद और सेवाओं के वितरण के तरीके में भी क्रांतिकारी बदलाव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफॉर्म को सुगम, सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने पर विशेष ध्यान दें।

# जिंदगी से अब नहीं खिलवाड़ रेफर प्रक्रिया होगी जवाबदेह

- रेफरल पर सीएमओ-सीएमएस के काउंटर साइन अनिवार्य, बनेगी एसओपी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में कार्यप्रणाली और अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और मरीज-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने सोमवार को सचिवालय सभागार में सभी 13 जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) और उप-जिला अस्पतालों के प्रमुख अधीक्षकों (सीएमएस) के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।

स्वास्थ्य सचिव ने रेफरल को लेकर पर नाराजगी जताते हुए इस पर कड़ा रुख अपनाते कहा कि अब अस्पतालों से मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर नहीं किया जाएगा। अस्पतालों की लापरवाही या संसाधन प्रबंधन की कमी के कारण मरीजों को बिना किसी स्पष्ट कारण के रेफर कर दिया जाता है, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। निर्देश दिए कि हर रेफरल की जिम्मेदारी संबंधित सीएमएस पर होगी। हर रेफरल को सीएमएस के काउंटर-साइनिंग के साथ वैध और ठोस कारणों से ही करना अनिवार्य होगा।

### नहीं उठाना पड़ेगा शव ले जाने का बोझ

कई बार मृतक के परिजनों को शव घर ले जाने में काफी परेशानी होती है, सचिव ने निर्देश दिए कि ऐसी स्थिति में संबंधित अस्पताल प्रशासन या सीएमओ स्वयं संसाधन जुटाकर सुनिश्चित करें कि शव सम्मानपूर्वक परिजनों तक पहुंचाया जाए। सचिव ने मरीजों के लिए एंबुलेंस की वैकल्पिक व्यवस्था के भी निर्देश दिए। जिन डॉक्टरों को पोस्ट-पीजी ट्रेनिंग के बाद 13 जून को ट्रांसफर आदेश जारी किए गए। उन्होंने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया उन्हें तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए।

























# अमृत विचार
| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

श्रावण कृष्ण पक्ष द्वादशी 07:05 तक उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 22 जुलाई 2025, वर्ष 5, अंक 151, पृष्ठ 14 | मूल्य 6 रुपये


## प्रणाम !

स्नेही पाठक जनों को अमृत विचार परिवार का प्रणाम। अमृत विचार की पांच वर्षों की यात्रा हम सबके लिए एक यादगार अनुभव की तरह है। अब इसका नया रूप, नया कलेवर समाचार पत्र के उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत कर रहा है। पांच साल पहले हमने एक सपना देखा था। लोगों तक सच्ची, समय पर और प्रासंगिक खबरें पहुंचाने का सपना। इन वर्षों में हमने पेज दर पेज, खबर दर खबर तरक्की की है और आपका विश्वास जीता है। लेकिन यह जगत परिवर्तनशील है। जैसे-जैसे दुनिया बदल रही है, हमें इस बात का भान हुआ कि अमृत विचार को भी अपने में बदलाव लाना होगा। यह परिवर्तन ही निरंतर विकास की कड़ी है।

अमृत विचार का भविष्य भी नवाचार और तकनीकी उन्नति में है। इस लिहाज से न केवल समाचार पत्र के स्वरूप में वरन् इसमें प्रस्तुत सामग्री में भी हमने कुछ नया जोड़ा है। समाचारों में नवीनता लाने का प्रयास तो हम निरंतर कर ही रहे हैं, साथ ही कुछ हट कर विभिन्न क्षेत्रों की जानकारियों से भी आपको रू-ब-रू भी कराएंगे। अब आपको सातों दिन इंद्रधनुष के सात रंगों की तरह फीचर पेज भी देंगे। जो केवल मनोरंजक ही नहीं, ज्ञानप्रद भी होंगे। इनमें आपको ग्लैमर, आटोमोबाइल, धर्म-अध्यात्म, कला-संस्कृति, शिक्षा जगत, विज्ञान, तकनीकी की जानकारी मिलेगी। इसके अलावा एक दिन हमारे सुधी पाठकों को भी अपने अनुभव साझा करने के लिए स्थान रहेगा। इसके साथ- साथ अब हमारी टीम अपने डिजिटल प्लेटफार्म को और बेहतर बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। एक इंटरएक्टिव वेबसाइट, मोबाइल-फ्रेंडली एप और रियल-टाइम अपडेट्स के साथ आपके सामने होगी। हमारा संकल्प है कि हर माध्यम से, चाहे वेबसाइट, यू ट्यूब या सोशल मीडिया हो, हम आपको सूचनाओं से पूरी तरह वाकिफ रखें। हम मल्टीमीडिया कंटेंट, जैसे वीडियो, पॉडकास्ट और लाइव रिपोर्टिंग में भी निवेश कर रहे हैं, ताकि नई पीढ़ी से जुड़ सकें और तेजी से बदलती मीडिया की दुनिया में आगे बने रहें। इसके साथ ही, हम डेटा एनालिटिक्स और एआई जैसे आधुनिक टूल्स का उपयोग करके यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि हमारे पाठक क्या चाहते हैं। परिवर्तन संसार की नियति है। इस निरंतरता को कोई रोक नही सकता। यही उन्नति का कारक भी है। लेकिन इन सब उन्नतियों के बीच, एक चीज़ कभी नहीं बदलेगी , और वह है हमारी सच्चाई, ईमानदारी और ज़िम्मेदार पत्रकारिता के प्रति प्रतिबद्धता। आपके सहयोग से, हम सिर्फ अख़बार नहीं चला रहे हैं, हम सूचना के भविष्य को गढ़ रहे हैं। आपका प्यार हमें उत्साह और आगे बढ़ने का जज्बा देता है, इसे हमेशा बनाए रखें। अमृत विचार आज से एक नए रंग, एक नए रूप और नई उड़ान के साथ।

**डॉ. वरुण अग्रवाल**
निदेशक

**डॉ. अर्जुन अग्रवाल**
निदेशक

# दुनिया ने 22 मिनट में देखी भारत की ताकत

**मानसून सत्र**

## ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा- इस बार सत्र विजयोत्सव की तरह

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर अपेक्षित चर्चा के लिए सरकार का रुख तय करते हुए कहा कि यह सत्र विजयोत्सव की तरह है। विश्वास जताया कि सभी संसद सदस्य इस भावना को एक स्वर में अभिव्यक्त करेंगे। सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में मोदी ने कहा कि बम और बंदूक पर संविधान की जीत हो रही है। कहा कि नक्सलवाद तेजी से कम हो रहा है और रेड जोन धीरे-धीरे हरित विकास क्षेत्र में बदल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सौ प्रतिशत लक्ष्यों को प्राप्त किया। पूरी दुनिया ने हमारे सशस्त्र बलों का सामर्थ्य देखा। भारतीय सशस्त्र बलों ने मात्र 22 मिनट में आतंकवादियों को मारकर उनके ठिकानों को जमींदोज कर दिया। संसद का मानसून सत्र सोमवार (21 जुलाई) से आरंभ हुआ और 21 अगस्त तक इसकी कुल 21 बैठकें प्रस्तावित हैं।

मानसून सत्र शुरू होने से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत का पक्ष विभिन्न देशों में रखने गए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों की सराहना की और कहा कि उन्होंने 'आतंकवाद के आका' पाकिस्तान को बेनकाब किया। उन्होंने कहा मैं इन सभी सांसदों और पार्टियों की, राष्ट्र हित में किए गए इस काम के लिए सराहना करता हूं। मोदी ने कहा कि सभी दलों का अलग-अलग एजेंडा है लेकिन दल हित में मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलें। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने बिहार में कहा था कि बहुत कम समय में ही भारत की सैन्य ताकत दिखाई दे गई और 'मेड इन इंडिया' के तहत देश में निर्मित सैन्य क्षमताओं की ओर दुनिया का ध्यान गया है।

मोदी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इसने पूरी दुनिया को झकझोर दिया और आतंकवाद तथा उसके केन्द्र की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया। प्रधानमंत्री ने माओवाद और नक्सलवाद के खिलाफ अपनी सरकार की निर्णायक कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि लाल गलियारे अब हरित विकास क्षेत्रों में बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि पहली बार भारत का तिरंगा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लहराया।


मानसून सत्र के पहले दिन संसद परिसर में मीडिया को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए नोटिस

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव से संबंधित नोटिस सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में दिए गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपे गए नोटिस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद, अनुराग ठाकुर समेत कुल 145 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। निचले सदन में अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत नोटिस दिए गए हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले और भाजपा के राजीव प्रताव रूड़ी समेत कई अन्य सदस्यों ने भी इस पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रसाद ने संसद परिसर में कहा कि न्यायपालिका की ईमानदारी, पारदर्शिता और स्वतंत्रता तभी सुनिश्चित होगी, जब न्यायाधीशों का आचरण अच्छा होगा। आरोप संगीन थे और ऐसे में महाभियोग के लिए नोटिस दिया गया है। हमने आग्रह किया है कि कार्यवाही जल्द शुरू होनी चाहिए। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे गए नोटिस पर 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। कांग्रेस सांसद सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि कुल 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं और अब इस मामले की जांच होगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित न्यायाधीश को हटाया जाएगा।

### विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में पहलगाम आतंकी हमले और कई अन्य मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में विपक्षी दलों के सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद समेत अन्य विषयों पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के करीब 20 मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक, दूसरी बार अपराह्न दो बजे तक और फिर चार बजे तक के लिए स्थगित की गई। शाम चार बजे कार्यवाही पुन: शुरू हुई तो पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने हंगामा नहीं थमने पर कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। सुबह सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुछ दिवंगत पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी। सभा ने उनके साथ ही पहलगाम हमले और अहमदाबाद विमान हादसे में तथा प्राकृतिक आपदाओं में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी।

**ब्रीफ न्यूज**

### दो हादसों में तीन कांवड़ियों की मौत

**देहरादून।** डोईवाला क्षेत्र में भानियावाला फ्लाईओवर के पास बाइक पलटने से दो कांवड़ियों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। बाइक पर पांच कांवड़िए सवार थे। चमोली में सोमवार दोपहर जोशीमठ-बद्रीनाथ मार्ग पर हादसे में बाइक सवार गांव जैनपुर, मेरठ निवासी विक्रांत की मौत हो गई, उसका साथी नवीन घायल हो गया। हरिद्वार में पिरान कलियर थाना क्षेत्र के इमलीखेड़ा गांव में आम के बाग में बठिंडा निवासी रवि कुमार (30) का शव पेड़ पर लटका मिला।

### केरल के पूर्व मुख्यमंत्री अच्युतानंदन का निधन

**तिरुवनंतपुरम।** भारत के सबसे सम्मानित कम्युनिस्ट नेताओं में से एक और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस. अच्युतानंदन का सोमवार को 101 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। माकपा के प्रदेश सचिव एमवी. गोविंदन ने यहां बताया कि लगभग एक महीने पहले हृदयाघात के बाद यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए गए वरिष्ठ नेता का आज निधन हो गया।

### गुरुद्वारा नानक झिरा साहब में बम की धमकी

**बीदर।** कर्नाटक में बीदर स्थित गुरुद्वारा नानक झिरा साहिब में पिछले 48 घंटों के भीतर दो अलग-अलग बम की धमकी वाले ईमेल मिलने के बाद फैली दहशत के बीच सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के निदेशक पुनीत सिंह ने सिख तीर्थस्थल को पहली बार इस तरह की धमकियां मिलने की पुष्टि की है। कहा कि हमें 18 जुलाई की सुबह एक धमकी भरा मेल मिला और आज यह दूसरा है।


**अंदर देखें ... अंतस**



अमृत विचार
अंतस
गोरक्ष कहे सुण हरे अवधू...
धर्म की उत्कृष्ट अवस्था ही हैं अध्यात्म
धर्म-अध्यात्म की एआई यात्रा में आत्मा की खोज

# बांग्लादेश का लड़ाकू विमान क्रैश, 19 की मौत

ढाका, एजेंसी

- स्कूल परिसर में हुए हादसे में दर्जनों घायल, कई की हालत गंभीर

बांग्लादेश वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सोमवार दोपहर यहां उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक स्कूल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे 19 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि यह चीन निर्मित एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षु विमान दोपहर ढाका के उत्तर क्षेत्र में माइलस्टोन स्कूल एवं कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। अग्निशमन सेवा एवं नागरिक सुरक्षा महानिदेशक ब्रिगेडियर जनरल जाहेद कमाल ने बताया कि दुर्घटना और उसके बाद लगी आग में 19 लोगों की मौत हो गई। कम से कम 50 गंभीर रूप से घायल हो गए।

मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय संबंधी विशेष सहायक मोहम्मद सईदुर रहमान ने बताया कि घायलों में ज्यादातर विद्यार्थी हैं जिनमें आठ की हालत गंभीर है। विमान के पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम का इलाज सीएमएच की गहन चिकित्सा इकाई में किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षण विमान ने दोपहर 1:06 बजे उड़ान भरी और कुछ ही देर बाद कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान धमाके के साथ स्कूल के चार मंजिले भवन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। इस भवन में कक्षा एक से सात तक के बच्चे पढ़ते हैं। अंतरिम सरकार ने 22 जुलाई को राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने दुर्घटना में लोगों के हताहत होने पर गहरा दुःख व्यक्त किया।

### मुंबई में रनवे से फिसला एयर इंडिया का विमान

**मुंबई।** कोच्चि से आ रहा एयर इंडिया का एक विमान सोमवार सुबह मुंबई हवाई अड्डे पर उतरते समय रनवे के बाहर निकल गया। विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि विमान सुरक्षित रूप से उतर गया तथा सभी यात्री एवं चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। प्रवक्ता ने कहा कि 21 जुलाई 2025 को कोच्चि से मुंबई के लिए रवाना हुई उड़ान संख्या एआई2744 के हवाई अड्डे पर उतरते समय भारी बारिश हुई, जिसके परिणामस्वरूप वह हवाई अड्डे पर उतरने के बाद रनवे के बाहर निकल गया। डीजीसीए की एक टीम स्थिति का आकलन कर रही है।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रपति मुर्मू को भेजे इस्तीफे में स्वास्थ्य कारणों का दिया हवाला
- पद पर रहते इस्तीफा देने वाले वीवी गिरि के बाद दूसरे उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार शाम स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को इस्तीफा भेज दिया और कहा कि वह तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। धनखड़ ने राष्ट्रपति को लिखे अपने पत्र में कहा, स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने और चिकित्सीय सलाह का पालन करने के लिए, मैं संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के अनुसार, तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देता हूं। धनखड़ (74) ने अगस्त 2022 में उपराष्ट्रपति का पदभार संभाला था और उनका कार्यकाल 2027 तक था। उन्होंने संसद के मानसून सत्र के पहले दिन ही इस्तीफा दे दिया।

हाल में उनकी दिल्ली एम्स में एंजियोप्लास्टी हुई थी। राज्यसभा के सभापति के रूप में अपने कार्यकाल में, धनखड़ का विपक्ष के साथ कई बार टकराव हुआ, जिसने उन पर महाभियोग चलाने का प्रस्ताव भी पेश किया था। यह प्रस्ताव स्वतंत्र भारत में किसी वर्तमान उपराष्ट्रपति को हटाने का पहला मामला था। धनखड़ पद पर रहते हुए इस्तीफा देने वाले दूसरे उपराष्ट्रपति हैं। इससे पहले वीवी गिरि ने 20 जुलाई, 1969 को स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए पद से इस्तीफा दे दिया था। धनखड़ का इस्तीफा राज्यसभा में एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम के बाद आया है, क्योंकि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के लिए विपक्ष द्वारा एक प्रस्ताव उनके समक्ष प्रस्तुत किया गया था और उन्होंने सदन में इसका उल्लेख किया था।



**मुंबई ट्रेन विस्फोट मामला**

# अभियोजन विफल, बरी हुए सभी 12 आरोपी

मुंबई, एजेंसी

- कहा-विश्वास करना कठिन है कि उन्होंने यह अपराध किया
- 19 साल पहले हुए आतंकी हमले में मारे गए थे 180 से अधिक

मुंबई उच्च न्यायालय ने 11 जुलाई 2006 को हुए मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में सोमवार को सभी 12 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है तथा यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है। यह फैसला शहर के पश्चिमी रेलवे नेटवर्क को हिला देने वाले आतंकवादी हमले के 19 साल बाद आया है। इस हमले में 180 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे।

न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध में प्रयुक्त बमों के प्रकार को रिकार्ड में लाने में भी असफल रहा है तथा जिन साक्ष्यों पर उसने भरोसा किया वे आरोपियों को दोषी ठहराने में विफल रहे हैं। उच्च न्यायालय ने 12 व्यक्तियों की दोषसिद्धि को रद्द करते हुए कहा कि गवाहों के बयान और आरोपियों के पास से कथित तौर पर की गई बरामदगी का कोई साक्ष्य मूल्य नहीं है। इनमें से पांच आरोपियों को विशेष अदालत ने सजा-ए-मौत और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पश्चिमी लाइन पर विभिन्न स्थानों पर मुंबई की लोकल ट्रेन में 11 जुलाई, 2006 को सात विस्फोट हुए थे, जिनमें 180 से अधिक लोग मारे गए थे और कई अन्य लोग घायल हुए थे। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है, इसलिए उनकी दोषसिद्धि रद्द की जाती है।

### फैसले का अध्ययन करेगी सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य सरकार बंबई उच्च न्यायालय के फैसले के गुण-दोष का आकलन करेगी। इसके बाद ही राज्य सरकार यह तय करेगी कि इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाए या नहीं। मुख्यमंत्री फडणवीस भी इस पर गौर करेंगे।

# मतदान तिथि पर भ्रम में न रहें : आयोग

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- 24 और 28 जुलाई को दो चरणों में ही होगा मतदान

**अमृत विचार:** राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड ने स्पष्ट किया है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान की तिथियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पंचायत के चुनाव दो चरणों में 24 और 28 जुलाई को ही होंगे।

आयोग के सचिव राहुल गोयल ने सोमवार को कहा कि प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी आपातकालीन स्थितियों की वजह से किसी पोलिंग स्टेशन या बूथ पर मतदान नहीं हो पाता है तो ऐसी स्थिति के लिए ही पुनर्मतदान की तिथियां घोषित की गई हैं।

20 जुलाई को जारी आयोग का पत्र भी इसी से संबंधित है, जिसका मतदान की तिथियों में परिवर्तन से कोई संबंध नहीं है। सचिव ने स्पष्ट किया कि पहले चरण में 24 जुलाई को कहीं पर मतदान न होने की स्थिति में पुनर्मतदान 28 जुलाई को होगा।

ये स्थिति यदि 28 जुलाई को उत्पन्न होती है, तो संबंधित पोलिंग स्टेशन या बूथ पर 30 जुलाई को पुनर्मतदान कराया जाएगा। पुनर्मतदान यदि आवश्यक हुआ, तो सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक कराया जाएगा। मतगणना 31 जुलाई को ही होगी।

**मुसीबत** | उत्तराखंड में अतिवृष्टि बनी आफत, पुलिस ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

# दून में आसन नदी उफनाई, शेर नाले में बही स्कॉर्पियो

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के अधिकांश स्थानों पर रविवार रात से सोमवार दोपहर तक आफत की बारिश में कई हादसे हुए। देहरादून में भारी बारिश से आसन नदी उफनाने से पटेल नगर के भूड़पुर क्षेत्र की आवासीय कॉलोनी जलमग्न हो गई और लोग घरों में ही फंस गए। पुलिस ने लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

हल्द्वानी के पास चोरगलिया रोड पर रविवार देर रात भारी बारिश के चलते ओवरफ्लो हुए शेर नाले के बहाव में पीलीभीत (उत्तर प्रदेश) के श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो गाड़ी बह गई। गाड़ी में दस श्रद्धालु थे जो जागेश्वर धाम से लौट रहे थे। पुलिस ने सभी श्रद्धालुओं को रस्सी के सहारे सकुशल बाहर निकाला। पिथौरागढ़ में गांव ड्योडा निवासी सोबन सिंह काली नदी में बह गया। उत्तरकाशी में रविवार देर रात गंगोत्री मार्ग पर एक कांवड़िए के खाई में गिरने की सूचना पर एसडीआरएफ द्वारा उसे सर्च किया जा रहा है। राज्य में बारिश-भूस्खलन से 94 मार्ग बाधित हो गए। सोमवार को तवाघाट और लमारी के पास भारी भूस्खलन से कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग बाधित होने से कई यात्रियों के साथ भाजपा नेत्री मीनाक्षी लेखी भी फंस गईं। बीआरओ और जिला प्रशासन ने तवाघाट मार्ग तो खोल दिया लेकिन लमारी में रास्ता बाधित है। वहीं, भारी बारिश से बदरीनाथ धाम मार्ग पर कंचनगंगा नाला उफान पर आने से सड़क पर मलबे आने से कई वाहन फंस गए।


देहरादून में जलमग्न हुई कॉलोनी के लोगों को रेस्क्यू करती पुलिस।

### अधिकारी 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहें : मुख्यमंत्री

**देहरादून।** प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आईटी पार्क स्थित राज्य आपदा परिचालन केन्द्र से जायजा लिया। सभी जिलाधिकारियों से वर्चुअल माध्यम से बातचीत कर जनपदों में बारिश, सड़कों की स्थिति, चारधाम और कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं तथा विद्युत, पेयजल एवं मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में सभी अधिकारी 24 घंटे अलर्ट मोड में रहें। किसी भी जान-माल के नुकसान से बचाव के लिए यह सुनिश्चित करें कि बारिश के पूर्वानुमान का अपडेट लोगों को तुरंत मिल जाए। इसके लिए जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम स्तर तक आपदा प्रबंधन तंत्र को सक्रिय रखें। वर्षा के कारण बाधित सड़कों को शीघ्रता से ठीक कराएं। भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। वर्षा के कारण जनजीवन प्रभावित न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए रिस्पांस टाइम कम से कम करें।

# बंदी पिटायी मामले में डिप्टी जेलर और सिपाही सस्पेंड

## आईजी जेल ने दी हाईकोर्ट को जानकारी, याचिका पर हुई सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने ऊधमसिंह नगर जिले के सितारगंज सेंट्रल जेल में कैदियों के साथ हो रही बर्बरता और चिकित्सा के अभाव के मामले में सरकार को वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

नाबालिग यौन शोषण मामले में दोषी सुभान की पिटाई से जुड़े मामले में मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्द्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में देर शाम सुनवाई हुई। जेल महानिरीक्षक (आईजी) ने खंडपीठ को बताया कि बंदी से मारपीट के आरोपी डिप्टी जेलर नवीन चौहान और सिपाही राम सिंह कपकोटी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जेल सुधार को लेकर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। जेल में बंदियों की चिकित्सा के लिये डाक्टरों की कमी है। तीन फार्मासिस्ट व्यवस्था देख रहे हैं। खंडपीठ ने इसे गंभीरता से लेते हुए मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत से डाक्टरों की तैनाती के मामले में प्रदेश सरकार से जल्द स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। आईजी जेल से नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सिर्फ दो लोगों को निलंबित किया गया है। पूरे जेल स्टाफ को हटाया जाना चाहिए था।

### हाईकोर्ट ने नहीं दी चुनाव लड़ने की अनुमति

**नैनीताल:** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने अतिक्रमणकारी को ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं देते हुए अपील को खारिज कर दिया है। खटीमा के बंडिया निवासी अशोक मौर्य की अपील पर खंडपीठ में सुनवाई हुई। अपीलकर्ता की ओर से कहा गया कि उसने बंडिया गांव के ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ने के लिये नामांकन पत्र भरा था लेकिन चुनाव आयोग ने अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए उसका नामांकन निरस्त कर दिया है। उसने इस कदम को हाईकोर्ट में चुनौती दी लेकिन एकलपीठ ने उसकी याचिका को खारिज कर दिया। कहा गया कि उसने कोई अतिक्रमण नहीं किया है। उसे अतिक्रमण के मामले में कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले प्रशासन की ओर से यह कार्रवाई अमल में लायी गयी है। आयोग द्वारा कहा गया कि अपीलकर्ता के खिलाफ आपत्ति के निस्तारण के बाद नामांकन रद्द किया गया है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता की ओर से कहा गया कि हाईकोर्ट के 12 दिसंबर 2024 को जारी आदेश के आलोक में 80 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। खंडपीठ ने अपीलकर्ता को कोई राहत नहीं देते हुए अपील को खारिज कर दिया।

### अनुपालन रिपोर्ट पेश करें

**नैनीताल:** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में काशीपुर स्थित पुरातात्विक महत्व के द्रोण सागर लेक (झील) के मामले में सुनवाई हुई। जांच कमेटी के तीनों सदस्य सोमवार को अदालत में वर्चुअल पेश हुए। काशीपुर के उपजिलाधिकारी ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद जांच टीम ने संयुक्त निरीक्षण किया है। वहां जमीन पर अतिक्रमण के साथ कई मंदिर, समाधि और विभिन्न अवसंरचनाएं मौजूद हैं। कुछ अतिक्रमण हटा दिए गए हैं। अन्य के खिलाफ कार्रवाई के लिए अतिरिक्त समय की मांग की गयी। अदालत ने कमेटी को अनुपालन रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से अदालत में पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## झील से गाद व मिट्टी निकलवाने की मांग

**भीमताल, अमृत विचार:** भीमताल झील से गाद और मिट्टी को पिछले 27 वर्षों से नहीं निकाला गया है। इस कारण इन दिनों भी झील के किनारे किनारे डेल्टा दिखाई देते हैं। भीमताल झील की व्यापक स्तर पर 1998 में सफाई की गई थी। तब से स्थानीय लोगों के द्वारा नियमित रूप से झील की सफाई करने की मांग लंबित है। पूर्व में कई बार मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी, कुमाऊं आयुक्त, मुख्य सचिव, विभागीय शासन सचिव, विधायक, सांसद, पर्यटन मंत्री, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री तक ज्ञापन भेजे गए, लेकिन झील आज भी गाद-मिट्टी निकासी और सफाई के इंतजार में है। उन्होंने अधिकारियों से शीघ्र इस समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।

## विद्युत कटौती से लोगों में आक्रोश

**रामनगर, अमृत विचार:** रामनगर में एक ही दिन में दो से तीन बार विद्युत कटौती की जा रही है। इससे नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि रामनगर में अघोषित विद्युत कटौती से नागरिकों को विभिन्न प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत कटौती से पेयजल संकट भी बढ़ रहा है। देहरादून कंट्रोल से अचानक कभी भी अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। नागरिकों ने विद्युत आपूर्ति में सुधार कराने की मांग की है।

# अनुसंधान व नवाचार को बढ़ाने का लिया संकल्प



एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में मौजूद दोनों संस्थानों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल/भीमताल

**अमृत विचार:** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी और आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशन साइंसेज (एरीज) नैनीताल के बीच ऐतिहासिक समझौता मैमोरेंडम आफ अंडरस्टेडिंग एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। दोनों संस्थानों ने अनुसंधान और नवाचार को मिलकर आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया।

प्रो. डॉ. कमल घनशाला अध्यक्ष ग्राफिक एरा समूह के दूरदर्शी नेतृत्व में संस्थान महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर रहा है। निदेशक सेवानिवृत्त कर्नल अनिल नय्यर ने बताया कि ग्राफिक एरा अब वैश्विक स्तर पर एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक ब्रांड बन चुका है। उन्होंने कुमाऊं क्षेत्र को इस प्रकार की उत्कृष्टता केंद्र का घर होने पर गौरव का विषय बताया और एरीज द्वारा खगोल विज्ञान, विज्ञान व अभियांत्रिकी के क्षेत्र में किए गए अद्वितीय योगदान की सराहना की। एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को प्रोत्साहित करना है। इसमें संयुक्त शैक्षणिक डिग्री कार्यक्रम, वैज्ञानिक परियोजनाओं में सहयोग, अकादमिक सामग्री का आदान-प्रदान, छात्र और शिक्षक आदान-प्रदान कार्यक्रम, साझा प्रयोगशाला सुविधाएं तथा तकनीकी सहयोग और नवाचार बढ़ाने के लिए नियमित संयुक्त अभ्यासों का आयोजन शामिल है। एरीज के निदेशक डॉ. मनीष कुमार नाजा ने कहा कि यह एमओयू एक शुरुआत नहीं, बल्कि पहले से चल रही साझेदारी की निरंतरता है। एरीज के खगोल विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. जीवन पांडे ने एरीज की यात्रा और भारत में खगोल विज्ञान की प्रगति पर प्रस्तुति दी। एमओयू पर आधिकारिक हस्ताक्षर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. अमित आर भट्ट की उपस्थिति में हुए। संचालन डॉ. निधि भट्ट पंत ने किया। एरीज की ओर से डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. जीवन पांडे और इंजीनियर मोहित जोशी भी उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### चीड़ की लकड़ी के आठ गिल्टे बरामद, दो दबोचे

**रामनगर:** तराई पश्चिमी वन प्रभाग में अवैध खनन अवैध लकड़ी कटान और अभिवहन के खिलाफ वन विभाग ने अब तक 30 से अधिक मामलों में अवैध लकड़ी पकड़ी है। लगभग 15 लाख रुपये से अधिक कीमत की लकड़ी बरामद की गई है। उप प्रभागीय वनाधिकारी वन सुरक्षा बल किरन ग्वासाकोटी ने बताया कि लगातार चल रहे गश्ती अभियानों के तहत कुल 50 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जिनमें से 30 मामले सिर्फ लकड़ी से जुड़े हैं। एसडीओ किरन ग्वासाकोटी ने बताया कि सोमवार की सुबह दो लोगों को चीड़ की लकड़ी के अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इनके पास आवश्यक अभिवहन प्रपत्र नहीं थे। उनके पास से आठ गिल्टे बरामद किए गए। इसके अलावा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सागौन लकड़ी के साथ पकड़ी गई। जिसमें सोखता लकड़ी भरी थी, लेकिन उसका भी कोई वैध प्रपत्र नहीं दिखाया गया। एसडीओ ने बताया कि सभी पकड़े गए वाहनों को सीज कर लिया गया है। संबंधित रेंज कार्यालय को आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण सौंपे गए हैं।



विद्यार्थियों के आवेदन का अवलोकन करते प्रवक्ता। ● अमृत विचार

### अभी तक महाविद्यालय में हुए 388 प्रवेश

**रामनगर:** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नए सत्र में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। छात्र-छात्राओं में प्रवेश के लिए अत्यंत उत्साह है। प्रभारी प्राचार्य प्रो. एसएस मौर्या ने समस्त छात्र छात्राओं से शीघ्रातिशीघ्र प्रवेश लेने को कहा है। प्रवेश प्रभारी प्रो. अनीता जोशी ने बताया कि महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर में 199, बीएससी प्रथम सेमेस्टर गणित वर्ग में 34 व बायो ग्रुप में 52 विद्यार्थी प्रवेश करा चुके हैं। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 103 प्रवेश सहित महाविद्यालय में कुल 388 प्रवेश हुए हैं। समर्थ पोर्टल प्रभारी डॉ .अलका राजौरिया ने समस्त छात्र-छात्राओं से शुल्क जमा करने के बाद एबीसी आईडी बनाने के लिए कहा है।

### पेयजल योजना का काम रुकवाया, तहरीर दी

**कालाढूंगी:** उत्तराखंड जल संस्थान डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की हल्द्वानी शाखा के पदाधिकारियों ने सोमवार को एक व्यक्ति के खिलाफ एसडीएम और थानाध्यक्ष को ज्ञापन दिया है। तहरीर में संघ ने बताया कि बीती 15 जुलाई को कोटाबाग जल जीवन मिशन के तहत दोहनिया पेयजल योजना का काम चल रहा था। तभी एक व्यक्ति वहां आया और काम रुकवा दिया। इस पर मजदूरों ने ठेकेदार को मामले की जानकारी दी। ठेकेदार ने योजना को देख रहे अवर सहायक अभियंता धीरज सिंह को बताया कि काम रुकवा दिया गया है। दूरभाष पर धीरज सिंह ने उक्त व्यक्ति से वार्ता की, तो उसने उन्हें धमकाया। सोशल मीडिया में फोन की रिकॉर्डिंग वायरल कर धीरज की छवि को धूमिल किया। संघ ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में एई हरीश पंत, प्रमोद पांडे, धीरज सिंह, खगेंद्र जोशी, अशोक नौटियाल व विजय नैनवाल आदि शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शिवराज समूह ने बजून में किया पौधरोपण

**नैनीताल:** एक पेड़ मां के नाम के तहत शिवराज समूह के चेयरमैन प्रदीप जेठी के नेतृत्व में सोमवार को ग्रुप के सदस्यों ने बजून श्रेत्र में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए। देवदार, आम, बांज, तिलोंज समेत फलदार पौध रोपे और इनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। जेठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान की सबसे बड़ी मांग है। इस मुहिम में प्रत्येक व्यक्ति को नैतिक जिम्मेदारी लेनी होगी। समूह के दर्जनभर से अधिक सदस्यों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



शिव महापुराण कथा का श्रवण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### द्वादश ज्योर्तिलिंगों की महिमा का वर्णन किया

**हल्दूचौड़:** अष्टादशभुजा महालक्ष्मी मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा को सोमवार को हवन-अनुष्ठान व विशाल भंडारे के बाद विश्राम दिया गया। महामंडलेश्वर सोमेश्वर यतिजी महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए सभी के मंगलमय जीवन की कामना के लिए महादेव से प्रार्थना की। 11 जुलाई से चल रही शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर कथावाचक शशांक ने द्वादश ज्योर्तिलिंगों की महिमा का वर्णन किया। महामंडलेश्वर स्वामी जी महाराज ने कहा कि शिव महापुराण की कथा से समस्त प्रकार के विकार एवं विषय दूर हो जाते हैं और व्यक्ति को सदा शिव भोलेनाथ की कृपा प्राप्त होती है। इस दौरान अनिल अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, उमेश वैष्णव, मोहन पांडे आदि मौजूद रहे।

### हर्षित कुमार सुर साधक पुरस्कार से सम्मानित

**भीमताल, अमृत विचार:** उत्तराखंड के सबसे कम उम्र के सितार वादक हर्षित कुमार को पंडित रघुनाथ तलेगांवकर फाउंडेशन ट्रस्ट एवं संगीत कला केंद्र आगरा की ओर से 75वां गुरुजन सम्मान समारोह के उपलक्ष्य में सितार वादन पर सुर साधक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, लेक्स इंटरनेशनल स्कूल के ही संगीत शिक्षक अमृत कुमार को संगीत शिल्पी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। हर्षित कुमार शिक्षक अमृत कुमार के पुत्र हैं। मालूम हो कि अमृत कुमार लखनऊ घराने की दोनों शैलियों राजखानी वाद्य एवं सितार वादन के सिद्ध हस्त कलाकार है। उन्होंने 35 वर्षों तक अपने पिता स्व. सुरेश कुमार से सितार की शिक्षा प्राप्त की। अमृत कुमार एवं उनके पुत्र हर्षित कुमार एक साथ आगरा में सम्मानित किए गए। विद्यालय के संगीत शिक्षक अमृत कुमार एवं उनके मार्गदर्शन में संगीत सीख रहे उनके सुपुत्र हर्षित कुमार की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य/ निदेशक एसएस नेगी ने उन्हें बधाई दी और दोनों के द्वारा संगीत के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर उनकी सराहना की।



हरेला मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मौजूद जनसमुदाय। ● अमृत विचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से बाधां समां

**भीमताल, अमृत विचार:** भीमताल में हर वर्ष आयोजित होने वाले पांच दिवसीय हरेला मेले का समापन नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा ने विधिवत रूप से किया। इससे पूर्व विभिन्न शैक्षिक संस्थानों और समितियों की ओर से लोक संस्कृति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा गया। नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा ने कहा कि हरेला एक पर्व के साथ ही साथ पर्यावरण को संरक्षित करने का एक माध्यम भी है। हर किसी को सावन के महीने में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। और इसके साथ ही साथ इनके संरक्षण की शपथ भी लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका का प्रयास मेले को और भव्य बनाने का आने वाले समय में रहेगा। इसके लिए नगर पालिका के सदस्यों का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए भीमताल की जनता, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी और अन्य लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रामपाल सिंह गंगोला व नीरज कुमार मोनू ने किया। इस मौके पर नगर पालिका ईओ उदयवीर सिंह,हरीश पनेरू, प्रकाश चंदोला, मनोज भट्ट, शिप्रा जोशी, विमला आर्या, हेमा दुम्का, दीपक आर्या, उमेश पाठक, शुभम नैनवाल, नीरज रैकुनी और राकेश बिष्ट आदि उपस्थित रहे।



आवारा गाय के साथ प्रदर्शन करते करणी सेना के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### आवारा पशुओं को लेकर करणी सेना ने किया प्रदर्शन

**रामनगर, अमृत विचार:** शहर में लगातार बढ़ रही आवारा पशुओं की समस्या को लेकर करणी सेना युवा शक्ति ने सोमवार को नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक आवारा गाय को पकड़कर नगर पालिका कार्यालय में लाकर बांधने के साथ विरोध दर्ज कराया। करणी सेना युवा शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को नगर पालिका कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन करते हुए पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण आएदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई पशु बीमार होकर दम तोड़ रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई गंभीर कदम नहीं उठा रहा है। चेतावनी देते कि यदि तीन दिन के भीतर नगर पालिका प्रशासन ने शहर से आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला नहीं पहुंचाया, तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान हरीश प्रकाश, नमन अग्रवाल, कल्पना वर्मा, अंकित जोशी, राहुल शर्मा व सागर चौधरी आदि शामिल रहे। नगर पालिका के प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियां ने बताया कि पालिका द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। अब तक 93 आवारा पशुओं को पकड़कर बाजपुर स्थित गोशाला में पहुंचाया गया है।












**मौसम का मिजाज** | रविवार की रात बरसते रहे बादल, मूसलाधार बारिश के बाद गिरा तापमान

# हल्द्वानी में सात घंटे के दौरान हुई 106 मिमी बारिश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मौसम विभाग का अलर्ट सही साबित हुआ। रविवार की रात से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला सोमवार की सुबह तक चलता रहा। पूरी रात मूसलाधार बारिश होती रही। अगले दिन सोमवार को बारिश तो नहीं हुई लेकिन बादल छाए रहे।

मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार को भारी से बहुत भारी बारिश का रेल अलर्ट जारी किया था। दिन भर हल्द्वानी में बारिश नहीं हुई लेकिन ठंडी हवा चलती रही और आसमान में काले बादल छाए रहे। हालांकि रानीबाग क्षेत्र में रविवार को दिन में भी बारिश हुई थी। रात करीब नौ बजे से हल्द्वानी के काठगोदाम, बमौरी, बिठौरिया, मुख्य बाजार, मुखानी आदि हिस्सों में बारिश शुरू हो गई। बारिश सोमवार की सुबह करीब पांच बजे तक होती रही। करीब सात घंटे के अंदर हल्द्वानी में 106 मिमी बारिश हो गई। इसके अलावा नैनीताल जिले में कैंचीधाम में 41.6 मिमी, नैनीताल स्नो व्यू में 36.5, मुक्तेश्वर में 30.8 मिमी, खनस्यू में 26 मिमी बारिश दर्ज की गई। हल्द्वानी में सोमवार की सुबह बारिश रुकने के बाद मौसम सुहावना हो गया। दिन भर बादल छाए रहे और गर्मी का प्रकोप काफी कम हो गया। अधिकतम तापमान 34 डिग्री और 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। नैनीताल जिले में 25 जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना है।



### सरोवर नगरी में 24 घंटे में बरसा 37 मिमी पानी

**नैनीताल:** सरोवर नगरी में रविवार पूरी रात जमकर पानी बरसा तो सोमवार का दिन सुहावना हो गया। 24 घंटे में 37 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। रविवार रात्रि से शुरू हुई वर्षा सुबह 10 बजे तक जारी रही। इधर, जिला आपदा प्रबंधन के अनुसार, बारिश के चलते दो ग्रामीण और एक जिला मार्ग अवरुद्ध हैं। भुजान बेतालघाट गर्जिया मोटर मार्ग, मलयूटी भदुनी मोटर मार्ग और कालाखेत दिग्थरी मोटर मार्ग में आवाजाही ठप है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, शहर का न्यूनतम तापमान 23 और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# 36 मतदान पार्टियां आज की जाएंगी रवाना

## रेंडमाइजेशन के बाद पोलिंग पार्टियों को बूथ हुआ आवंटित, जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी

पंचायत चुनाव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज सभागार में सोमवार को आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद सेक्टर-जोनल मजिस्ट्रेट, पीठासीन एवं मतदान अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण को संपन्न कराने के लिए चार ब्लॉकों की पोलिंग पार्टियों को बूथ आवंटन हुआ। वहीं, मतगणना कर्मियों का रेंडमाइजेशन किया गया।

जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना ने बताया कि पहले चरण में धारी, बेतालघाट, रामगढ़ व ओखलकांडा ब्लॉकों के पहले चरण में 24 जुलाई को चुनाव संपन्न होने हैं। इसी क्रम में बेतालघाट, धारी, ओखलकांडा एवं रामगढ़ ब्लॉक के कुल 312 मतदेय स्थलों के लिए रिजर्व सहित 346 मतदान दलों के 1730 कर्मियों का चयन हुआ है। इसमें बेतालघाट के 102 धारी, क्षेत्र के 64, ओखलकांडा 101 व रामगढ़ के लिए 79 दलों को बूथ आवंटित किए गए हैं। एक मतदान दल में एक पीठासीन, 4 मतदान अधिकारी सहित कुल 5 कर्मी तैनात किए गए हैं। 24 जुलाई को होने वाले प्रथम चक्र के मतदान के लिए दो दिन पूर्व 22 जुलाई को ओखलकांडा ब्लॉक की 33, बेतालघाट की 3 पोलिंग पार्टियां मतदेय स्थल को रवाना होंगी। शेष पार्टियां एक दिन पूर्व 23 जुलाई को ब्लॉक मुख्यालय से रवाना होंगी। इसके अलावा सोमवार को प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतगणना कार्मिकों प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न भी हुआ। मतगणना में कुल 574 सुपरवाइजर तथा 1573 सहायकों की डाटा फीडिंग सॉफ्टवेयर में की गई थी, इनका प्रथम रेंडमाइजेशन हुआ। पहले रेंडमाइजेशन में आरक्षित सहित 300 सुपरवाइजर तथा 1200 सहायक समेत 1500 कार्मिकों का चयन किया गया। इनको 26 एवं 29 जुलाई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। धारी, बेतालघाट एवं रामगढ़ के प्रेक्षक विनीत तोमर, ओखलकांडा ब्लॉक के प्रेक्षक बृजमोहन सिंह रावत, सीडीओ अनामिका, सीईओ जीपी जायसवाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राजेश तिवारी रहे।

### मतदान कर्मी किसी भी प्रकार का आतिथ्य स्वीकार न करें

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष और त्रुटिहीन संपन्न कराने के लिए सोमवार को मेडिकल कॉलेज सभागार में हल्द्वानी ब्लॉक के सेक्टर-जोनल मजिस्ट्रेट, पीठासीन एवं मतदान अधिकारी (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ) को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 1085 लोगों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों एवं पीठासीन अधिकारियों के साथ समन्वय बनाएंगे। उन्होंने सभी कर्मियों को आरओ, एआरओ एवं पीठासीन अधिकारियों से संपर्क में रहने के निर्देश दिए। साथ ही कि किसी प्रकार का आतिथ्य स्वीकार न करें और समय से मतदान केंद्र पर पहुंचें। किसी भी समस्या पर तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचित करें। मास्टर ट्रेनर ने मतपेटी सीलिंग, मतपत्र लेखा, टेंडर वोट, अभिकर्ता नियुक्ति, मतदान केंद्र की व्यवस्थाएं, मतदान पर्ची और मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। पोलिंग पार्टियों की रवानगी, मतदान प्रारंभ, मतदान प्रगति की प्रति घंटे रिपोर्टिंग और मतदान समाप्ति की रिपोर्ट समय पर भेजने की जिम्मेदारी के बारे में भी बताया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर एचबी चंद, नोडल मतपेटी अधिकारी राजेंद्र पांडे रहे।

## पुलिस ने दो सटोरियों को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा पुलिस ने दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में लाइन नंबर 18 से खालिद पुत्र ताहिर निवासी लाइन नंबर 18 को रंगेहाथ पकड़ा। उसके पास से 2080 रुपये और सट्टा पर्ची बरामद की गई। दूसरे में स्टालटर हाउस के पास से शकील पुत्र रईश अहमद निवासी इन्द्रानगर को 1460 रुपए और सट्टा पर्ची के साथ दबोच लिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी झुंड के बीच थे और लोगों से सट्टा लगवा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## 4.40 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** काठगोदाम पुलिस ने स्मैक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक एसआई नीतू सिंह ने टीम के साथ गश्त के दौरान कालीचौड़ मंदिर के पास से बलवंत बिष्ट उर्फ बबलू शिकारी पुत्र स्व. नारायण सिंह बिष्ट निवासी पूर्वी खेड़ा चौकी खेड़ा को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 4.40 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।




## बाइक चोर व खरीदार को दबोचा

**हल्द्वानी :** शहर और बेस अस्पताल से बाइक चोरी करने वाला गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने शातिर चोरों के साथ ही चोरी की बाइक खरीदने वाले को भी धर दबोचा है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि पिछले दिनों दो बाइक बेस अस्पताल से और एक नानक स्वीट हाउस के पास से चोरी हुई थी। तीनों मामलों के खुलासे को पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले और चोरों की तलाश करते हुए यूओयू के पास जीतपुर नेगी वाले जंगल से शातिरों को गिरफ्तार किया। चोरी की गई मोटर साइकिल भी बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम आशीष राम उर्फ कांचा पुत्र पप्पू राम निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड 13 राजपुरा और हिमांशु सम्मल पुत्र राजेन्द्र सिंह सम्मल निवासी लछमपुर कुंवरपुर चोरगलिया बताए। पुलिस ने खरीदार हसन को भी गिरफ्तार किया है। तीनों पहले भी जेल जा चुके हैं। टीम में एसआई अनिल कुमार, सिमरन, एएसआई मनमोहन रौतेला, कांस्टेबल सन्तोष बिष्ट, अनिल गिरी व दिनेश नगरकोटी थे। एसएसपी ने टीम को ढाई हजार रुपए इनाम की घोषणा की है।

# राज्य में विकास की नई गाथा लिखी जा रही, बेला उसका हिस्सा : भगत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



जनसभा में विजयी मुद्रा में विधायक बंशीधर भगत, जिपं प्रत्याशी बेला तोलिया व अन्य।

**अमृत विचार :** जिला पंचायत की हॉट सीट रामड़ी आन सिंह पर मुकाबला रोचक हो गया है। विधायक बंशीधर भगत ने बागियों पर हमला बोलते हुए कहा कि बेला की जीत होगी। विपक्षियों की जमानत जब्त हो जाएगी।

सोमवार को विधायक भगत ने जिला पंचायत सीट से भाजपा प्रत्याशी बेला तोलिया के समर्थन में भरतपुर, बचीनगर, पीपलपोखरा, घुनी एवं रामड़ी में जनसभाएं कीं। उन्होंने जनसभाओं में उमड़ी भीड़ को देखते हुए बेला तोलिया की जीत को मजबूती मिलने का दावा किया। वहीं, दीप जोशी के निवास पर हुई सभा में विधायक भगत ने कहा कि बेला तोलिया के जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल में क्षेत्र में करोड़ों की विकास योजनाएं धरातल पर साकार हुईं। क्षेत्र की तस्वीर बदल गई। सड़क, बिजली, पानी, और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनका योगदान जनता भूली नहीं है। जनता भाजपा को अपार समर्थन देते हुए बेला को जिताएगी। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है, बेला तोलिया उस विकास का हिस्सा है। उन्होंने बेला तोलिया के कुल्हाड़ी चुनाव चिह्न को मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जिपं उम्मीदवार बेला तोलिया ने कहा कि रामड़ी आन सिंह सीट का हर मतदाता उनके परिजन की तरह हैं। यहां बुनियादी जरूरतें मुहैया कराने के लिए दर्जनों योजनाएं क्रियान्वित कीं। चुनाव प्रभारी प्रताप बोरा, संयोजक परमवीर पम्मा आदि रहे।

## चोरी के बाद अलमारी के ऊपर तमंचा छोड़ भागे चोर

**हल्द्वानी:** गौलापार कुंवरपुर क्षेत्र में सोमवार को चोरों ने प्रकाश तिवारी के घर को निशाना बना लिया। घटना के वक्त प्रकाश तिवारी, पत्नी के साथ किसी मीटिंग में दिल्ली गए हुए थे। वहीं उनका बेटा हर्षित पास की दुकान में बैठा था।

खुलासा तब हुआ जब शाम 8 बजे जब हर्षित घर लौटा तो घर के ताले टूटे और कमरे अस्त-व्यस्त देखे। तुरंत ही सीसीटीवी खंगाली तो देखा कि दो युवक बाइक से आए, उनमें से एक युवक ने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया और फिर कमरों की अलमारियां तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। जल्दबाजी में चोर एक तमंचा अलमारी के ऊपर रखकर वहीं भूल गया, जिसे अब पुलिस ने बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष पंकज जोशी का कहना है कि चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घर के कमरे से एक तमंचा बरामद किया है जो कि जांच का विषय है।

# लाल निशान मामले में पारदर्शिता बरते प्रशासन

संवाददाता, हल्द्वानी



राजपुरा में सोमवार को लोगों से बात करते विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजपुरा क्षेत्र में कई घरों पर प्रशासन की ओर से लाल निशान लगाए गए हैं, जिससे लोगों में डर और गुस्सा दोनों बढ़ गया है। बिना किसी जानकारी या बातचीत के अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन गया है।

सोमवार को क्षेत्रीय विधायक सुमित हृदयेश ने राजपुरा के प्रभावित मोहल्लों का दौरा किया और लोगों से मुलाकात कर उनकी बातें सुनीं। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि वह इस मुश्किल समय में उनके साथ हैं और जनता की आवाज को हर मंच पर मजबूती से उठाएंगे। विधायक सुमित ने कहा कि किसी भी कार्रवाई से पहले जनता को विश्वास में लेना जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि ऐसे मामलों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरती जाए। कहा कि 1930 के पुराने नक्शे के आधार पर आज के समय में घरों पर कार्रवाई करना सरासर गलत है और इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि वे इस मामले को विधानसभा में भी पूरी ताकत से उठाएंगे। लोगों के जीवन भर की कमाई के बाद मकान बनता और उसे इस तरह से तोड़े जाने की बात कहना गलत है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष हल्द्वानी गोविंद सिंह बिष्ट, त्रिलोक बनौली, पार्षद प्रीति आर्या साहू, पार्षद धर्मवीर एडवोकेट, मलय बिष्ट रहे।

### लाल निशान वाले मकानों को अगस्त तक राहत

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के बाद देवखड़ी, रकसिया, कलसिया नालों के किनारे अतिक्रमण पर लाल निशान लगे आवासीय भवनों के ध्वस्तीकरण को स्थगित कर दिया है। एसडीएम राहुल शाह ने कहा कि मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए मानसून सीजन में कोई भी आवासीय ढांचा नहीं तोड़ा जाएगा। यह निर्णय बारिश के मौसम में लोगों की सुरक्षा और कठिनाईयों को देखते हुए लिया गया है। बता दें कि जिला प्रशासन ने आवास विकास, सुभाष नगर और राजपुरा क्षेत्रों के कई आवासीय भवनों पर अतिक्रमण का नोटिस थमाकर लाल निशान लगाए हैं। इन भवनों का ध्वस्तीकरण होगा। वहीं, प्रशासन की इस कार्यवाही से लोगों में भय और आक्रोश का माहौल था।

# शेरनाले में बही कार, पुलिस ने बचाए पर्यटक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



शेर नाले में फंसे पर्यटकों को रेस्क्यू करती चोरगलिया पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जागेश्वर धाम से दर्शन कर लौट रहे उत्तर प्रदेश के पर्यटक आधी रात बड़े हादसे का शिकार हो गए। रात हुई मूसलधार बारिश से उफान पर आए शेरनाले के बहाव में पर्यटकों की कार बह कर पलट गई और वहां चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची चोरगलिया पुलिस ने अपनी जान की परवाह किए बगैर नाले में छलांग लगा दी और कार में सवार सभी 10 पर्यटकों को तेज बहाव के बीच से सुरक्षित निकाल लिया।

पुलिस के मुताबिक उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के रहने वाले अमन कश्यप, चालक राहुल कश्यप, टीटू दिवाकर, मनीष लोधी, रमेश चन्द्र, चन्द्र सैन, अंकित कटियार, करन लोधी, रोहित कश्यप और अभिमन्यु कुछ दिन पूर्व कार से उत्तराखंड घूमने आए थे। सभी ने रविवार को जागेश्वर धाम में दर्शन किए और फिर वापस लौट रहे थे। रविवार को जमकर बारिश हुई और जब पर्यटक हल्द्वानी-चोरगलिया रोड स्थित शेरनाला के पास पहुंचे तो उसमें पानी कम था। कार चालक ने कार को नाले में उतार दी और जैसे ही कार कुछ आगे पहुंची तो नाले में अचानक पानी बढ़ने लगा और तभी एक तेज बहाव से कार पलट गई। पर्यटक तेज बहाव के बीच कार में फंस गए। इधर, जैसे ही चोरगलिया पुलिस को घटना की सूचना मिली तो थानाध्यक्ष राजेश जोशी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तेज बहाव की परवाह किए बगैर पर्यटकों को बचाने का फैसला लिया और नाले में उतर गए। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने सभी 10 पर्यटकों को नाले से सकुशल बाहर निकाल लिया। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने चोरगलिया पुलिस के हौसले की तारीफ की है।

### इन्होंने जान दांव पर लगाकर बचाए पर्यटक

**हल्द्वानी :** अपनी जान दांव पर लगाकर पर्यटकों की जान बचाने वालों में चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी, हेड कांस्टेबल जगदीश सिंह, कांस्टेबल अकुंश चन्याल, मो. नाजिर, दिनेश लाल और होमगार्ड दिनेश सिंह थे। पुलिस ने सभी को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद उनके परिजनों को सूचित किया। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने लोगों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा, बरसात के दौरान सतर्क और सुरक्षित रहें। नदी-नालों से दूर रहें, बहाव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें और देर रात अनावश्यक यात्रा से बचें।

## कार ने तीन बच्चों को मारी टक्कर

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** अमृत विचार : काठगोदाम पुलिस को दी तहरीर में पश्चिमी खेड़ा गौलापार निवासी चंदन सिंह बिष्ट का कहना है कि उनका बेटा अपने दोस्त 14 वर्षीय बेटा हिमांशु राज और अभय राज पुत्रगण राजीव राज के साथ उनकी खराब मोटर साइकिल लेकर निकला था। वह मोटर साइकिल एक अन्य स्थान पर खड़ा करने के लिए पैदल जा रहे थे कि तभी उत्तर प्रदेश सरकार लिखी एक कार ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया।

घटना में तीनों बुरी तरह घायल हुए। टक्कर की आवाज सुनकर चंदन बाहर निकले तो तीनों बच्चे लहूलुहान हालत में अचेत पड़े थे। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वर्ष 1930 के नक्शे से तो उजड़ जाएगा हल्द्वानी नगर: ललित जोशी

संवाददाता, हल्द्वानी



हल्द्वानी में सोमवार को प्रेस वार्ता करते पूर्व दर्जा मंत्री ललित जोशी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आवास विकास, बमौरी, लालडांठ, राजपुरा आदि क्षेत्रों में लाल निशान लगाने को लेकर कांग्रेस नेता व पूर्व दर्जा मंत्री ललित जोशी ने कहा कि नालों के पास से अतिक्रमण हटाने को प्रशासन एक समान नियम लागू नहीं कर रहा है।

उन्होंने कहा कि नालों के पास कहीं 50 फुट तक निर्माण को अवैध करार दे लाल निशान लगाए गए हैं लेकिन कुछ जगह ऐसी हैं जहां नालों से एकदम सटाकर नक्शे स्वीकृत किए गए हैं। प्रशासन यह दोहरा रवैया क्यों अपना रहा है। कहा कि प्रशासन शहर के तीन नालों की निकासी के लिए साल 1930 के नक्शे को लेकर आई है और यही बात समझ से परे है क्योंकि साल 1930 में तो हल्द्वानी का ज्यादातर हिस्सा जंगल था। कहा कि नालों की समस्या के समाधान के लिए नालों को सामूहिक परियोजना के रूप में उद्गम स्थलों से जोड़कर गौला में मिलाया जाए। इस प्रस्ताव को जमरानी बांध परियोजना में ही शामिल कर दिया जाए। इस दौरान पार्षद प्रीती आर्या, जया कर्नाटक, एनबी कांडपाल आदि मौजूद रहे।

### सरकारी रजिस्ट्रीकृत कॉलोनी है आवास विकास

जोशी ने कहा कि जिस आवास विकास में आज लाल निशान लगाए गए हैं, उस कॉलोनी की स्थापना पूर्व सीएम एनडी तिवारी के समय की गई थी। साल 1970 में जब आवास विकास बनाया गया था तब इसके नक्शे की स्वीकृति पर तत्कालीन कुमाऊं आयुक्त और जिलाधिकारी ने भी हस्ताक्षर किए थे। यह एक सरकारी रजिस्ट्रीकृत कॉलोनी है। ऐसे में यह कहना कि वहां अतिक्रमण है, यह केवल जनता के मन में भय पैदा करना है।

हालात | केंद्र सरकार की योजनाओं पर गांव की सरकारें लगा रहीं पलीता, दशकों से जर्जर झोपड़ी में रहने को मजबूर है बीपीएल परिवार

# पंचायत चुनाव : वोट के बदले मिला दिलासा, नहीं मिला आवास

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



अपनी जर्जर झोपड़ी के बाहर खड़े किशर सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** खादी पहना आदमी नेता बनने के लिए पैरों तक में गिर जाता है और तब आपके वोट के बदले वह ऐसा सब कुछ देने को तैयार हो जाता है, जिसकी मतदाता को जरूरत होती है। वो दिलासा देता है और वोट हासिल कर नेता बन जाता है लेकिन इसके बाद मतदाता नेता के चरणों में नजर आता है। ऐसे ही एक मतदाता हैं किशर सिंह। बेहद दयनीय हालत में परिवार के साथ एक जर्जर झोपड़ी में दशकों से बसर कर रहे किशर ने पक्की छत के लिए किस-किस के आगे नहीं गिड़गिड़ाए, लेकिन गांव की सरकारों ने उनके हक की पक्की छत उन्हें नसीब नहीं होने दी।

स्यूड़ा ग्राम सभा के गजार तोक में रहने वाले किशर सिंह पुत्र स्व.हर सिंह यहां अपनी पत्नी सोनी देवी, पुत्र मानव सिंह, दो बेटियों रक्षा और पायल के अलावा अपनी बीमार वृद्ध मां कमला देवी के साथ रहते हैं। किशर के पास एक झोपड़ी और चंद नाली जमीन है। जर्जर झोपड़ी की टपकती छत बरसात में पूरे परिवार को डराती है। तूफान में तो लगता है कि कहीं झोपड़ी उड़ न जाए। अमृत विचार से हुई खास बातचीत में किशर ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर गरीब को पक्के आवास का भरोसा दिया है। गांव की सरकारों, ब्लाक प्रमुक और विधायक ने उन्हें हर चुनाव से पहले भरोसा तो दिया, लेकिन पक्की छत नहीं दी। आरोप है कि पक्के आवास के कागजों को ग्राम सभा स्तर से आगे ही नहीं भेजा रहा जिससे उन्हें सुविधा नहीं मिल पाई। समाजसेवी मंजू भट्ट ने भी पीड़ित की समस्या सुनी। उन्होंने बताया कि वह ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए आवाज उठाएंगी।

### गर्मी में तपते, बारिश में भीगते, ठंड में कांपते हैं मवेशी

**हल्द्वानी :** जिसके पास अपने और अपने परिवार के लिए मजबूत छत न हो, भला वो अपने मवेशियों के लिए क्या ही कर सकता है। जबकि सरकारी योजनाओं में पक्के आवास के साथ जानवरों के रहने के लिए गौशाला और शौंचालय की सुविधा उपलब्ध है। बावजूद इसके किशर के मवेशी चार लकड़ियों पर खड़ी पॉलीथिन की छत के नीचे रहते हैं और इस गौशाला की दीवारें भी नहीं हैं। गर्मी के मौसम में ये मवेशी धूप में तपते हैं, बारिश में भीगते हैं और ठंड की रातों में कंपकंपाते हैं।

### किसी को दो बार मिला इंदिरा आवास, किसी को मिट्टी भी नहीं

**हल्द्वानी :** जिसके पास अपने और अपने परिवार के लिए मजबूत छत न हो, भला वो अपने मवेशियों के लिए क्या ही कर सकता है। जबकि सरकारी योजनाओं में पक्के आवास के साथ जानवरों के रहने के लिए गौशाला और शौंचालय की सुविधा उपलब्ध है। बावजूद इसके किशर के मवेशी चार लकड़ियों पर खड़ी पॉलीथिन की छत के नीचे रहते हैं और इस गौशाला की दीवारें भी नहीं हैं। गर्मी के मौसम में ये मवेशी धूप में तपते हैं, बारिश में भीगते हैं और ठंड की रातों में कंपकंपाते हैं।

# घंटों बिजली गुल, दो लाख से अधिक उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सोमवार की शाम जिले के मैदानी क्षेत्रों हल्द्वानी, लालकुआं और रामनगर में अचानक बिजली गुल हो जाने से दो लाख से अधिक उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विभाग ने बताया कि यह आपातकालीन रोस्टिंग थी, जो बिजली उत्पादन में गिरावट के कारण की गई।

सोमवार शाम करीब 6 बजे से इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही और चार घंटे से अधिक समय तक उपभोक्ता अंधेरे में रहे। उमस भरी गर्मी में बिजली की कटौती से लोग बेहाल हो उठे। बिजली संकट की वजह लगातार हो रही बारिश बताई जा रही है। भारी वर्षा के कारण नदियों में सिल्ट (गाद) बढ़ गई है, जिससे उत्तराखंड जल विद्युत निगम की विद्युत उत्पादन क्षमता पर असर पड़ा है। उधर इस संबंध में पिटकुल के अधिशासी अभियंता पंकज ने बताया कि भारी बारिश के कारण नदियों में सिल्ट बढ़ने से जल विद्युत उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उत्तराखंड जल विद्युत निगम के कई पावर हाउस निर्धारित क्षमता से काफी कम उत्पादन कर पा रहे हैं। इससे राज्य को मिलने वाली बिजली की आपूर्ति में भारी कमी आई है। इसी वजह से नैनीताल जिले के मैदानी क्षेत्रों में इमरजेंसी रोस्टिंग करनी पड़ी।

## इज्तिमा में हज की इबादतों को बरकरार रखने का आह्वान

**जसपुर :** दावत-ए-इस्लामी के मुबल्लिगों ने हाजियों के लिए इस्तकबाल-ए-हज के इज्तिमा का आयोजन किया। उन्होंने हज में पढ़ी गई नमाज और इबादतों को यहां भी पाबंदी से अदा करने का आह्वान किया। फैजान-ए-रमजान मस्जिद में आयोजित कार्यक्रम में हाजियों का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें हज की याद ताजा कराकर पुन : हज के सफर के लिए जागरूक किया। दावत-ए-इस्लामी हज व उमरा के रीजनल निगरा हाजी साजिद हुसैन अत्तारी ने कहा कि जो लोग मदीना शरीफ जाने की ताकत रखते हैं उन्हें जल्द से जल्द मदीना देख लेना चाहिए। इस दौरान हाजी तस्लीम अहमद, हाजी मो .राशिद, मसरूर आलम आदि मौजूद रहे।

HINDUJA HOUSING FINANCE

## हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी-263132

आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम- हरिश चंद यादव, 7060411785, सीएलएम- श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम- अनिल कुमार, 9927028507

### सांकेतिक कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UP/UDA/RUDR/A000000246 सुश्री बयंत कौर और श्री अरमिंदर सिंह, दोनों: मकान सं. 22 ग्राम सैदनगा, सैदनगर मुंडिया मत खरेरा, रामपुर, ग्रामीण, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत – 244921 | 22-04-2025 / 18-07-2025 सांकेतिक | ₹ 14,93,384 दिनांक 18-02-2025 तक + ब्याज इत्यादि | वार्ड सं. 09 ज्ञान विहार कॉलोनी, गदरपुर, ग्रामीण, गदरपुर, उत्तराखंड, भारत - 263152, सीमाः उत्तर - निशा रानी की संपत्ति, दक्षिण - निशा रानी की संपत्ति, पूर्व - सड़क, पश्चिम - अन्य की भूमि |
| 2 | UP/UDA/RUDR/A000000260 श्री जसवन्त सिंह और श्रीमती अकविंदर कौर, दोनों: धूमखेरा नानकमत्ता, 2, नानकमत्ता, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262311 | 22-04-2025 / 18-07-2025 सांकेतिक | ₹ 14,05,371 दिनांक 08-04-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खाता सं. 27, गांव धूमखेड़ा, धूमखेड़ा, नानकमत्ता, अयान एग्रो फार्म, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, 262311, सीमाः उत्तर - दाता की भूमि, दक्षिण - दाता की भूमि पूर्व - गुरुचरण सिंह का एच, पश्चिम -12 फीट रोड |
| 3 | UP/HDW/KTMA/A000000144 श्री लखविंदर सिंह और श्रीमती कुलविंदर कौर, दोनों: हरैया नानकमत्ता, 0, हरैया, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262311 | 12-03-2025 / 18-07-2025 सांकेतिक | ₹ 15,05,784 दिनांक 12-03-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खाता सं. 22, खेत सं. 117/4/2 मीम, हरैया नानकमत्ता यूएस नगर, हरैया, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262311 सीमाः उत्तर -दाता की भूमि, दक्षिण -12 फीट रोड पूर्व -दाता की भूमि डब्ल्यू12 फीट रोड |
| 4 | UP/UDA/RUDR/A000000128 श्री तरूण विश्वास एवं श्रीमती शीला विश्वास, दोनों: श्रीमती शीला विश्वास इटोवा, नानकमत्ता, नानकमत्ता, नानकमत्ता, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262311 | 12-03-2025 / 18-07-2025 सांकेतिक | ₹ 14,77,945 दिनांक 12-03-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खेत सं. 10, एनए, ग्राम ददाहा, एनए, यूएस नगर, एस एच अस्पताल, सितारगंज, उत्तराखंड, 262405 परिसीमाः उत्तर -विशाल का प्लॉट, दक्षिण -गीता का प्लॉट पूर्व -अन्य संपत्ति, पश्चिम -25 फ़ीट सड़क |
| 5 | UP/UDA/RUDR/A000000067 श्री चरण सिंह और श्रीमती पूनम पूनम, दोनों: बारा, सितारगंज, सितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 263148 | 23-10-2024 / 18-07-2025 सांकेतिक | ₹ 24,57,128 दिनांक 21-10-2024 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा सं. 797, एनए, ग्राम बारा, सितारगंज रोड और अजीत गंज रोड, यूएस नगर, शिव मंदिर और ट्रांस पूर्व चौराहा, किच्छा, उत्तराखंड, 263148, प्लॉट क्षेत्र- 1852, सीमाएं: उत्तर = कृष्ण पाल का मकान, दक्षिण = हरीश का मकान, पूर्व = 11 फ़ीट 3 इंच सड़क, पश्चिम = गली 5 फ़ीट 3 इंच |
| 6 | UP/UDA/GADA/A000000029 श्री परमजीत सिंह और श्रीमती मनदीप कौर, दोनों: काशीपुर, वसाली कॉलोनी, वसाली कॉलोनी, ग्रामीण, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713 | 21-11-2024 / 18-07-2025 सांकेतिक | ₹ 9,33,084 दिनांक 12-11-2024 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा सं. 384 मिन, एनए, ग्राम उज्जैन, चौती रोड, यूएस नगर, चौती मंदिर, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713 वर्गफुट-1008 सीमाः उत्तर -10 फ़ीट रोड, दक्षिण- राधेश्याम सैनी का मकान, पूर्व-मकान बलराज कौर, पश्चिम-सचिन कंबोज का मकान |
| 7 | UP/HDW/STGJ/A000000176 &UP/HDW/KTMA/A000000140 श्री दीपक कुमार और श्रीमती अनीता विश्वास, दोनों: जंगल जोगीठेर, खटीमा, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262308 | 02-01-2025 / 18-07-2025 SYMBOLIC | ₹ 12,95,297 दिनांक 25-12-2024 तक + ब्याज इत्यादि | खाता सं. 003, एनए, ग्राम- जंगल जोगीठेर, प्रतापपुर, नानकसागर, तहसील- खटीमा, राइस मिल, सितारगंज, उत्तराखंड, 262308 परिसीमाः उत्तर - मीरा का प्लॉट, दक्षिण - कालीचरण मंडल का मकान - पूर्व - अन्य संपत्ति चौडी 12 फ़ीट रोड |
| 8 | UP/HDW/KTMA/A000000078 श्री गुरमेज सिंह और श्रीमती सुनीता कौर, दोनों: पचपेरा खटीमा, खटीमा, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262308 | 01-02-2025 / 18-07-2025 सांकेतिक | ₹ 21,98,492 दिनांक 28-01-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा सं. 69 मि. पचपेरा नानकमत्ता यू.एस. नगर, नानकमत्ता, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262308, सीमाबद्धः उत्तर -विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण -15 फ़ीट रोड पूर्व -कश्मीरी सिंह की भूमि - देवीदत्त की भूमि |
| 9 | UP/UDA/RUDR/A000000195, श्री अनुभव सिंह और श्री ब्रिजेश कुमार, दोनों, मकान सं. 44 तीन पानी बांध, 1, फुलसुंगा रुद्रपुर, तीन पानी बांध, ग्रामीण, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263153 | 12-03-2025 / 16-07-2025 सांकेतिक | ₹ 14,84,335 दिनांक 12-03-2025 तक + ब्याज इत्यादि | सं. 79 का पूर्वी हिस्सा, एनए, मारुति कुंज कॉलोनी, गंगापुर रोड फुलसुंगी, यूएस नगर, सुपर गैस गोदाम और क,लोनी मंदिर, रुद्रपुर, उत्तराखंड, 263153 की सीमाएं: उत्तर - सड़क 25 फ़ीट, दक्षिण - प्लॉट सं. 78 पूर्व - सड़क 20 फ़ीट, पश्चिम - उसी प्लॉट सं. 79 का बाकी हिस्सा |
| 10 | UP/HDW/RDRP/A000000422 श्री नीरज मैसी और श्रीमती सपना मैसी, दोनों: डी-15, गली सं. 7, सिंह कॉलोनी रामपुरा देहात रुद्रपुर, रुद्रपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263153 | 12-03-2025 / 16-07-2025 सांकेतिक | ₹ 16,07,343 दिनांक 12-03-2025 तक + ब्याज इत्यादि | 1, खेत सं. 63/1 मिन, ग्रीन व्यू सिटी, बिघवारा, रुद्रपुर-किच्छा रोड, रुद्रपुर, पुलिस स्टेशन-रुद्रपुर, यू. एस.नगर, उत्तराखंड, ग्रीन व्यू सिटी, सेलेक्ट उत्तराखंड, 263153, सीमाः उत्तर -कुलजीत कौर का प्ल,ट, दक्षिण -अन्य संपत्ति पूर्व -सड़क, पश्चिम -कुंदन सिंह का मकान |
| 11 | UP/UDA/RUDR/A000000049 श्री शाहिद खान और श्रीमती निशा बी, दोनों, इस्लाम नगर वार्ड सं. 5, किच्छा, सेमीअर्बन, किच्छा, उत्तराखंड, भारत – 263148 | 12-03-2025 / 16-07-2025 सांकेतिक | ₹ 7,60,271 दिनांक 12-03-2025 तक + ब्याज इत्यादि | चक संख्या 102, गाटा संख्या 199/3 मिन, बंदिया, वार्ड संख्या 4, यू.एस.नगर, भारद्वाज पब्लिक स्कूल, किच्छा, उत्तराखंड, 263148 परिसीमाः उत्तर -योगेश चंद्र पाठक की संपत्ति, दक्षिण -योगेश चंद्र पाठक की संपत्ति पूर्व -अन्य संपत्ति, पश्चिम -10 फ़ीट रोड |
| 12 | UP/HDW/KTMA/A000000084 श्री सतविंदर सिंह और श्रीमती स्वर्ण कौर, दोनों: खमरिया उधम सिंह नगर, खमरिया, ग्रामीण, उदमसिंह नगर, उत्तराखंड, भारत – 262311 | 27-12-2024 / 18-07-2025 सांकेतिक | ₹ 20,66,669 दिनांक 25-12-2024 तक + ब्याज इत्यादि | खाता सं. 20, एनए, ग्राम विधुइया, खमरिया, नानकमत्ता, यू.एस.नगर, केनरा बैंक खमरिया, सितारगंज, उत्तराखंड, 262311 सीमा इस प्रकार है: उत्तर -अन्य संपत्ति, दक्षिण -16 फ़ीट सड़क, पूर्व -बगीचा सिंह के मकान, पश्चिम -कुलवीर सिंह के मकान |
| 13 | UP/HDW/KTMA/A000000155 श्री अजीत सिंह और श्रीमती सर्वजीत कौर, दोनों: सिसौना बरुआ बाग, 0, बरुआ बाग, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405 | 12-03-2025 / 16-07-2025 सांकेतिक | ₹ 9,14,238 दिनांक 12-03-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा नं. 887/1 मिन, सिसौना बरुआ बाग सितारगंज यू एस नगर, बरुआ बाग, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत-262405 परिसीमाः उत्तर -अन्य संपत्ति, दक्षिण -14 फ़ीट रोड, पूर्व - दीक्षा राणा का मकान, पश्चिम - अशोक कुमार का प्लॉट |
| 14 | UP/HDW/RDRP/A000000531 श्री फैजान खान और श्रीमती शन्नो शन्नो, दोनों: वार्ड सं. 6, भूत बंगला, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, रुद्रपुर, ग्रामीण, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263153 | 27-12-2024 / 17-07-2025 सांकेतिक | ₹ 16,29,801 दिनांक 25-12-2024 तक + ब्याज इत्यादि | गाटा संख्या 242/2, एनए, एनए, ग्राम डिबडिबा चीमा कॉलोनी, बिलासपुर, रेलवे स्टेशन के पास, रामपुर, उत्तर प्रदेश, 244921 परिसीमाः उत्तर - बृज मोहन का घर, दक्षिण -खाली प्लॉट पूर्व -नाला, पश्चिम -30 फ़ीट रोड |
| 15 | UP/HDW/HDWN/A000000358 श्री मंजू देवी और श्री जगदीश सिंह राठौड़, दोनों: दमुआढुंगा कैनाल रोड काठगोदाम हल्द्वानी, हल्द्वानी, सेमीअर्बन, हल्द्वानी, उत्तराखंड, भारत – 263139 | 27-12-2024 / 19-07-2025 सांकेतिक | ₹ 12,08,719 दिनांक 25-12-2024 तक + ब्याज इत्यादि | 1, खसरा नं. 179 मिन, दमुआढुंगा, बंदोबस्ती, कैनाल रोड, काठगोदाम, हल्द्वानी, उत्तराखंड 263139, परिसीमाः उत्तर-सड़क, दक्षिण-सड़क, पूर्व-गिरि जी का घर, पश्चिम-अन्य संपत्ति |
| 16 | UP/HDW/KTMA/A000000081 & UP/UDA/RUDR/A000000212 श्री पुरूषोत्तम सिंह और श्रीमती बंती देवी, दोनों: धूसारी नानकमत्ता, सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262311 | 12-03-2025 / 16-07-2025 सांकेतिक | ₹ 23,43,915 दिनांक 12-03-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खाता नं. 85, एनए, ग्राम पूरनगढ़, उपतहसील- नानकमत्ता, यू.एस.नगर, मंडी नानकमत्ता, सितारगंज, उत्तराखंड, 262311 सीमाः उत्तर -12 फ़ीट रोड, दक्षिण -बाबू राम के मकान पूर्व -पवन कुमार राणा (विक्रेता) की संपत्ति, पश्चिम -20 फ़ीट रोड |
| 17 | UP/UDA/RUDR/A000000311 श्री जशनप्रीत सिंह और श्रीमती सुखवीर कौर, दोनों: चंदनपुरा, चंदनपुरा, गदरपुर, ग्रामीण, गदरपुर, उत्तराखंड, भारत – 263152 | 12-03-2025 / 18-07-2025 सांकेतिक | ₹ 14,11,053 दिनांक 12-03-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खाता नं.-00010, खेत नं.-14 मिनट, गांव चंदनपुरा तहसील बाजपुर, उधम सिंह नगर, गदरपुर उधम सिंह नगर, ग्रामीण, गदरपुर, उत्तराखंड, भारत - 263152, सीमाएं: उत्तर - चंद्रपाल सिंह का मकान, दक्षिण - 11 फ़ीट रोड, पूर्व- संतोख सिंह का मकान, पश्चिम -15 फ़ीट रोड |
| 18 | UP/HDW/KTMA/A000000020 श्री सलमान मलिक और श्री आजमी बेगम, दोनों: मोहल्ला गोविंद नगर, गुप्ता हॉस्पिटल के पास, बंदिया किच्छा, किच्छा, सेमीअर्बन, किच्छा, उत्तराखंड, भारत – 263148 | 22-04-2025 / 19-07-2025 सांकेतिक | ₹ 12,14,851 दिनांक 08-04-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खेत नं. 248/1 बंदिया वार्ड नं. -4 किच्छा उधम सिंह नगर, सीमाएं: उत्तर -इफ्तिखारुल हक का मकान, दक्षिण -इफ्तिखारुल हक का प्लॉट पूर्व -गली 3 मीटर चौड़ा, पश्चिम-जायदा बेगम का घर |
| 19 | UP/UDA/GADA/A000000049 श्री रईस अहमद और श्रीमती नरगिश नरगिश, दोनों: खसरा सं. 402 मिस्सरवाला, 00, मिस्सरवाला कुंडा, कुंडा, ग्रामीण, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713 | 22-04-2025 / 16-07-2025 सांकेतिक | ₹ 10,25,521 दिनांक 08-04-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा संख्या 402 मिस्सरवाला, 00, मिस्सरवाला कुंडा, कुंडा, ग्रामीण, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत - 244713 परिसीमाः उत्तर -अन्य संपत्ति, दक्षिण -अन्य सम्पत्ति पूर्व -सड़क 6 फिट, पश्चिम -अन्य सम्पत्ति |
| 20 | UP/HDW/KSHP/A000000126&CO/CPC/CPOF/A000003744 श्री गुलाम मुस्तफा और श्रीमती हलीमा बेगम, दोनों: फरीदनगर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद, मोरादाबाद, सेमीअर्बन, ठाकुरद्वारा, उत्तर प्रदेश, भारत – 244601 | 13-11-2024 / 19-07-2025 सांकेतिक | ₹ 28,38,225 दिनांक 12-11-2024 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा नं. 656/3, वाके मौजा- सरीफनगर, तहसील- ठाकुरद्वारा, जिला-मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, मौजा- सरीफनगर, तहसील- ठाकुरद्वारा, जिला-मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, 244602, सरकार के पास प्राइमरी स्कूल, काशीपुर, उत्तराखंड प्लॉट क्षेत्र 1270,, की सीमा इस प्रकार है: उत्तर = अन्य व्यक्ति का प्लॉट, दक्षिण = अन्य व्यक्ति का प्लॉट, पूर्व = सड़क 18 फ़ीट चौड़ी, पश्चिम = अन्य व्यक्ति का प्लॉट |

दिनांक : 21-07-2025, स्थान : हल्द्वानी
प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

# मतदान कार्मिकों की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण

## 970 कार्मिकों को दी गई त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की जानकारी, जिलाधिकारी के आदेश पर दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर डीएम के आदेश पर पंतनगर स्थित हॉल में द्वितीय सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इसमें बाजपुर ब्लॉक के 970 कर्मियों ने प्रतिभाग किया और मास्टर ट्रेनर एमएनए नरेश दुर्गापाल, शिक्षक हरीश दनाई, संजीव बुधोरी, प्रभुदयाल ममगाई ने जानकारी दी।

इस दौरान रिटर्निंग ऑफीसर बाजपुर डॉ. आशुतोष जोशी ने कहा कि मतदान निर्वाचन का महत्वपूर्ण चरण होता है। इसमें मतदान कार्मिकों की अतिमहत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए सभी मतदान अधिकारी अच्छी तरह व गहनता से प्रशिक्षण लें व टीम भावना से कार्य करते हुए निर्विघ्न, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत, ग्राम प्रधान व वार्ड सदस्य कुल चार पदों पर मतदान होना है इसलिए सावधानी से कार्य करते हुए मतदान प्रक्रिया को समाप्त कराएं।

मास्टर ट्रेनर नरेश चन्द्र दुर्गापाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि मतदान स्थल पर स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराना पीठासीन व मतदान अधिकारियों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारियों को प्रदत्त अधिकारों एवं उनके कर्तव्यों का उल्लेख पीठासीन हस्तपुस्तिका में विस्तार से दिया गया है इसलिए पीठासीन अधिकारी हस्तपुस्तिका का भलीभांति अध्ययन कर लें और प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए गहनता से लें, जो भी शंका हो उसका समाधान करें। ताकि मतदान के दौरान किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सीईओ के एस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा सहित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।



मतदान प्रशिक्षण में मतपेटियों की जानकारी देते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

### मटर पनीर बांट कर मतदाताओं को लुभा रहे प्रत्याशी

**काशीपुर :** पंचायत चुनावों के बीच सावन का महीना आने के चलते वोटरों को लुभाने के लिये प्रत्याशी मटर, पनीर, जलेबी और मिठाई की जमकर दावत दे रहे हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से ही प्रत्याशी मैदान में सक्रिय नजर आने लगे थे। काशीपुर विकासखंड में कुल 69668 मतदाता हैं। इनमें पुरुष 35999 और महिला वोटरों की संख्या 33669 है। ऐसे में प्रत्याशी सभी का ध्यान रखने में जुटे हैं। क्षेत्र में कुल प्रधान पद के 34, बीडीसी के 33 और पंचायत सदस्य के 350 पदों के लिए लड़ाई छिड़ी है। हर कोई नई तरकीब से मतदाताओं को रिझाने में जुटा है। इसी के चलते कई ग्रामीण क्षेत्रों में पनीर, मटर, जलेबी व शराब बांटने की बातें चर्चाओं में हैं। प्रत्याशी लोगों के घरों तक सामान पहुंचा रहे हैं। चुनावी मैदान में प्रत्याशी हर दांव-पेच लगाकर जीतना चाहते हैं। ऐसे में मतदाताओं की छोटी-छोटी जरूरतों का भी ध्यान रखा जा रहा है। इसी के चलते जमकर शराब और पैसा भी बहाया जा रहा है।

# ग्रामीणों ने किया पंचायत चुनाव का बहिष्कार

संवाददाता, बाजपुर

- कुकरेटा के ग्रामीणों ने 'रोड नहीं तो वोट नहीं'... के नारे लगाए

**अमृत विचार:** बरहैनी एवं नैनीताल स्टेट हाईवे से जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण न होने से नाराज ग्राम कुकरेटा के ग्रामीणों ने इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप रैली निकालकर 'रोड नहीं तो वोट नहीं'... के नारे लगाए। साथ ही शासन-प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की।

सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव में टूटी सड़क के पास एकत्र हुए और वहां से जुलूस की शक्ल में 'रोड नहीं तो वोट नहीं'... के नारे लगाते हुए बरहैनी मुख्यमार्ग तक पहुंचे। उनका कहना था कि नैनीताल हाईवे से हमारे गांव को जाने वाला रोड बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। जिसके चलते स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को आवागमन में बहुत बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में तो समस्या और भी विकराल रूप धारण कर लेती है। ग्रामीण स्थानीय से लेकर बड़े जनप्रतिनिधियों एवं शासन-प्रशासन में गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई है। हर तरफ से निराशा हाथ लगने के चलते ग्रामीणों ने बड़ी सोच-समझ कर इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के बहिष्कार का निर्णय लिया है। कहा कि उनकी समस्या का समाधान न हुआ तो वह आगे भी किसी चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर कैप्टन नरेंद्र सिंह सौरागी, दान सिंह राठौर, नरेंद्र सिंह कुंवर आदि मौजूद रहे।

## भाजपा नगर मंडल के कार्यालय का शुभारंभ किया

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष ने भाजपा के नगर मंडल कार्यालय का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव में पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को जिताने का आह्वान किया।

राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय कुमार रूहेला पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौहान के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां पार्टी के काशीपुर जिलाध्यक्ष मनोज के साथ कार्यालय का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि काशीपुर जिले में जिला पंचायत सदस्य की 17 सीटें हैं। दो सीट छोड़कर सभी जगह पार्टी समर्थित प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें लगभग 12 सीटों पर पार्टी समर्थित प्रत्याशियों की जीत पक्की है। इस मौके पर डॉ. एमपी सिंह, राजीव चौहान, नीलकमल, ललित शर्मा, गौरव प्रजापति, खूब सिंह आदि मौजूद रहे।

# पैरों में गोली मारकर दो गौ तस्कर दबोचे

- दोनों सगे भाई हैं, पिपलिया मोड़ पर गाय काटने की कर रहे थे तैयारी

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में गौकशी करने की तैयारी कर रहे तस्करों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में दो तस्करों के पैर में गोली लगने से दोनों तस्कर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए किच्छा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया है। घटना की सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा भी सरकारी अस्पताल पहुंच गए और तस्करों से पूछताछ की। इस दौरान पुलिस ने तस्करों के कब्जे से एक गाय को भी बरामद कर लिया है।

सोमवार की देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि पिपलिया मोड़ पर गौ तस्करों द्वारा एक गाय को काटने की तैयारी की जा रही है। घटना की सूचना पर पुलभट्टा, किच्छा, सितारगंज, दिनेशपुर, पंतनगर पुलिस की टीम ने मौके पर घेराबंदी कर तस्करों को पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस के पहुंचने की सूचना पर तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो तस्करों के पैर में गोली लगने से दोनों तस्कर घायल हो गए और पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। फिलहाल दोनों घायलों को पुलिस टीम द्वारा इलाज के लिए किच्छा के सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस की पूछताछ में दोनों तस्करों ने अपना नाम पता चार बीघा, सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी कफील पठान एवं अजीम पठान बताया। बताया जा रहा है कि दोनों तस्कर सगे भाई हैं। घटना की सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा सरकारी अस्पताल पहुंच गए और गौ तस्करों से पूछताछ की। एसएसपी मिश्रा के सामने दोनों तस्कर हाथ जोड़कर माफी मांगते नजर आए। फिलहाल पुलिस द्वारा दोनों तस्करों से पूछताछ की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि विगत शुक्रवार को किच्छा के सुभाष कॉलोनी में गोवंशीय पशु की हत्या कर मौके से फरार होने वाले तस्कर पकड़े गए तस्करों के साथी अथवा दोनों तस्कर घटना में शामिल हो सकते हैं। चार दिन पूर्व सुभाष नगर क्षेत्र में स्थानीय लोगों के पहुंचने के बाद गौ तस्कर मौके से फरार हो गए थे और स्थानीय लोगों एवं पुलिस द्वारा मौके से 154 किलो गौमांस सहित एक खाल एवं गोवंश पशु का एक कटा हुआ सिर बरामद कर लिया था। सावन के पवित्र महीने में गोवंशीय पशु की हत्या किए जाने की सूचना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा जमकर हंगामा करते हुए गौ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की थी।



किच्छा में एसएसपी मणिकांत मिश्रा के सामने माफी मांगते दोनों तस्कर। ● अमृत विचार

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

### सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम महेश चन्द्र (Mahesh Chandra) से बदलकर महेश चन्द्र पनेरू (Mahesh Chandra Paneru) कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **महेश चन्द्र पनेरू पुत्र श्री हंसा दत्त निवासी पंचायत घर, देवलचौड़, बन्दोबस्ती, हल्द्वानी (नैनीताल)**

समन वास्ते प्रस्तुत करने वादोत्तर व विवाद्क अभिचरन हेतु
(मोटर अधिनियम की धारा-166 के अन्तर्गत)

### न्यायालय मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधीकरण, जिला रामपुर

मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिका सं०-113/2022
सोनू सैनी बनाम जावेद आलम आदि

सम्मन बनाम तापस मण्डल पुत्र तुलसी मण्डल निवासी नेताजीनगर, वार्ड नं०-7 दिनेशपुर, पोस्ट दिनेशपुर, बुक्सौरा, उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड-263160

**प्रकाशन हेतु सम्मन**

चूंकि उपरनामांकित याचीगण द्वारा एक मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिका आपके विरूद्ध न्यायालय में प्रस्तुत की गई है। अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप निम्न नियत दिनांक पर न्यायालय में प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर अपना जवाब/प्रतिवाद पत्र प्रस्तुत करें तथा वे समस्त कागजात प्रस्तुत करें जो कि आपके वादोत्तर समर्थन में हो।
आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत दिनांक पर उपस्थित नहीं होते हैं तो आपकी अनुपस्थिति में नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।
प्रतिवाद पत्र प्रस्तुत करने एवं विवाद्क अभिचरन का दिनांक - 25-07-2025
आज न्यायालय की आज्ञानुसार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक 01/7/25 को जारी किया गया।

न्यायालय मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधीकरण, जिला रामपुर



जसपुर में राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बरसात के बाद जसपुर महोत्सव के कार्यक्रम में आएंगे मुख्यमंत्री

**जसपुर, अमृत विचार :** राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय कुमार रूहेला ने कहा कि बरसात के बाद जसपुर महोत्सव कार्यक्रम किए जाने की योजना है। पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मुख्यमंत्री से समय लेने में जुटे हैं। मुख्यमंत्री की मंजूरी मिलते ही जसपुर में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जानी है। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह के कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के सहयोग से जसपुर में नगर पालिका परिषद के नए भवन एवं महुआडाबरा में एफएम रेडियो स्टेशन की स्थापना की गई है। दोनों योजनाओं का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। इन दोनों योजनाओं समेत लगभग सौ करोड़ की सभी योजनाओं का मुख्यमंत्री से लोकार्पण एवं शिलान्यास कराए जाने की योजना है। इसके अलावा कार्यक्रम में बहुउद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा कैंप भी लगाया जाएगा। कार्यक्रम को धरातल पर उतारने के लिए जिलाध्यक्ष मनोज पाल समेत पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता खाका तैयार करने में लगे हैं। भाजपाइयों ने राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष का यहां पहुंचने पर स्वागत किया। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह चौहान, हाजी राशिद हुसैन, विशाल कश्यप, महाराज सिंह, अनिता, सूर्या आदि मौजूद रहे।



जसपुर में पुलिस टीम को सम्मानित करते व्यापारी।

### जसपुर में उचक्के को पकड़ने वाली पुलिस टीम को व्यापारियों ने किया सम्मानित

**जसपुर :** व्यापारियों ने पुलिस टीम को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। टीम ने एक उचक्के को घटना के पांच घंटे बाद ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी सोमवार को व्यापारियों के साथ कोतवाली में एकत्र हुए। उन्होंने यहां प्रभारी कोतवाल जावेद मलिक, एसआई इंदर सिंह ढेला, एसआई हरीश आर्य, सिपाही अरुण कुमार एवं विनय राठी को अंगवस्त्र एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। अध्यक्ष हरिओम सिंह ने बताया कि बाजार में सामान खरीदने आई एक महिला का पर्स छीनकर एक उचक्का फरार हो गया था। पुलिस ने घटना के पांच घंटे बाद ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से पर्स बरामद किया था। पुलिस की इस कार्रवाई व्यापारियों समेत ग्राहकों में खुशी है। इस मौके पर त्रिलोक अरोरा, अर्पित रस्तोगी, आलोक जैन, समीर परवेज, दीपक अरोरा आदि मौजूद रहे।

# रामलीला कमेटी के अशोक कालड़ा बने अध्यक्ष

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्रि पर होने वाली रामलीला मंचन के लिए सार्वजनिक रामलीला कमेटी के सर्वसहमति से अशोक कालड़ा अध्यक्ष, अजय मिश्रा व राकेश बाठला महामंत्री, मांगेराम शर्मा कोषाध्यक्ष चुने गए। सर्वसहमति से कमेटी के गठन पर जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों ने निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी।

सोमवार को भगवती मंदिर में आयोजित रामलीला कमेटी के सदस्यों की बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष योगेश मिगलानी ने पिछली बार हुए लीला मंचन का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने निवर्तमान कमेटी को भंग किया। रामलीला कमेटी के संरक्षकों ने काफी मंथन के बाद से सर्वसहमति से अशोक कालड़ा का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया गया। जिसे बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने जयश्री राम जय जयकारों व तालियों की गड़गड़ाहट से पासकर समर्थन दिया।

वरिष्ठ संरक्षक व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी ने कहा कि विगत 15 वर्षों से रामलीला का मंचन आपसी सौहार्द के साथ हो रहा है। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, रामलीला कमेडी पूर्वअध्यक्ष तरुण कुमार सिंह, केके गावा, अशोक अरोरा, व्यापारी नेता भोला शर्मा, दीपक मक्कड़, पूर्व सभासद सत्यजीत विश्वास, सतीश राजपाल, गोपाल चक्रवर्ती, पंकज गोयल, अमित मक्कड़, विजय जलहौत्रा, राजेंद्र मिश्रा, शिवम शर्मा, दीपक चावला, गगन शर्मा, चेतन सुखीजा मौजूद रहे।



दिनेशपुर में रामलीला कमेटी अध्यक्ष अशोक कालड़ा का स्वागत करते कमेटी।

ब्रीफ न्यूज

### दबंगों ने किया परिवार पर हमला

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप में दबंगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया और एक किशोर को भी घायल कर दिया। पुलिस ने अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वार्ड 11 ट्रांजिट कैम्प निवासी हीरा मोहन राय ने बताया कि वह संजय नगर खेड़ा में रहने वाले अपने भाई के साथ रहता है। 21 मई की रात्रि दस बजे राजू मल्लिक, मानवेन्दर राय, मुकेश मंडल, तपन मंडल, सिद्धार्थ मल्लिक निवासी वार्ड-11 संजयनगर अपने हाथों में डंडे, हॉकी आदि लेकर घर में घुस आए और अभद्रता करते हुए हमला शुरू कर दिया। आरोपियों ने परिवार को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया, जब बेटे को भी लहूलुहान कर दिया। आनन-फानन में घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा हुई लापता

**काशीपुर :** एक वृद्धा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला के पुत्र ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। रुद्राक्ष गार्डन गढ़वाल सभा निवासी महीपाल सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनकी माता भून्दा देवी (86) रविवार सुबह घर से बिना किसी को कुछ बताये कहीं चली गयी। उन्होंने अपनी माता को हर संभावित जगह ढूंढ लिया, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने वृद्धा की तलाश शुरू कर दी है।

### तमंचा व कारतूस के साथ दबोचा युवक

**सितारगंज :** तहसील क्षेत्र के सरकड़ा क्षेत्र में पंचायत चुनाव की शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु गश्त कर रही पुलिस टीम ने मलपुरी गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर एक युवक को गिरफ्तार किया, जो सुनसान स्थान पर आड़ में खड़ा होकर वारदात की फिराक में था। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर युवक के पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान गगनदीप सिंह निवासी ग्राम डडा फार्म, सितारगंज के रूप में हुई। पूछताछ में उसने लूटपाट की नीयत से छिपे होने की बात स्वीकार की।

### हादसे में दो लोग घायल

**काशीपुर :** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। ग्राम ढकिया निवासी लक्ष्मी और पीरूमदारा निवासी तेज सिंह सड़क हादसे में घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

# विद्युत कटौती पर भड़के व्यापारी

## अधिशासी अभियंता को सौंपा पत्र, कटौती बंद नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर



अधिशासी अभियंता विद्युत को ज्ञापन देते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इलाके में हो रही अघोषित बिजली कटौती से भड़के व्यापारी नेताओं ने अधिशासी अभियंता से मुलाकात की और पत्र देकर कटौती बंद करने का मुद्दा उठाया। आगाह किया कि जल्द ही अघोषित कटौती बंद नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

अधिशासी अभियंता को पत्र देते हुए व्यापारी नेताओं ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से इलाके में अघोषित विद्युत कटौती हो रही है और भीषण गर्मी के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि कटौती से पहले सूचित कर दिया जाए तो लोग अपना कामकाज निपटा सकें। वहीं कटौती से व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अधिशासी अभियंता से विद्युत कटौती रोकने और कटौती किए जाने की दशा में पूर्व सूचना देने की मांग की। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, पवन गाबा, संजय अरोड़ा, बलदेव ग्रोवर, आकाश भुसरी, ॠतिक छाबड़ा, राजकुमार सीकरी, अंशुल अग्रवाल, सागर छाबड़ा, शिवेन सेठी, पारस अरोड़ा, रवि गुलाटी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### बिजली चोरी करते तीन उपभोक्ता पकड़े

**रुद्रपुर :** विद्युत और विजिलेंस की टीम ने छापेमारी कर तीन उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। 18 जुलाई को प्रकाश चंद्र शाह उपखण्ड अधिकारी, शुभम कुमार अवर अभियंता और पुनीत कुमार सहायक अभियन्ता सतर्कता की संयुक्त टीम ने आर आर क्वाटर भगतसिंह चौक निवासी अंकित कुमार, संदीप डोगरा निवासी मुख्य बाजार, कमल कान्त दुर्गापाल निवासी आर-आर क्वाटर को विद्युत चोरी करते पकड़ लिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से इकलौते बेटे की मौत

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** रुद्रपुर मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि मृतक का साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए हायर सेंटर ले जाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। तीन बहनों के इकलौते भाई की रक्षाबंधन पर्व से कुछ दिन पूर्व मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।



अनुज तिवारी। (फाइल फोटो)

नगर के वार्ड नंबर 7, स्वास्तिक कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय अनुज तिवारी अपने मित्र ग्राम बंडिया भट्टा, किच्छा निवासी अनुराग कुमार के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहा था। बताया जा रहा है कि बंगाली कॉलोनी के निकट पावर हाउस के सामने अज्ञात वाहन ने अनुज की स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में स्कूटी सवार अनुज तथा अनुराग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंचे अनुज के परिजनों ने दोनों युवकों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने 20 वर्षीय अनुज को मृत घोषित कर दिया। जबकि अनुराग को चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही अनुज के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रक्षाबंधन से कुछ दिन पूर्व ही सड़क दुर्घटना में इकलौते भाई की मौत की सूचना के बाद उसकी तीनों बहनों तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़

**सितारगंज :** सितारगंज तहसील क्षेत्र से एक बार फिर महिला सुरक्षा को लेकर चिंताजनक मामला सामने आया है। वार्ड नंबर 3 इस्लामनगर निवासी युवती ने कोतवाली सितारगंज में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि अजीम मुस्सान निवासी ग्राम बघौरी बालो पिछले कई दिनों से उसे फोन कर परेशान कर रहा है और आए दिन छेड़खानी करता है।

युवती ने बताया कि उसने कई बार अजीम को समझाने की कोशिश की, यहां तक कि उसके परिवार से भी शिकायत की, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। पीड़िता ने बताया कि वह 28 जून को अजीम के खिलाफ पहले ही एक रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज करा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद आरोपी ने अपनी हरकतों में सुधार नहीं किया। हालात इतने बिगड़ गए कि 13 जुलाई 2025 को दोपहर करीब 11 बजे अजीम मुस्सान गलत नीयत से उसके घर में घुस आया। हालांकि, परिजनों के शोर मचाने पर वह मौके से भाग गया।



अधीनस्थों के साथ बैठक करते सीडीओ। ● अमृत विचार

## खसरा-रूबेल्ला उन्मूलन को लेकर मंथन

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी की मौजूदगी में प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत खसरा और रूबेल्ला उन्मूलन अभियान 2026 को लेकर जिला टास्क फोर्स की एक बैठक विकास भवन सभागार में हुई। इस दौरान सीडीओ ने आदेशित किया कि एएनएम के द्वारा यूडब्लूआईएम पोर्टल पर शत फीसदी एंट्री की जाए। इस दौरान एसएमओ डॉ. मीनाक्षी द्वारा बताया गया कि स्पेशल इम्यूनाइजेशन वीक तीन चरणों में किया जाना है। इसका प्रथम चरण तिथि 21 जुलाई से 31 जुलाई 2025, 19 अगस्त से 29 अगस्त 2025 एवं 18 सितम्बर से 29 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जाएगा । विशेष टीकाकरण सप्ताह में नियमित टीकाकरण से वंचित पांच वर्ष से सात वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों को डीपीटी की द्वितीय बूस्टर डोज़ दी जानी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. महेंद्र जायसवाल द्वारा बताया गया की खसरा ओर रुबेल्ला वैक्सीन बच्चों को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखती है, साथ ही साथ बच्चों को खसरा से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं जैसे दस्त, निमोनिया, बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता में कमी आदि से सुरक्षा तैयार करती है।

# प्रेमी ने किया इंकार तो बीएससी की छात्रा ने कर लिया सुसाइड

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में बीएससी द्वितीय की छात्रा द्वारा सुसाइड किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि प्रेमी द्वारा शादी से इंकार किए जाने के बाद छात्रा ने आत्महत्या का कदम उठाया और फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार राकेश रस्तोगी ट्रांजिट कैंप स्थित राजा कॉलोनी में परिवार के साथ रहता है और सिडकुल कंपनी में नौकरी करता था। अस्वस्थ होने के कारण घर पर ही रहने लगा। उसकी 18 वर्षीय बेटी रितु रस्तोगी डिग्री कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा थी और घर पर ही ट्यूशन पढ़ा कर घर का खर्च उठा रही थी।



युवती की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

सोमवार की दोपहर अचानक जब युवती की मां ने देखा कि रितु फंदे पर लटकी है तो वह गश खाकर जमीन पर गिर गई। चीख पुकार सुनकर पड़ोसी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय घटनास्थल पहुंचे और जानकारी ली। पता चला कि युवती का चार वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था और जब वह बालिग हुई तो युवक ने शादी से इंकार कर दिया। बताया कि युवक ने बालिग होने पर शादी का आश्वासन दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया और सुसाइड प्रकरण की तफ्तीश शुरू कर दी है। वहीं युवती की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# युवक की हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर



पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

- 16 जुलाई को चापड़ से किया था युवक पर हमला
- नाले से बरामद हुआ चापड़, अदालत में किया पेश

**अमृत विचार :** 16 जुलाई को दिनदहाड़े एक युवक की हत्या की कोशिश के मामले में आदर्श कॉलोनी चौकी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि कड़ी मशक्कत के बाद नाले से चापड़ भी बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि 16 जुलाई को नैना कॉलोनी निवासी धीरज जोशी ने बताया कि दोपहर के वक्त वह मॉडल कॉलोनी स्थित जिम में गया था कि तभी आदर्श कॉलोनी निवासी मलकीत सिंह और ईश्वर कॉलोनी निवासी जपनीत सिंह उर्फ सिद्धू आए और फोन कर नीचे बुलाया। आरोप था कि बातचीत के दौरान अचानक जपनीत ने चापड़ निकाला और गर्दन पर तेज प्रहार कर दिया और दूसरा प्रहार उसके हाथ किया। जान बचाकर युवक भागा और थोड़ी दूर जाकर गिर गया। आनन फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने हल्द्वानी रेफर कर दिया था। बताया कि प्रकरण में मुकदमा दर्ज करने के बाद आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी होशियार सिंह ने 20 जुलाई की शाम को हमलावर मलकीत व जपनीत को गिरफ्तार कर लिया, जबकि आरोपियों की निशानदेही पर कड़ी मशक्कत के बाद एक नाले से प्रयुक्त चापड़ भी बरामद कर लिया।

# 1.548 किलो चरस के साथ सौदागर गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

- पंतनगर पुलिस और एएनटीएफ ने चेकिंग के दौरान पकड़ा
- आरोपी पर एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** थाना पंतनगर पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान बुलेट सवार चरस तस्कर को भारी मात्रा में चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया।

जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को एएनटीएफ दरोगा कौशल भाकुनी और थाना पंतनगर पुलिस की संयुक्त टीम पंतनगर फ्लाई ओवर पर चेकिंग कर रही थी। तभी बुलेट मोटरसाइकिल सवार युवक भागने की कोशिश करने लगा। टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम हरीश सिंह मटियाली निवासी लावरडोबा थाना खनस्यू जिला नैनीताल और दूसरे अभियुक्त ने अपना नाम त्रिलोक चन्द्र आर्य बताया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हरीश नाम का युवक छोटी छोटी मात्रा में चरस इकट्ठा कर देता है और वह महंगे दामों पर तराई क्षेत्र में बेचते हैं। पकड़ी गई चरस की कीमत चार लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया।

## 33 लीटर कच्ची शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**काशीपुरः** पुलिस ने 33 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस ने गश्त के दौरान हेमपुर डिपो स्थित पांडे फार्म रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली। उसके कब्जे से पुलिस ने 12 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेश कुमार निवासी ग्राम नवलपुर कुंडा बताया। उधर कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान कुंडेश्वरा रोड से एक व्यक्ति को 21 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रजविंदर निवासी ग्राम कुंडेश्वरा बताया। दोनों आरोपियों का आबकारी एक्ट में चालान कर दिया है।



खटीमा में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते अभाविप कार्यकर्ता।

### कुमाऊं विवि का प्रवेश पोर्टल खोलने की मांग

**खटीमा :** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुमाऊं विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन पोर्टल को पुन: खोलने की मांग की है। परिषद कार्यकर्ताओं ने प्रभारी प्राचार्य आशुतोष कुमार को ज्ञापन सौंपकर विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन पोर्टल पुन: खोलने की मांग की। विद्यार्थी परिषद के दीपेंद्र सिंह धामी प्रभारी प्राचार्य को बताया गया कि सीमांत क्षेत्र के बड़ी संख्या में छात्र प्रवेश से वंचित रह गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र पोर्टल नहीं खोला गया तो परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में वंशिका, शुभम, पायल, रोहित चंद, कुलदीप, अमन, नवल, कमलेश, सोनू, शालू, दिव्यांशु आदि मौजूद रहे।

# गाड़ी तेज चलाने का विरोध करने पर चाचा-भतीजे पर किया हमला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** एक युवक को मोहल्ले में तेज गाड़ी चलाने से मना करना चाचा-भतीजे को महंगा पड़ गया। तेज गाड़ी चलाने वाले युवक ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ चाचा-भतीजे को चाकू मारकर घायल कर दिया। दोनों की हालत गंभीर होने पर एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

कुमाऊं कॉलोनी निवासी प्रीति देवी पत्नी रमेश सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि रविवार की रात लगभग 10 बजे उनका बेटा अनुज ठाकुर और उसका नाती नरेश नाथ खाना खाकर घर के पास ही टहल रहे थे। इस दौरान सरकारी स्कूल के पास राहुल निवासी रम्पुरा तेजी से बाइक चलाते हुए आया। इस दौरान अनुज और नरेश ने गाड़ी तेज चलाने का विरोध किया। इस पर उसने अपने तीन अन्य दोस्त आदर्श, अजय, दीप को भी वहां बुला लिया। जहां आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से चाकू से दोनों पर हमला कर दिया। जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के द्वारा दोनों घायलों को एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जिसके बाद अनुज को परिजनों ने रामनगर रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।



घायल नरेश नाथ।



घायल अनुज।

सख्ती | हाईकोर्ट के निर्देश पर एसडीएम ने किया द्रोणा सागर परिसर का निरीक्षण, संचालकों को नोटिस भेजने के निर्देश

# द्रोणा सागर परिसर में संचालित मिले कई धार्मिक स्थल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के निर्देश पर एसडीएम ने द्रोणा सागर परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान कई परिसर में कई धार्मिक स्थल संचालित मिले। इस पर एसडीएम ने धार्मिक स्थल कमेटी संचालकों को नोटिस भेजने के निर्देश दिये। कहा कि धार्मिक स्थल संचालक से भूमि के अभिलेख आदि मांगे जा रहे हैं।

सोमवार को एसडीएम अभय प्रताप सिंह व तहसीलदार पंकज चंदोला ने राजस्व टीम के साथ द्रोणा सागर परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में गंदगी मिली और कई धार्मिक स्थलों का कमेटी गठित कर संचालन पाया गया। एसडीएम ने बताया कि धार्मिक स्थलों की अवैध संरचना बनाई गई और धार्मिक स्थलों की आड़ में कई अवैध काम किये जा रहे हैं।



काशीपुर में द्रोणा सागर परिसर का स्थलीय निरीक्षण करते एसडीएम और तहसीलदार।

बताया कि परिसर में द्रोणा सागर कमेटी के नाम पर भूमिधरी अधिकार की भूमि के अलावा बंजर सरकारी भूमि व निजी भूमि भी दर्ज है। जिसमें कई धार्मिक संरचनाएं बनी हुई हैं और कमेटी गठित कर इन धार्मिक स्थलों का संचालन किया जा रहा है। बताया कि संचालकों को नोटिस भेजकर अभिलेख मांगे जा रहे हैं कि किस आधार पर इन धार्मिक स्थलों का संचालन किया जा रहा है।

### द्रोणासागर परिसर में लगेंगे 25 सीसीटीवी कैमरे



**काशीपुर :** तीर्थ द्रोणासागर में सुरक्षा की दृष्टि से पूरा परिसर सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा। साथ ही द्रोणासागर परिसर में बाइकों से घूमने वाले लोगों पर भी लगाम लगाई जाएगी। तीर्थ स्थल द्रोणासागर का संचालन पूर्व में तीर्थ द्रोणासागर उत्थान समिति कर रही थी। कुछ समय पूर्व इसका संचालन एसडीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी के हाथ में आ गया था। जो परिसर की देखरेख कर रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि द्रोणासागर परिसर में सुबह-शाम टहलने वालों की भीड़ रहती है। वहीं दोपहर में कुछ अराजक तत्व भी परिसर में पहुंचते हैं। इस दौरान लोग पूरे द्रोणासागर में बाइकों से घूमते हैं। इसके अलावा जहां-तहां कूड़ा फेंका जा रहा है। बताया कि परिसर में नजर रखने के लिये डीएम ने 25 सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमति दे दी है। जल्द ही परिसर में कैमरे लगा दिये जाएंगे। जिससे अराजक तत्वों पर नजर रखी जा सकेगी। वहीं परिसर की एक जगह टूटी दीवार को दोबारा बनाया जाएगा। मुख्य गेट के पास दो गेट लगाए जाएंगे। ताकि दो पहिया वाहन चालक वाहन लेकर परिसर में न घुस सके। पूरे परिसर की सफाई के लिये सफाई कर्मचारी भी नियुक्त किये जाएंगे।

# ड्रोन से रेकी के बाद चोरी करने पहुंचे नकाबपोश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** एक गांव में पहली रात ग्रामीणों ने आसमान में एक ड्रोन को उड़ान भरते देखा। वहीं दूसरी रात में तीन बाइकों में सवार नकाबपोशों ने धावा बोल दिया। घर के बरामदे में सो रहे एक युवक के जागने पर बदमाश फरार हो गये। इस पर युवक ने रात में गांव के लोगों के बनाए गए ग्रुप में मैसेज भेजा, जिस पर गांव वाले अलर्ट हो गए और छतों पर पहुंच गये।

ग्राम फिरोजपुर में शनिवार की रात ड्रोन उड़ान भरते देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की रात करीब साढ़े 12 बजे गांव का एक युवक घर के आगे घेर में सोया हुआ था। तभी अचानक उसकी आंख खुली तो उसने तीन बाइकों में सवार नकाबपोशों को देखा। नकाबपोशों की नजर जब युवक पर पड़ी तो वह वहां से फरार हो गये। इस पर युवक ने गांव के बने व्हाट्सएप ग्रुप में इसकी जानकारी डाल दी। जिसके बाद मैसेज पढ़ते ही ग्रामीण सतर्क हो गये और छतों पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने बाइक सवारों की तलाश की लेकिन वह नहीं दिखे। हालांकि ग्रामीणों ने इसकी सूचना अभी तक पुलिस को नहीं दी है। वहीं ग्रामीण रात में कोई घटना न हो इसको लेकर सचेत हैं। सीओ दीपक सिंह ने बताया कि घटनाक्रम को लेकर किसी भी ग्रामीण ने पुलिस में कोई सूचना नहीं दी है। सूचना मिलने पर जांच की जाएगी।

## ऑटो लिफ्टर दबोचा, चोरी की बाइकें बरामद

**रुद्रपुर :** कोतवाली पुलिस ने ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार करते हुए चोरी की दो बाइकें बरामद कर लीं।

कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि कैमरी बिलासपुर यूपी निवासी भारत कुमार ने 18 जुलाई को तहरीर देकर जाफरपुर शुक्र बाजार से बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं 21 जुलाई की शाम को पुलिस टीम गश्त कर रही थी कि काशीपुर रोड बागवाला निर्माणाधीन फ्लाईओवर के समीप चोरी की बाइक पर सवार एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा।

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर चोरी की दूसरी बाइक भी बरामद की। पूछताछ में उसने अपना नाम रणवीर सिंह उर्फ राणा निवासी राजपुरा वार्ड-एक गदरपुर बताया।

# बम भोले के जयकारों से गूंज उठे जिले के शिवालय

## श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में रही बाबा के भक्तों की भीड़, भक्तों ने दूध व जलाभिषेक कर की पूजा-अर्चना

संवाददाता, काशीपुर/रुद्रपुर

**अमृत विचार :** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शहर के शिव मंदिरों में बाबा भक्तों की भीड़ देखने को मिली और भक्तों ने दुग्ध व जलाभिषेक कर शिव की आराधना की। सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। सोमवार को सूर्य की पहली किरण जैसे ही धरती पर पड़ी।

काशीपुर में सावन के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में शिव भक्तों की कतारें लग गईं। सुबह शुरू हुआ पूजा-अर्चना का दौर पूरा दिन चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और दूध, दही, घी, चंदन, धतूरा आदि अर्पित किए। सावन के दूसरे सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। शिव भक्त सुबह से ही अपने आराध्य भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए शिवालयों में परिवार सहित पहुंचे। काशीपुर में मोटेश्वर महादेव मंदिर, बांसियोंवाला मंदिर, नागनाथ मंदिर, गंगेबाबा मंदिर सहित नगर के विभिन्न शिवालयों पर भक्तों की भारी भीड़ पूजा करने के लिए उमड़ पड़ी। चैती मंदिर स्थित भीमशंकर मोटेश्वर महादेव मंदिर में व्रत की खीर का भंडारे का आयोजन किया गया। वैसे ही शिव मंदिरों में शिव भजनों की गूंज होने लगी और व्रतधारी एवं बाबा भक्तों ने अपने घरों की साफ सफाई कर स्नान किया और फिर शिव मंदिर जाकर बेल पत्र, दूध एवं जल सहित पूजन सामग्री से शिवलिंग का अभिषेक किया।


शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते भक्त। ● अमृत विचार


बाजपुर के प्राचीन शिव मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु।

### शक्तिफार्म के मंदिरों में भी उमड़ी भीड़

**शक्तिफार्म :** सावन के दूसरे सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में जल चढ़ाने शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी। सावन के दूसरे सोमवार को सुबह से ही नगर के शिव मंदिर, बाराकोली रेंज के जंगल स्थित पौराणिक झारखंडेश्वर मंदिर (झाड़ी मंदिर), सुरेंद्रनगर के भगवान शिव के प्रसिद्ध मंदिर बाबा तारकनाथ धाम, देवनगर शिव मंदिर में शिव भक्तों ने जल चढ़ाया तथा बेलपत्र, फल फूल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटे दर्जनों कांवड़ियों ने बाबा तारकनाथ धाम में शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।

# बाजपुर में मंदिरों के बाहर लगीं लाइनें

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने श्रद्धाभाव से शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव की अराधना की।

इस दौरान ओम नमः शिवाय की सदाओं से शिवालय गूंज उठे। नगरीय क्षेत्र में स्थापित प्राचीन शिव मंदिर, ब्रह्मादेव-शनिदेव मंदिर, रामराज रोड स्थित तीन मंदिर, चीनी मिल स्थित शिव मंदिर, आलापुर स्थित गौरी-शंकर मंदिर, मंडी समिति स्थित मां दुर्गा-हनुमान-साईं मंदिर के अलावा प्राचीन झारखंडी शिव मंदिर, वनखंडी शिव मंदिर, मोहल्ला बांकेनगर स्थित श्रीबालाजी घाटा, टाट वाले बाबा मंदिर, धरासा रोड स्थति शिव-गौरी मंदिर आदि शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जिन्होंने पूरी श्रद्धाभाव के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ की अराधना की। मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की काफी लंबी लाइनें लग गईं। इस दौरान ओम नमः शिवाय, जयकारा वीर बजरंगी, हर-हर महादेव व महामृत्यंजय मंत्र आदि का जाप किया गया। पं.शिव कुमार शास्त्री ने बताया कि सावन माह में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।


नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य को ज्ञापन सौंपते सुल्तानपुर पट्टी के लोग। ● अमृत विचार

# सुल्तानपुर पट्टी का नाम बदलने का विरोध तेज

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी

**अमृत विचार :** नगर पंचायत सुल्तानपुर का नाम बदलकर "कौशल्यापुरी" किए जाने के शासनादेश के खिलाफ अब विरोध तेज हो गया है। इसी क्रम में नगर पंचायत के वार्ड सभासदों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्तराखंड के नेता प्रतिपक्ष व क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य को एक ज्ञापन सौंपकर इस फैसले का तीखा विरोध दर्ज कराया।

ज्ञापन में सभी सभासदों ने साफ कहा कि सुल्तानपुर कोई नया या विवादित नाम नहीं है, बल्कि यह ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान से जुड़ा नाम है, जिसे वर्षों से क्षेत्रवासी अपनाते आए हैं। यह नाम स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी सुल्तान सिंह की स्मृति से भी जुड़ा हुआ है, जो यहां की सांस्कृतिक और गौरवशाली धरोहर का प्रतीक है। ज्ञापन देने वालो में सभासद जोनी मोर्य, जाहिद हुसैन, शमीम खा, शाहिद हुसैन, कांग्रेस नगर अध्यक्ष एजाज हुसैन, नजाकत हुसैन, मोहम्मद रफी शामिल थे।

# सूर्या रोशनी फैक्ट्री में हुए हादसे की जांच होगी

संवाददाता, काशीपुर

● **फैक्ट्री में 10 जुलाई को फटा था हाइड्रोजन गैस सिलेंडर, एक की हुई थी मौत**

**अमृत विचार :** सूर्या रोशनी लिमिटेड फैक्ट्री में 10 जुलाई को हुए हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए मजिस्ट्रेटी जांच का आदेश जारी किया गया है। एसडीएम अभय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मामले की जांच की जाएगी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई थी, अन्य 11 लोग घायल हुए थे।

मुरादाबाद रोड स्थित सूर्या रोशनी फैक्टरी के फिलामेंट प्लांट के पास लगे एक हाइड्रोजन गैस सिलिंडर फटने से बड़ा हादसा हुआ था। इसमें श्यामू यादव निवासी शेरवाहा सीतापुर की मौके पर मौत हो गई थी। वहीं, रोहित निवासी चकठीरीया डान थाना भगतपुर मानपुर जिला मुरादाबाद का एक पैर कट गया था और दोनों हाथों व सिर में गंभीर चोट आई थी। हादसे में 11 अन्य युवतियां, महिलाएं व पुरुष घायल हुए थे। इसके चलते मंडलायुक्त दीपक रावत ने डीएम नितिन भदौरिया को मामले की मजिस्ट्रेट जांच कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद डीएम ने एसडीएम अभय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश जारी किए हैं। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि जांच के आदेश प्राप्त हो चुके हैं। एक टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की जाएगी।

# बाजपुर में भाई के घर जा रहे युवक को रास्ते में घेरकर पीटा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** भाई के घर जा रहे युवक को रास्ते में घेरकर हमला कर दिया। बीच-बचाव को पहुंचे भाई के साथ भी मारपीट की गई, जिसमें दोनों भाई घायल हो गए। घायलों को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष की ओर से बेरिया दौलत पुलिस चौकी में तहरीर दी गई है।

ग्राम कल्याणपुरी बेरिया दौलत निवासी लालू ने पुलिस को बताया कि 20 जुलाई की देर रात करीब 12 बजे गोविंद उर्फ भूरा अपने घर से भाई के घर जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के ही तीन युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो आरोपित हमलावर हो गए। इतना ही नहीं बीच-बचाव करने पर उसके छोटे भाई सोना के साथ भी मारपीट की गई है।

दोनों घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बाजपुर :** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें एक व्यक्ति के चोटें आई हैं। घायल को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे आरोप-प्रत्यारोप लगा तहरीरें दी हैं। ग्राम बहादुरगंज निवासी धर्मवती पत्नी गुड्डू ने पुलिस को बताया कि 20 जुलाई की रात करीब साढ़े सात बजे बेटा प्रमोद बाजार जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के ही दो सगे भाइयों ने पुत्र को रास्ते में रोक लिया और बेवजह गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी जिसमें वह घायल हो गया। बेटे ने किसी तरह हमलावरों के चंगुल से छूटकर अपनी जान बचाई। घायल को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरे पक्ष के विनोद शर्मा ने पुलिस को बताया कि 20 जुलाई की रात करीब 8 बजे वह खाना खाकर टहलते हुए घर के पास चौराहे पर जाकर खड़ा हो गया। आरोप है कि इसी बीच वहां पहुंचे दूसरे पक्ष के लोग अभद्रता करते हुए गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो आरोपित हमलावर हो गए। हमलावरों ने ईंट-पत्थर भी फेंकने शुरू कर दिए।


युवजन समाज की बैठक में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ता।

### युवजन समाज की समस्याएं बढ़ती जा रही : चौहान

**खटीमा :** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में समाज के लोगों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को जाति प्रमाणपत्र नहीं मिल पा रहा है। जिससे वह आरक्षण की सीमा से बाहर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राइवेट सेक्टर में युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जाए। युवजन समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष शेर सिंह की अध्यक्षता में गांधीनगर, बानूसा में हुई आमसभा में मुख्य अतिथि ऊर्जा विभाग के पूर्व सलाहकार सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष विकास चौहान और महामंत्री रामपाल भारती का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। बैठक को प्रदेश महामंत्री भारती, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शेर सिंह, खटीमा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष रामानंद सागर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शकुंतला सागर, जिला सचिव डॉ नरेश कुमार ने संबोधित किया। संचालन महामंत्री मसूरी से आए रामपाल भारती ने किया।

## धूमधाम से मनाया मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्म दिवस

**गदरपुर :** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ एवं दिग्गज नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्म दिवस यहां धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएचसी में मरीजों और उनके तीमारदारों को फल बांटे। सोमवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्म दिवस को यादगार बनाते हुए मरीजों एवं उनके तीमारदारों को फलों का वितरण किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस के नेता राजेंद्र पाल सिंह, इंद्रपाल संधू, गुरविंदर सिंह विर्क, शैलेंद्र शर्मा, अंग्रेज सिंह मौजूद रहे।

# बैडमिंटन चैंपियनशिप में बिड़ला स्कूल के खिलाड़ियों ने मारी बाजी



मेरठ में बिड़ला स्कूल की विजेता टीम को पुरस्कृत करते अशोक ध्यानचंद (ओलंपिक मेडलिस्ट)। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आर्यमान विक्रम बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग हल्द्वानी की स्कूल टीम ने सीबीएसई क्लस्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लिया। यह चैंपियनशिप 10 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक राधा गोविंद पब्लिक स्कूल मेरठ यूपी में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में कुल 480 स्कूलों ने भाग लिया था।

बिरला की टीम के खिलाड़ियों शौर्य यादव, यथार्थ किरौला और शुभ आदित्य पाठक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर अंडर 17 बालक बैडमिंटन चैंपियनशिप का खिताब जीता। उन्होंने श्रीराम स्कूल आगरा को हराकर टीम चैंपियनशिप में पहला स्थान प्राप्त किया। यह मुकाबला विभिन्न स्कूलों के बीच प्रतिभा प्रदर्शन और वर्चस्व की एक लड़ाई थी। सभी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का सर्वोत्तम प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा ने खिलाड़ियों, अभिभावकों व कोच केके यादव को बधाई दी। कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि राष्ट्रीय स्तर पर भी खिलाड़ी वर्चस्व बनाएं रखेंगे और स्कूल का नाम रोशन करेंगे।


मटर गली में सर्वे करती जीएसटी विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# मटर गली में जीएसटी विभाग ने किया सर्वे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जीएसटी विभाग ने मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के सहयोग से सोमवार को मटर गली में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सर्वे किया। यह सर्वे जीएसटी विभाग के कमल किशोर जोशी और उनकी टीम द्वारा किया गया।

टीम ने व्यापारियों से जीएसटी पंजीकरण की जानकारी ली। अधिकतर व्यापारियों ने फॉर्म भरकर हस्ताक्षर किए। सर्वे का उद्देश्य यह जानना था कि किन-किन व्यापारियों का जीएसटी पंजीकरण है। एसोसिएशन ने छोटे व्यापारियों के लिए वार्षिक सरलीकरण की मांग भी उठाई। इस मौके पर दलजीत सिंह दल्ली, अतुल गुप्ता, गोविंद सिंह बगड़वाल, सौरभ सिंघल, संदीप सक्सेना, विनोद अग्रवाल, प्रेम चौधरी, मनीष वर्मा, मुकुंद रहे।

## मनीष आजीवन सदस्य रवि प्रदेश महामंत्री और नितिन जिलाध्यक्ष बने

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने मनीष अग्रवाल को आजीवन सदस्य, युवा इकाई में रवि गुप्ता को प्रदेश महामंत्री व नितिन खुल्बे को नैनीताल जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। गुरुनानक मार्केट स्थित देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय में हुए कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि संगठन का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में कारोबारी मनीष अग्रवाल को आजीवन सदस्य, रवि गुप्ता को युवा इकाई का प्रदेश महामंत्री, नितिन खुल्बे को नैनीताल का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। अनिल खंडेलवाल, गोपाल भट्ट, आफताब हुसैन, पंकज सुयाल, बीएम सिजवाली, श्याम नेगी, अजय कृष्ण गोयल, मनोज खुलवे, आफताब आलम, रजत पंत रहे।

# शिविर में दिव्यांगों के स्वास्थ्य की जांच की


काशीपुर में स्वास्थ्य शिविर के दौरान दिव्यांगों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद देवभूमि शाखा की ओर से निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान दिव्यांगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। बड़ी संख्या में दिव्यांगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विवेकानंद व सरस्वती माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। शाखा अध्यक्ष डॉ. शिखा चौहान ने बताया कि देवभूमि भारत विकास परिषद सेवा कार्यों के लिए जाना जाता है। कार्यक्रम का संचालन सचिव अनुजा अग्रवाल व गतिविधि संयोजक सेवा दीपिका अग्रवाल ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य सेवा डॉ. नितिन दालम, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोड़ा व क्षेत्रीय संयोजक सेवा निर्मल मेहता, प्रांतीय संयोजक सेवा कमल किशोर सिंघल आदि मौजूद रहे।

# रामलीला प्रांगण में टिनशेड का निर्माण कार्य हुआ शुरू

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी

**अमृत विचार :** नगर के ऐतिहासिक श्री रामलीला प्रांगण में प्रस्तावित टिन शेड निर्माण कार्य का शुभारंभ सोमवार को विधिवत भूमि पूजन के साथ हुआ।

इस मौके पर उत्तराखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य तथा नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य उपस्थित रहे। नगर पुरोहित पंडित दीपक शर्मा ने पूजा-अर्चना करवाई, वहीं कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट प्रेम सिंह सागर द्वारा किया गया। जैसे ही यशपाल आर्य कमेटी कार्यालय पहुंचे, श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सर्वेश सैनी सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की और अपने संबोधन में कहा, रामलीला प्रांगण की यह पहल न सिर्फ सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय लोगों को बेहतर मंच और सुविधा भी प्रदान करेगी। रामलीला कमेटी अध्यक्ष सर्वेश सैनी ने कहा कि हर साल आयोजन के दौरान मौसम की मार झेलनी पड़ती थी, जिससे दर्शकों और कलाकारों दोनों को दिक्कत होती थी। इस अवसर पर नकुल अग्रवाल, मनोज सैनी, संतोष सागर, नन्हे सिंह मौर्य, रामअवतार चंद्रा, प्रेम सिंह मौर्य, संजीव कुमार, जितेन्द्र सागर, राजपाल सैनी, सुरेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

# ज्ञानार्थी कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया प्रोलॉग कार्यक्रम

संवाददाता, काशीपुर

● **प्रमुख स्कूलों के प्रधानाचार्यों एवं प्रबंधकों को किया सम्मानित**

**अमृत विचार :** ज्ञानार्थी कॉलेज का वार्षिक स्वागत एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'प्रोलॉग 2025' बड़े धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत एवं गेस्ट ऑफ ऑनर सीबीएसई के पूर्व रीजनल ऑफिसर देहरादून डॉ. रणवीर सिंह मौजूद रहे।

बाजपुर रोड स्थित गौतमी हाइट में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। नए विद्यार्थियों ने मंच पर फैशन शो, ग्रुप डांस, सोलो डांस एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि प्रो. दीवान सिंह रावत एवं गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. रणवीर सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण एवं परिश्रम की महत्ता के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और समाज में सकारात्मक योगदान देने का साधन है। उन्होंने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने क्षेत्र के प्रमुख स्कूलों के प्रधानाचार्यों एवं प्रबंधकों को सम्मानित किया। साथ ही, कॉलेज के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इस मौके पर कॉलेज के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, सेक्रेटरी शिवानी मेहरोत्रा, संस्थान की प्रमुख प्रतिमा सिंह आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान स्कूलों के प्रबंधकों को सम्मानित करते अतिथि।

# समस्याओं को लेकर मंडल आयुक्त को सौंपा ज्ञापन


आयुक्त रावत को ज्ञापन सौंपते सुराज सेवा दल के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सुराज सेवादल ने पूर्व सैनिकों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए नैनीताल जिले में कार्यालय खोलने समेत विभिन्न मांगों को लेकर मंडल आयुक्त दीपक रावत को ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने अर्द्ध सैनिक बलों के प्रतिनिधि विष्णु दत्त उपाध्याय ने बताया कि सैनिक व सैन्य परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कुमाऊं मंडल में एक भी कार्यालय नहीं है। समूचा कुमाऊं खासकर नैनीताल जिला सैनिक बाहुल्य है, इसलिए नैनीताल जनपद में एक कार्यालय खोला जाना चाहिए। यहां दल की एनजीओ प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शशि सिंह, विशाल शर्मा, विनोद पाठक, बलबीर बाफिला, शशि सिंह, प्रशांत आदि रहे।

## शारदा मार्केट की बनेगी सड़क

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के अनुरोध पर नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने शारदा मार्केट की जर्जर सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की स्थिति को जांचने के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता और महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर आयुक्त ऋचा सिंह को सड़क की दुर्दशा से अवगत कराया। उन्होंने सड़क की बदहाली पर चिंता जताते हुए शीघ्र सड़क निर्माण कराने की मांग की। व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने मौके पर ही सड़क निर्माण की सहमति दी। अधिशासी अभियंता नैनवाल ने मौके पर पहुंचकर मापजोख कर रिपोर्ट तैयार की।

ब्रीफ न्यूज

## मलबा व बोल्डर आने से सात ग्रामीण सड़कें बंद

**अल्मोड़ा :** नगर सहित आसपास के हिस्सों में बीती रात से हो रही बारिश से जनजीवन पटरी से उतर गया है। रविवार देर रात बारिश शुरू हुई, जो सोमवार सुबह तक जारी रही। इससे सुबह सवेरे स्कूली बच्चों और कामकाजी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला मुख्यालय समेत जिले भर के कई स्थानों में सोमवार सुबह से ही मौसम का मिजाज तल्ख रहा। आसमान में घने बादलों के बीच झमाझम बारिश हुई, जिससे पूरा जनजीवन प्रभावित रहा। सात ग्रामीण सड़कें बंद होने से लोगों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि सभी मोटर मार्गों पर दोपहर बाद यातायात सुचारू हो गया। वहीं, बारिश जल स्रोतों के लिए वरदान साबित हो रही है। बारिश से कोसी और रामगंगा नदी का जल स्तर बढ़ गया है। बारिश के चलते बाजार में भी अन्य दिनों की अपेक्षा लोगों की आवाजाही काफी कम रही।

### पहले सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ी भीड़, रानीखेत और बागेश्वर के शिवालयों में भी बाबा का जलाभिषेक के साथ पूजा-अर्चना कर मांगी मन्नतें

# सावन का सोमवार : शिवालयों में बही भक्ति की बयार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं ने स्नान कर जल लेकर बाबा को चढ़ाया।

जागेश्वर मंदिर में सुबह से दोपहर तक भीड़ रही। लोगों ने स्नान कर शिव को जल चढ़ाया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर में पुरोहितों ने सावन के महीने की महत्ता श्रद्धालुओं को बताई गई। वहीं, रत्नेश्वर, बद्रेश्वर समेत अन्य शिवालयों में भी सावन के पहले सोमवार को भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को



अल्मोड़ा के बद्रेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। शिव की नगरी जागेश्वर धाम में सुबह से दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के मंदिरों में भी भक्तों का ताता लगा रहा। पुरोहित हरिमोहन भट्ट ने बताया कि हिंदू धर्म में श्रावण माह का विशेष महत्व होता है। लोग सात्विक खानपान और पूजा में समय व्यतीत करते हैं।



रानीखेत पहुंचकर कांवड़ियों का हुआ भव्य स्वागत। ● अमृत विचार

इधर, जागेश्वर धाम में स्थानीय सहित प्रदेश और विभिन्न राज्यों के लोग पहुंचे हुए थे। भक्तों की ओर से भंडारा मैदान में 56 भोग बनाए हुए थे। भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भंडारे स्थल में भी भारी भीड़ जुटी रही। मंदिर समिति उपाध्यक्ष नवीन भट्ट ने बताया कि 17 अगस्त तक भंडारे की बुकिंग पूरी तरह से फुल है।

### गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों का किया स्वागत

**रानीखेत, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र से जुड़े खनिया, एरोली गांव से युवाओं का दल हरिद्वार कांवड़ लेकर गया था। विगत दिवस गंगाजल लेकर यहां पहुंचे कांवड़ियों का स्थानीय लोगों व महिलाओं ने फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। ग्राम खनिया, एरोली से एक युवाओं का दल हिमांशु बिष्ट के नेतृत्व में हरिद्वार गंगा जल लेने के लिए गया था। विगत रविवार को गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों का महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर फूल-मालाओं से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पंकज जोशी, दीपक खंडेलवाल, प्रदीप गुप्ता, जगदीश अग्रवाल, महेश आर्य, भुवन तिवारी, कुलदीप आर्य, अगस्त लाल शाह, चरन जसवाल, योगेश जोशी आदि रहे।

### हर हर महादेव से गूंज उठे शिवालय

**बागेश्वर :** श्रावण के प्रथम सोमवार को जनपद में शिव मंदिरों में काफी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया व पूजा अर्चना की। जनपद के बाबा बागनाथ मंदिर समेत नीलेश्वर मंदिर, चक्रवृक्तेश्वर, प्रकटेश्वर, पिनाथ मंदिर आदि मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की कतार लगी रही। भक्तों ने शिव का जलाभिषेक के साथ पूजा-अर्चना कर मनौती मांगी।

### शिवालयों में भक्तों का लगा तांता

**बैरती (अल्मोड़ा) :** पहले सोमवार पर क्षेत्र के शिव मंदिर कैलेश्वर, नर्मदेश्वर, चित्रेश्वर व महाकालेश्वर में सुबह से ही भक्त शिव जलाभिषेक एवं पूजन के लिए कतारबद्ध दिखे। मातृशक्ति ने सावन के सोमवार का व्रत रख कर घरों व शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना की। सावन में शिव पूजन का विशेष महत्व के साथ घरों में शिव पूजन कार्यक्रम भी शुरू हो गये हैं।

# तीन हजार मीटर की ऊंचाई पर भी डलेंगे वोट

### समय से पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, डीएम विनोद गोस्वामी ने की समीक्षा बैठक, लेते रहे पल-पल की रिपोर्ट

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** उत्तराखंड की चीन सीमा से सटे उच्च हिमालयी क्षेत्र में लगभग तीन हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित नामिक, बुर्फु और मर्तोली केन्द्रों पर भी पंचायत चुनाव के लिये वोट डाले जाएंगे। इन मतदान केन्द्रों के लिये चार दिन पहले मतदान पार्टियों को रवाना कर दिया गया है।

पिथौरागढ़ जनपद अपनी विषम भौगोलिक परिस्थितियों के चलते बेहद दुरूह और दुर्गम है। मौसम की चुनौती यहां हमेशा बनी रहती है। जौहार, चैदास और व्यास घाटियों में मौजूद एक दर्जन से अधिक गांवों में चुनाव संपन्न कराना आसान काम नहीं है। यही कारण है कि जिला प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से नामिक, बुर्फु और मर्तोली मतदान केन्द्रों के लिए चार दिन पहले मतदान पार्टियों को रवाना कर दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी और जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की ओर से इन पार्टियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिये आपदा प्रबंधन विभाग और पुलिस के साथ ही चुनाव में लगे सेक्टर मजिस्ट्रेटों को



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक करते डीएम विनोद गोस्वामी। ● अमृत विचार

### एसडीआरएफ भी रहेगी साथ

डीएम ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से इन पोलिंग पार्टी में पुलिस दल के साथ एसडीआरएफ का 1-1 जवान भी साथ रहेगा। आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए ट्रांसशिपमेंट वाहनों की व्यवस्था पहले से की गई है। डीडीएमओ को निर्देशित किया कि वह इन टीमों की लोकेशन ट्रैक करें और समय-समय पर संबंधित अधिकारियों को सूचना देते रहें। पोलिंग पार्टी को बीआरओ से निरंतर संपर्क रखने के निर्देश दिए गए ताकि मार्गों की स्थिति पर अद्यतन जानकारी मिलती रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि किसी भी आपात स्थिति में पोलिंग पार्टियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराने की समुचित योजना कर प्रशासन को तुरंत सूचित करें। सीडीओ डॉ. दीपक सैनी ने सैटेलाइट फोन की उपलब्धता की जानकारी ली और प्रशासन से निरंतर समन्वय बनाये रखने के निर्देश दिए।

विशेष जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। सेटेलाइट फोन से इनसे लगातार संपर्क बनाये रखा गया। डीएम ने दिन में वर्चुअल बैठक में इसको लेकर विविध निर्देश दिए थे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेश महर ने बताया कि सोमवार शाम तक सभी पार्टियां अपने-अपने गंतव्य पर पहुंच गयी हैं। इससे जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। यह पहली बार है कि तीनों मतदान पार्टियां सड़क मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंची हैं अन्यथा इन पार्टियों को कई दिन पैदल यात्रा कर यहां पहुंच बनानी पड़ती थी। शाम तक जब तीनों पार्टियां के अपने गंतव्य पर पहुंचने की खबर मिली तो प्रशासन ने राहत की सांस ली। पंचायत चुनाव के लिये यहां 24 जुलाई को मतदान होना है।

### 30 जोनल, 97 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

**अल्मोड़ा :** जिलेभर में प्रथम चरण में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। सोमवार को डीएम आलोक कुमार पांडे ने प्रथम चरण की तैयारियां, सुरक्षा प्रबंधों और दायित्वों के वितरण को लेकर विस्तृत चर्चा की। कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या पक्षपातपूर्ण रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र का आधार है, जिसमें सभी तैनात अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि वे पूरी सजगता, निष्पक्षता और निर्णायक दृष्टिकोण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या पक्षपातपूर्ण रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कहा कि मतदान स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर योजना तैयार है। किसी भी अव्यवस्था से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि वे संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें।

### 500 का चालान, विरोध में कांग्रेस

**पिथौरागढ़ :** पूर्व दायित्वधारी महेंद्र लुंठी के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेसियों ने डीएम विनोद गोस्वामी से मुलाकात की। आरोप लगाया कि पंचायत चुनाव में पुलिस-प्रशासन ने जिले भर में प्रत्याशियों सहित 500 लोगों का चालान किया है। शांति भंग के नाम पर खासतौर से कांग्रेस प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। यह भी आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन सत्ता के दबाव में काम कर रहा है और प्रत्याशियों को जमानत और मुचलके भरने के लिए तहसील कार्यालयों में बुलाया जा रहा है जिससे प्रत्याशी और उसके समर्थक चुनाव प्रचार छोड़ तहसीलों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। बेवजह परेशान करने और चालान बंद नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

## यूपी परिवहन निगम पर 26.80 लाख का जुर्माना

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** मोटरयान दुर्घटना दावा के एक मामले में जिला न्यायाधीश की अदालत ने फैसला सुनाते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम पर दोष सिद्ध करते हुए फैसला सुनाया है।

मामले में न्यायालय ने दुर्घटना में पीड़ित परिवार को 26.80 लाख रुपये मुआवजे के रूप में देने के आदेश दिए है। वरिष्ठ अधिवक्ता महेश चंद्र ने बताया कि वर्ष 2022 में याची पांडेतोली बाड़ेछीना जिला अल्मोड़ा निवासी पूरन सिंह, रोहित और दया देवी ने न्यायालय में एक वाद दायर किया। जिसमें कहा कि आशीष नैनवाल रुद्रपुर से हल्द्वानी की ओर से बाइक से आ रहा था। इसी दौरान सहारनपुर डिपो उत्तर प्रदेश की तेज रफ्तार बस ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार घायल आशीष को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने न्यायालय में वाद दायर किया। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य व गवाहों का परिसीलन कर न्यायालय ने यूपी परिवहन निगम को दोषी मानते हुए पीड़ित परिवार को 26.80 लाख रुपये अदा करने के आदेश दिए।

# कुंजा, कनखल में चुनाव के बहिष्कार का फैसला



सड़क की मांग को लेकर प्रदर्शन करते कुंजा और कनखल के ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** गांव में सड़क नहीं पहुंचने से नाराज भैंसियाछाना विकासखंड के कुंजा और कनखल के ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान किया।

सोमवार को ग्रामीणों ने गांव में प्रदर्शन करते कहा कि कुंजा और कनखल गांवों के लोगों के साथ विकास के नाम पर छलावा हुआ है। चुनाव में हर साल गांव को सड़क से जोड़ने के वायदे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव होने के बाद ये ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को पांच किमी खड़ी चढ़ाई तय कर खैरोला जाना पड़ता है। बरसात और ठंड के दिनों में इतनी दूरी तय करने में ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ती है। गंभीर मरीजों और गर्भवती महिलाओं को डोली में ले जाना पड़ता है। चुनाव में सभी गांव में वोट मांगने आ रहे है, लेकिन चुनाव के बाद जनता से किए गए वायदे पूरा नहीं करते हैं। कहा कि गांव में सड़क तक नहीं बन पा रही है तो वह अपने मताधिकार का उपयोग क्यों करें। ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव में मतदान नहीं करने का ऐलान किया हैं। प्रदर्शन करने वालों में प्रकाश कार्की, मुकेश कार्की, कृपाल कार्की, प्रताप कार्की, देवेंद्र सिंह, डिगर सिंह, सुजान सिंह, भूपेंद्र सिंह, किशन सिंह, भागुली देवी, धनूली देवी, रेवती देवी, सुमन कार्की, सरिता कार्की, दीपा देवी, गंगा देवी, बसंती देवी, कविता देवी, मंजू देवी, अभिषेक बोरा, नीरज बोरा, मदन नैनवाल, विवेक प्रसाद मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज



बाराकोट में भूस्खलन से मकानों को खतरा पैदा हो गया है। ● अमृत विचार

## बाराकोट में भूस्खलन, आवासीय मकानों को खतरा

**लोहाघाट :** रविवार की रात हुई भारी बारिश से हुए भूस्खलन के कारण बाराकोट में निर्माणाधीन पार्किंग स्थल के आसपास कई आवासीय भवनों और दुकानों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। लड़ीधुरा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष नगेंद्र जोशी ने बताया कि पार्किंग निर्माण स्थल के निकट स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. शेर सिंह अधिकारी के पुत्र राज किशोर सिंह अधिकारी और दीवान सिंह अधिकारी के आवासीय मकान, रामलीला मंच का शौचालय साथ ही देवेन्द्र सिंह अधिकारी, सूरज वर्मा और प्रकाश सिंह अधिकारी की दुकानें भूस्खलन के कारण खतरे की जद में आ गई हैं। लगातार बारिश से भवनों में दरारें उभर आई हैं, जिससे स्थानीय लोग भयभीत हैं। पूर्व जेष्ठ उप प्रमुख नंदा बल्लभ बगौली, मदन मोहन जोशी, योगेश जोशी, देवेन्द्र सिंह अधिकारी, प्रकाश सिंह अधिकारी, सूरज वर्मा और राज किशोर सिंह अधिकारी ने बताया कि पार्किंग निर्माण में ठेकेदार की लापरवाही के चलते सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण अब तक नहीं हुआ है।




पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान एसएसबी अधिकारी व नवोदय के छात्र।

## नवोदय विद्यालय में पौधरोपण का आयोजन

**रानीखेत :** एसएसबी सीमान्त मुख्यालय रानीखेत द्वारा नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत परिसर में पौधरोपण किया गया। विभिन्न प्रजातियों के पौधे जैसे देवदार, बाज, माल्टा, तेजपत्ता, काफल, व रीठा आदि 260 पौधों का पौधरोपण ताड़ीखेत नवोदय विद्यालय के परिसर में किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट जयंत कुमार शर्मा, नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत की प्राचार्य रेशमा महेरा सहित स्कूल के 530 विद्यार्थी व सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने पूरी भागीदारी के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। सदस्यों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों के महत्व व जल सरंक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

## फुटबॉल मैच का फाइनल बेतालघाट ने जीता

**रानीखेत :** राजपुर ग्राउंड में चल रही फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच बेतालघाट ने जीत कर अपने नाम किया। फाइनल मैच बेतालघाट फुटबॉल क्लब व केकेएफसी के बीच खेला गया। जिसमें बेतालघाट ने 5-0 से जीत हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में राहुल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर दो गोल धागे। श्रृंखला में मैच ऑफ द सीरीज का पुरस्कार रोहित को दिया गया। निर्णायक मैच के दौरान मुख्य अतिथि संजय बिष्ट, जुबेर अहमद, नरेंद्र बिष्ट, नईम खान मौजूद रहे। निर्णायक मैच के आयोजन दीपक साईं, मो. दानिश, रवि सागर, योगेश बिष्ट, अमन अहमद, सुंदर मेहरा, प्रवीण वर्मा और मोहन बिष्ट रहे।

# महिला कांग्रेस का राजभवन कूच, झड़प

- हाथी बड़कला पर बैरिकेडिंग नहीं पार करने दी, लिया हिरासत में
- बैरियर पार करने को लेकर हुई पुलिस से धक्कामुक्की

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में न्याय मार्च निकालते हुए राजभवन कूच किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में तैनात महिला पुलिस बल ने हाथी बड़कला चेकपोस्ट पर ही कार्यकर्ताओं को रोक लिया। बैरिकेडिंग पार करने को लेकर कांग्रेसियों की पुलिसकर्मियों से तीखी झड़प हुई लेकिन धक्कामुक्की और झड़प के बीच पुलिस ने बैरिकेडिंग को पार नहीं



महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले जाती पुलिस।

करने दिया, जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता वहीं पर धरने पर बैठ गईं जहां से पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले गई।

इस दौरान ज्योति रौतेला ने आरोप लगाया कि विगत तीन वर्ष के अन्तराल में उत्तराखंड राज्य महिला अपराध में शीर्ष पर पहुंच गया है। राज्य में हत्या, मासूमों से दुष्कर्म व महिलाओं से सम्बन्धित जघन्य अपराधों की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने अपराध संबंधित आंकड़े बताते हुए आरोप लगाया कि राज्य में भय का वातावरण व्याप्त है तथा आमजन खासकर महिलाएं अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। आरोप लगाया कि हम राज्यपाल को ज्ञापन के माध्यम से उनके संज्ञान में महिला अपराध के मामले लाते हुए उनसे हस्तक्षेप की मांग कर रही हैं।

### महिलाओं की सुरक्षा को धामी सरकार सक्षम

**देहरादून :** कांग्रेस के राजभवन कूच पर भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा ने पलटवार किया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कहा कि, प्रदेश में चुनाव की आहट होते ही कांग्रेस महिलाओं की हितैषी होने का स्वांग करने लगती है। प्रदेश में महिलाओं के प्रति किसी भी क्षेत्र या संप्रदाय का अपराधी क्यों न हो, उसके खिलाफ प्रदेश की धामी सरकार कठोरतम कार्रवाई कर रही है। कई मामलों में सरकार ने मिसाल भी पेश की है। कहा कि, कांग्रेस को खुद अपने गिरेबान में झांके। उनके शासनकाल में अपराधी धार्मिक चश्मे से देखा जाता था मगर धामी सरकार में अपराधी कितना बड़ा क्यों न हो उसे सलाखों के पीछे भेजने का काम किया जा रहा है।



पौधरोपण के दौरान अतुल मेहरोत्रा को सम्मानित करतीं क्लब की सदस्याएं।

### रोपित पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प

**रामनगर, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब द्वारा कल्पतरू वृक्ष मित्र संगठन के साथ पौधरोपण कार्यक्रम के तहत कई फलदार एवं छायादार पौधों को रोपने के साथ ही उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। इस दौरान कल्पतरू वृक्ष मित्र संगठन के अध्यक्ष अतुल मेहरोत्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मेहरोत्रा ने कहा कि पौधों का रोपित करना आसान है, मगर उनक संरक्षण करना बेहद जटिल कार्य है। क्लब की अध्यक्ष कविता अग्रवाल ने कहा कि उनका क्लब सामाजिक सरोकारों के साथ वन एवं पर्यावरण के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर रहा है। हम सभी रोपित पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हैं। इस दौरान सचिव अंजली जिंदल, संगीता जिंदल, अलका, संध्या, प्रीति बंसल, सीमा लखोटिया, प्रियंका मौजूद रहीं।

## पूर्व सैनिक किशन गिरी का निधन



**बागेश्वर, अमृत विचार:** जनपद के बमराड़ी निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी व पूर्व सैनिक किशन गिरी का निधन हो गया है। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे तथा अपने पुत्र भुवन गोस्वामी व गोपाल गोस्वामी के साथ गुजरात में रह रहे थे।

बमराड़ी निवासी किशन गिरी के दो पुत्र गुजरात के व्यवसायी हैं। किशन गिरी प्रमुख समाजसेवी थे। कोरोना काल में आक्सीजन की कमी होने के कारण उन्होंने अपने पुत्रों को बागेश्वर में आक्सीजन प्लांट लगाने के आदेश दिए थे उनके द्वारा जनपद में आपदा प्रभावितों व गरीबों की मदद की जाती रही। उनके द्वारा प्रशासन को दी 40 लाख की राशि से इन दिनों पांच हेल्थ एटीएम लगाए जा रहे हैं।

आक्रोश | एनटीपीसी भिकियासैंण की अनदेखी से आक्रोश, जांच व कार्रवाई की मांग

# चार दिन में ढही दीवार ने खोली निर्माण की पोल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** बग्वालीपोखर-मल्ली मिरई मोटर मार्ग पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। इस मार्ग पर हाल ही में एनटीपीसी भिकियासैंण द्वारा बनाई गई सड़क की सुरक्षा दीवार महज चार दिन में ही भरभरा कर ढह गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनी ने खानापूर्ति करते हुए घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया हैं। जिसका नतीजा अब सबके सामने हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह सड़क पिछले पांच वर्षों में ही जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन चुके हैं, जिन्हें मिट्टी से भरकर



बग्वालीपोखर-मल्ली मिरई मोटर मार्ग पर क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार। ● अमृत विचार

> दोसाद पुल के पास की पहाड़ी पर स्लोप अधिक होने से दीवार टिक नहीं पा रही है। मजबूत पिलर निर्माण से ही यह काम संभव है। बरसात के कारण गड्ढों में मिट्टी डाली गई है। अनुकूल मौसम होने पर डामरीकरण किया जाएगा। -आदित्य कुमार मंडल, मैनेजर एनपीसीसी

औपचारिकता निभा दी गई।

दोसाद पुल के समीप नदी की ओर स्थित दीवार पहले से ही क्षतिग्रस्त थी। हाल ही में कंपनी ने उसकी मरम्मत कर पुनः चिनाई की, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता इतनी खराब थी कि दीवार चार दिन भी टिक न सकी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है और इसकी कोई निगरानी नहीं हो रही। ऐसे में यह मार्ग न सिर्फ यात्रियों बल्कि आसपास के ग्रामीणों के लिए भी खतरा बन गया है।

### उच्चस्तरीय जांच और जिम्मेदारी तय हो

ग्रामीण बलवंत भंडारी, लीला भंडारी, धनी राम आर्या, पूर्व प्रधान प्रमोद जोशी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषी ठेकेदारों व अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क और दीवार की मरम्मत नहीं हुई तो समस्त ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## कांवड़ यात्रा की जाएगी आयोजित

**बनबसा, अमृत विचार :** मां पूर्णागिरि भूमिया मंदिर में हुई बैठक में पूर्णागिरि कीर्तन मंडल द्वारा निकाले जाने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर अंतिम रूप दिया गया।

भुवन भट्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में 23 जुलाई को होने वाली कांवड़ यात्रा में लगभग 300 लोगों के शामिल होने की बात कही। पैदल कांवड़ यात्रा शारदा स्नान घाट टनकपुर से शुरू होगी और समापन वंरक्षा के पूर्णागिरि भूमिया मंदिर में जिला अभिषेक के साथ होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह नेगी के संचालन में हुई बैठक में सुरेंद्र सिंह बिष्ट, रामस्वरूप अग्रवाल, नरेंद्र कुमार गोयल, उमेश सिंह नेगी, जीत सिसोदिया, त्रिलोचन जोशी, प्रेम सिंह रावत, माधवी धामी, लक्ष्मी कपड़ी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

अमृत विचार

मंगलवार, 22 जुलाई 2025





"कभी मत सोचिये कि आत्मा के लिए कुछ असंभव है, ऐसा सोचना सबसे बड़ा विधर्म है।"

# अमेरिका का साथ

पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को अमेरिका ने आखिरकार वैश्विक आतंकी संगठन घोषित कर दिया। यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। अमेरिका के निर्णय से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूती मिलनी चाहिए। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे समय पर उठाया गया अहम कदम कहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मजबूत करने के लिए अमेरिका समेत 32 देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल भेजे थे। इन देशों को सबूत के साथ बताया गया कि टीआरएफ पाकिस्तान प्रायोजित लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन है। टीआरएफ ऐसा संगठन रहा है, जिसके आतंकियों ने 5 अगस्त, 2019, संसद में अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने वाले दिन, के बाद जम्मू-कश्मीर में करीब 95 फीसदी लक्षित हत्याएं की हैं। शुरू में समझा गया था कि यह सोशल मीडिया पर सक्रिय कोई संगठन है, लेकिन सेना-सुरक्षा बलों ने जिन आतंकियों को मुठभेड़ में ढेर किया अथवा पूछताछ के दौरान जो खुलासे सामने आए, उनसे साबित होता गया कि यह लश्कर का मुखौटा संगठन है। टीआरएफ पर पाबंदी लगने से अब कोई उसे वित्तीय मदद या अनुदान नहीं दे सकेगा। उसका कोई भी सदस्य अमेरिका में नहीं घुस पाएगा। उन्हें अमेरिका का वीजा नहीं दिया जाएगा, बल्कि उनके जिन देशों के पासपोर्ट हैं, उन्हें रद्द करने का आग्रह किया जाएगा।

अब भारत इसे संयुक्त राष्ट्र से भी 'आतंकी संगठन' घोषित कराने के प्रयास करेगा। कहा जा सकता है कि भारत की कवायद इस संगठन के खिलाफ अमेरिका के सख्त फैसले का आधार बनी। अमेरिका ने इससे पहले 2001 में भारतीय संसद पर हमले के बाद लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद को आतंकी संगठन घोषित किया था। पाकिस्तान इन दोनों संगठनों की तरह टीआरएफ को भी भारत के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है लेकिन कई देशों ने आतंकवाद पर दोहरी नीति अपना रखी है। इनमें अमेरिका भी शामिल है। एक तरफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मुद्दे पर भारत के साथ खड़े होने की बात करते हैं, दूसरी तरफ आतंकवाद की नर्सरी चलाने वाले पाकिस्तान को लेकर अपने नरम रुख का इजहार भी करते रहते हैं। अमेरिका उसे आइएमएफ से कर्ज भी दिलवाता है और हथियार भी बेचता है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का ढुलमुल रवैया हैरान करने वाला है। उसने अब तक टीआरएफ को प्रतिबंधित संगठन घोषित नहीं किया है। हद यह कि पहलगाम हमले के बाद यूएनएससी ने जो बयान जारी किया था, उसमें टीआरएफ का नाम तक नहीं था। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के ताजा कदम के बाद एफएटीएफ और दूसरी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां टीआरएफ की फंडिंग की जांच करेंगी। हालांकि यह एक सकारात्मक कदम है, लेकिन पहलगाम हमले के बाद से ट्रंप प्रशासन की अन्य कार्रवाइयों को परिप्रेक्ष्य में रखना आवश्यक है। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के बाद, अमेरिका ने कई मौकों पर चार दिवसीय संघर्ष पर भारत के कथन का खंडन किया है। ट्रंप का अभूतपूर्व व्हाइट हाउस लंच और पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की प्रशंसा, सरकार द्वारा यह कहने के कुछ घंटों बाद हुई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप के साथ स्थिति स्पष्ट कर दी है और यह सवाल उठाता है कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए अमेरिका पाकिस्तान पर कितना दबाव डालने को तैयार है। पाकिस्तान सरकार, सेना और आतंक के नापाक गठजोड़ पर जब तक सभी देश एकमत नहीं होंगे, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंचेगी। भारत को वैश्विक मंचों पर टीआरएफ को बेनकाब करने की मुहिम जारी रखनी चाहिए, ताकि इस संगठन को फिर सिर उठाने का मौका न मिले। बहरहाल अमेरिका ने साबित कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ खड़ा है और उसका सहयोगी है।

## प्रसंगवश

# राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रंगों में समाया स्वाभिमान

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का इतिहास और महत्व अत्यंत गौरवशाली है। यह मात्र एक कपड़े का टुकड़ा नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, अरमानों, बलिदानों और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। स्वतंत्र भारत के इस गौरवशाली चिह्न की यात्रा सैंकड़ों वर्षों के संघर्ष, विचार-मंथन और राष्ट्र निर्माण के दौर से जुड़ी है। हमारे तिरंगे की अहमियत हर भारतीय के दिल में समाई है क्योंकि यह न केवल देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का चिन्ह है बल्कि आज़ादी के लिए चले महासंग्राम और समावेशी संस्कृति की अमिट छाप भी है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज, जिसे हम 'तिरंगा' के नाम से जानते हैं, उसे संविधान सभा द्वारा 22 जुलाई 1947 को स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया था। इसी दिन की स्मृति में प्रतिवर्ष 22 जुलाई को 'राष्ट्रीय ध्वज दिवस' मनाया जाता है, जिससे आज के युवाओं को हमारे ध्वज की गौरवगाथा और उसके पीछे छिपी अपूर्व राष्ट्रभक्ति की भावना की जानकारी मिल सके।



योगेश कुमार गोयल

वरिष्ठ पत्रकार

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के रंग, इसकी संरचना और उसके बीच स्थित चक्र, तीनों ही अपने आप में गहन दार्शनिक एवं ऐतिहासिक संदेश रखते हैं। तिरंगे में सबसे ऊपर केसरिया रंग देश के साहस, त्याग और बलिदान की भावना का प्रतीक है, मध्य में श्वेत रंग शांति, सत्य और निर्मलता का द्योतक है जबकि सबसे नीचे हरा रंग समृद्धि, विकास, उर्वरता और आशावाद का संदेश देता है। तिरंगे के मध्य स्थित गहरे नीले रंग का 24 आरी वाला अशोक चक्र धर्म और सत्य के पथ को दर्शाता है। यह चक्र सम्राट अशोक के 'सारनाथ' के शिलालेख से लिया गया है, जो प्रगति, गति और सतत बदलाव का भी प्रतीक बन गया है। इस चक्र की 24 तीलियां देश के 24 घंटे सतत क्रियाशील और जागरूक रहने की प्रेरणा देते हैं।

तिरंगे के स्वरूप की अंतिम रूपरेखा टी. पिंगली वेंकैय्या नामक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं वस्त्र वैज्ञानिक ने तैयार की थी, जो गांधीजी के मार्गदर्शन में एक ऐसा ध्वज चाहते थे, जो संपूर्ण भारत की बहुलवादी संस्कृति, स्वतंत्रता आंदोलन की भावना और आधुनिक भारत के नए मूल्यों को एक साथ समेट सके। पिंगली वेंकैय्या ने न केवल सैद्धांतिक रूप से बल्कि अधुनातन रंगों के साथ तिरंगे का सर्वसमावेशी स्वरूप प्रस्तावित किया था, जिसे संविधान सभा ने स्वीकार किया। आज भी पिंगली वेंकैय्या का नाम भारतीय ध्वज के जनक के तौर पर इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। तिरंगे के महत्व को समर्पित 'राष्ट्रीय ध्वज दिवस' का आयोजन हमें यह याद दिलाने के लिए है कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज केवल झंडारोहण या सरकारी आयोजनों तक सीमित नहीं बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता, कर्त्तव्यनिष्ठा, समाज के प्रति उत्तरदायित्व और साझा भारतीयता के उच्च आदर्शों का जीवंत परिचायक है। आरंभिक आंदोलनकारियों के बलिदानों की विरासत, महान संविधान निर्माताओं की दूरदृष्टि और समावेशी राष्ट्रवाद के मूल्यों का शीर्ष प्रतीक है तिरंगा। देश की सीमाओं से बाहर सैन्य अभियान, विश्व मंचों पर भारत की भूमिका या देश की संप्रभुता से संबंधित हर अवसर पर तिरंगा विश्वास और गर्व का स्तंभ बनकर लहराता है। 'सत्यमेव जयते' अर्थात सत्य की ही विजय होती है, यह संदेश भारतीय तिरंगे की आत्मा में बसा है, जो हर भारतवासी के जीवन का आदर्श होना चाहिए।

# फंडिंग और बाहरी एजेंडे से प्रेरित होता है धर्मांतरण





सुनील कुमार महला

स्तंभकार

आज जनसंख्या की दृष्टि से भारत विश्व का सबसे बड़ा देश है और हमारे भारतीय संविधान में, भारत को एक 'पंथनिरपेक्ष' राज्य घोषित किया गया है, जिसका अर्थ है कि राज्य का कोई आधिकारिक धर्म नहीं है, और यहां सभी नागरिकों को अपने-अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है, लेकिन पिछले कुछ समय से मीडिया की सुर्खियों में देश में धर्मांतरण संबंधी बातें लगातार सामने आ रहीं हैं, इसे किसी भी हाल और परिस्थितियों में ठीक व जायज़ नहीं ठहराया जा सकता है। साथ ही बताता चलूं कि धर्मांतरण (धर्म परिवर्तन) का मतलब है किसी व्यक्ति का एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन करना या किसी व्यक्ति का धार्मिक विश्वास बदलना। दूसरे शब्दों में कहना ग़लत नहीं होगा कि कोई व्यक्ति विश्वास व मूल्यों में परिवर्तन के कारण भी अपना धर्म बदल सकता है।

धार्मिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार भी धर्म परिवर्तन का कारण बन सकता है। वास्तव में, यह एक व्यक्ति द्वारा स्वेच्छा से या किसी दबाव में किया जा सकता है। मसलन, धर्मांतरण के कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि धार्मिक विश्वासों में बदलाव, विवाह, धर्म परिवर्तन के लिए लालच (आर्थिक लालच), या सामाजिक प्रभाव। कुछ लोग किसी विशेष धर्म के प्रति आकर्षण या आध्यात्मिक अनुभव के कारण धर्मांतरण कर सकते हैं। धर्मांतरण के कारण कभी-कभी व्यक्ति को सामाजिक अलगाव का सामना भी करना पड़ सकता है। बहरहाल कुछ राज्यों में, जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए कानून बनाए गए हैं। इन कानूनों का उल्लंघन करने पर सजा का प्रावधान भी किया है, लेकिन बावजूद इसके भी हमारे देश में रह-रहकर धर्मांतरण की खबरें मीडिया की सुर्खियों में आतीं रहतीं हैं। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि धर्मांतरण के मामलों पर हमारे समाज, हमें स्वयं, हमारे प्रशासन व सरकार को निरंतर सजग व सर्तक रहने की आवश्यकता है, क्यों कि इसके हमारे सामाजिक संरचना, ताने-बाने पर व्यापक असर पड़ते हैं।

> धार्मिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार भी धर्म परिवर्तन का कारण बन सकता है। वास्तव में, यह एक व्यक्ति द्वारा स्वेच्छा से या किसी दबाव में किया जा सकता है। मसलन, धर्मांतरण के कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि धार्मिक विश्वासों में बदलाव, विवाह, धर्म परिवर्तन के लिए लालच (आर्थिक लालच), या सामाजिक प्रभाव।

आज देश में अवैध धर्मांतरण कराने के लिए अनेक कट्टरपंथी नेटवर्क काम कर रहे हैं। वास्तव में ये नेटवर्क केवल धर्मांतरण तक ही सीमित नहीं हैं। धर्मांतरण के जरिये ये नेटवर्क हमारे युवाओं (हमारी युवा पीढ़ी) को कट्टरपंथ के लिए उकसाने और उन्हें देशविरोधी एजेंडे से जोड़ने का काम कर रहे हैं, जो हमारे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से एक बहुत बड़ा खतरा है। पाठकों को जानकारी देता चलूं कि हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ ज़ोन की टीम ने बलरामपुर, लखनऊ और मुंबई में छांगुर और उसके करीबी नवीन रोहरा सहित अन्य से जुड़े 15 ठिकानों पर छापा मारा। दरअसल, यह जांच उत्तर प्रदेश एटीएस द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी, जिसमें अवैध धर्मांतरण, विदेशी फंडिंग और देश की सुरक्षा से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए थे। जांच में सामने आया है कि छांगुर बाबा बलरामपुर स्थित चांद औलिया दरगाह से पूरे नेटवर्क का संचालन करता था। आरोप है कि वह अनुसूचित जाति (एससी) और आर्थिक रूप से कमजोर हिंदू वर्ग के लोगों को डराकर और बहला-फुसलाकर धर्मांतरण कराता था। उत्तर प्रदेश पुलिस का यह प्रयास काबिले-तारीफ है कि उसने धर्मातरण के बड़े गिरोह का भंडाफोड़ कर देश में सुनियोजित ढंग से चल रहे धर्म परिवर्तन को समाज और देश के सामने उजागर किया है। धर्मांतरण का आईएसआईएस से कनेक्शन भी बताया जा रहा है। सामने आया है कि छह राज्यों में धर्मांतरण का नेटवर्क फैला हुआ है तथा इस संदर्भ में विदेशी फंडिंग का खुलासा भी हुआ है, जो अपने आप में बहुत बड़ी बात है। देश में धर्मांतरण के गैंगों का सक्रिय होना कोई छोटी बात नहीं है। इन गैंगों के अलग-अलग मॉड्यूल काम कर रहे हैं, मसलन कोई फंडिंग जुटाने का तो कोई लोगों को रैडिकलाइज करने का तो कोई उन्हें छिपाने की व्यवस्था कर रहें हैं, यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है। यहां तक कि इन कट्टरपंथी गैंगों के कनेक्शन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी जुड़े पाए गए हैं। यह बहुत गंभीर है कि विभिन्न सिंडिकेट से अमेरिका, कनाडा और दुबई से फंडिंग मिलने के सबूत तक मिले हैं। एक प्रारंभिक जांच में यहां तक पता चला है कि इन कट्टरपंथी नेटवर्क का संपर्क लश्कर-ए-तइबा से भी है। धर्मांतरण के जो मामले सामने आए हैं, वह अच्छी बात है, प्रशासन, पुलिस, अधिकारी व सरकार लगातार इन कट्टरपंथी नेटवर्क की धरपकड़ में लगे हुए हैं, कुछ को गिरफ्तार भी किया गया है और छानबीन, जांच-पड़ताल लगातार की जा रही है, लेकिन इस बात की आशंका को कतई नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है कि न जाने कितने छांगुर और धर्मांतरण के अवैध नेटवर्क अब भी हमारे देश में चल रहे होंगे। हाल फिलहाल, इसमें कोई दोराय या संदेह नहीं है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मांतरण गैंग के लिए तगड़ा आपरेशन करते हुए तगड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है, लेकिन यहां यक्ष प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर वे कौन लोग हैं जिनकी लापरवाही, मिलीभगत से ऐसे धर्मांतरण नेटवर्किंग को पनपने का मौका मिल सका? क्या ऐसे अधिकारियों और प्रशासकों पर कठोर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए? वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए निरंतर सतर्क और समन्वित, यथेष्ठ और ईमानदार प्रयास किए जाएं। समाज को शिक्षित व जागरूक करना तो आवश्यक है ही। हम सभी को देश व समाज में धार्मिक व सामाजिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने की दिशा में एकजुट होकर काम करना होगा।

## आमने सामने



भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा, "सदन की मर्यादा का उल्लंघन किया जा रहा है, हर सत्र बाधित होता है। प्रत्येक मुद्दे के लिए समय आवंटित किया गया है, लेकिन विपक्ष नहीं चाहता कि कार्यवाही हो..."



कांग्रेस सांसद जेबी माथेर का कहना है, "जब हमारा देश एक खतरनाक दौर से गुज़र रहा था, उस समय भारत गठबंधन ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी, लेकिन अभी तक कई सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। ऐसे कई मुद्दे हैं जिनका जवाब सरकार को देना चाहिए।

# संसद में हंगामा, समय और संसाधनों की बर्बादी



डॉ. आशीष वशिष्ठ

लखनऊ

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष ने दोनों सदनों में पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा-पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रंप 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा-हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि, एक ओर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और शानदार सफलता की दुंदभि देशवासियों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी जोर-शोर से बज रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता अपने एक एजेंडा और झूठे नैरेटिव के साथ भारत को बदनाम करने के मिशन पर चल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राहुल गांधी बार-बार सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि हमारे कितने फाइटर जेट को नुकसान हुआ। दरअसल, वे पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्हें पूछना तो यह चाहिए कि हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान को किस तरह तहस-नहस कर दिया? लेकिन राहुल गांधी द्वारा अनाप-शनाप तरीके से ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना किसी के भी गले नहीं उतर रही है।

> वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है।

वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय कहीं राजनीतिक तौर मोदी सरकार को न मिल जाए, इसलिए विपक्ष लगातार रणनीति के तहत अनावश्यक सवाल पूछ कर ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और सरकार को संदेह के घेरे में खड़ा कर रहा है। विपक्ष के इस रवैये से सेना का मनोबल तो गिरता ही है, वहीं देश की उपलब्धियों और गर्व के क्षणों पर भी ग्रहण लगता है।

ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्ष खासकर कांग्रेस किसी विदेशी नेता के बयान या रिपोर्ट के आड़ में संसद को समय बर्बाद कर रहा है। विपक्ष अपने आलोचना धर्म की आड़ में विपक्ष देश की उपलब्धियों और मान-सम्मान पर बेजा टीका-टिप्पिणयां करने से बाज नहीं आता। राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई अपनी जगह है। पक्ष-विपक्ष में बहस, तर्क वितर्क और टीका टिप्पणी तो लोकतंत्र की प्राणवायु है। लेकिन सरकार या किसी राजनीतिक दल पर हमला करते करते देश के मान सम्मान को नीचा गिरा देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। और देश के संविधान, सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को हासिल नहीं है। भले ही व्यक्ति किसी भी पद या पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ हो। हर नागरिक के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव सर्वोपरि, सर्वोत्तम और सिर माथे पर होना ही चाहिए।

मामला चाहे देश की सुरक्षा से जुड़ा हो या फिर आर्थिक क्षेत्र की बात हो। विपक्ष सरकार, सेना और संवैधानिक संस्थाओं के बयान पर विश्वास करने की बजाय दूसरे देशों और विदेशी एजेंसियों एवं संस्थाओं के बयान, रिपोर्ट और बयानबाजी पर संसद में हंगामा करता है। असल में संसद सत्र के दौरान देश और दुनिया का ध्यान उस तरफ होता है। इस समय और अवसर का देशहित और जनहित में करने की बजाय विपक्ष सरकार की छवि धूमिल करने, उसकी साख गिराने और अपनी राजनीति चमकाने के लिए करता है। इस साल बजट सत्र में राज्यसभा की प्रॉडक्टिविटी 119 प्रतिशत, जबकि लोकसभा की 118 प्रतिशत रही। विपक्ष ने नई शिक्षा नीति, मणिपुर के हालात और बढ़ती रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवाल पूछे थे। इस दौरान कुल 16 बिल पास हुए। बजट सत्र के आंकड़े भले थोड़े अच्छे दिख रहे हों, पर आमतौर पर संसद से हंगामे की तस्वीरें ही ज्यादा आती हैं। लेकिन बजट सत्र के विपरीत शीतकालीन सत्र में संसद के बहुमूल्य समय और संसाधन नष्ट हुए।

18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 57.87 प्रतिशत, राज्यसभा में 41 प्रतिशत रही। संविधान पर चर्चा के दौरान लोकसभा में 16 घंटे जबकि राज्यसभा में 17 घंटे बहस हुई। वहीं, लेजिस्लेटिव थिंक टैंक पीआरएस इंडिया के अनुसार 20 दिनों की कार्यवाही में से लोकसभा में 12 दिन प्रश्न काल 10 मिनट से ज्यादा नहीं चल सका। शीत सत्र उदाहरण है, जब लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हो गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप लगातार दोहरा रहे हैं कि उन्होंने दोनों पड़ोसियों में शांति कराई। अब तो उन्होंने यह भी दावा कर दिया है कि संघर्ष में कुछ जेट गिरे थे। सरकार पर स्थिति स्पष्ट करने का दबाव होगा। इसी तरह, चुनाव आयोग का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी सर केवल वोटिंग लिस्ट की समीक्षा तक सीमित नहीं रह गया है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी सर की टाइमिंग को सही नहीं माना है, तो सरकार को कुछ कठिन प्रश्नों का सामना करना पड़ सकता है। संसद की कार्यवाही अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बर्बादी है।

## मंथन

# शादी और तलाक़



अमरजीत सिंह

लखनऊ

शादी और तलाक़ प्राणी जगत में सिर्फ मानव प्रजाति में ही पाये जाते हैं। सबसे मज़ेदार बात यह है कि हम संबंधों की गहन रिसर्च के बावजूद आज तक शादी और तलाक़ के सही और सर्वमान्य कारण नहीं खोज सकें हैं। लेकिन एक बात तो तय है कि तलाक़ का मुख्य कारण शादी तो है ही। पति-पत्नी में झगड़े मनमुटाव पहले भी होते थे लेकिन वह संबंध विच्छेद या तलाक़ की शक्ल अख्तियार नहीं करते थे। जैसे-तैसे एक साथ रहते रहते, जिम्मेदारियां निभाते निभाते विवाह को चलाते रहते थे। लेकिन आजकल पति-पत्नी शादी के तुरंत बाद और बीस-पच्चीस वर्षों तक साथ रहने के बाद भी तलाक़ ले रहें हैं। शायद इसकी वजह एक-दूसरे पर आर्थिक निर्भरता कम हो रही है और आज "दुनिया क्या कहेगी" का भाव विदा हो रहा है। ख़ैर वजह कोई भी हो तलाक़ के मामले कोर्ट-कचहरियों में लगातार बढ़ रहें हैं। आधुनिक समय में शादी-विवाह की जगह "लिविंग इन" रिलेशनशिप ले रही है। तलाक़ की जगह ब्रेकअप ले रहें हैं। भारत में लिविंग इन रिलेशनशिप और डिवोर्स विदेशों से आयातित वस्तु है। लेकिन आज की यह सच्चाई बन चुकी है।

पीछे अभी तलाक़ शुदा जोड़ों के विषय में पढ़ रहा था। उसमें कहा गया कि यदि कोई तलाक़ शुदा कपल डिवोर्स के दस-बारह वर्ष बाद एक दूसरे से मिलें तो वह पाएंगे कि जिन वजहों से उनका तलाक़ हुआ था अब वह कारण ही समाप्त हो चुकें हैं। उनके बीच की कड़वाहट शायद अब नहीं है। अब वह अगर चाहें तो दोबारा एक साथ रहने की शुरुआत कर सकते हैं।

हो सकता है इसमें कोई सच्चाई हो लेकिन देखा गया है कोई भी रिश्ता जहां दस-बारह वर्ष का अंतराल आ गया हो, एकदम से सब भूल पाना अगर असंभव नहीं है तो भी बहुत मुश्किल तो है ही। एक बार रिश्तों की डोर में टूटन हो जाए और उनमें गांठ पड़ जाए तो उसे पहले जैसा हो जाना बहुत मुश्किल है। इसलिए कोशिश यह होनी चाहिए बात इस हद तक ना बढ़ने दी जाए का टूटन हो जाए। अगर टूटन हो भी जाए तो उसे जल्द ही दोबारा जोड़ने की कोशिश कर लेनी चाहिए। अगर मानसिक और शारीरिक फासले लंबे समय तक बरकरार रहें तो दूरियां स्थाई हो जाती हैं।

जिन स्त्री-पुरुषों के बीच तलाक़ हो जाता है वह समाजिक रूप से किसी से दोबारा स्थाई संबंध स्थापित नहीं कर पाते। कोई न कोई अड़चन आती ही रहती है। इसके लिए यही बक़ौल शायर, "ग़र तड़पना पड़े याद में उम्र भर, रोक लो रूठ कर उनको जाने ना दो। बाद में प्यार के चाहे भेजो हज़ारों पैग़ाम, वो फिर नहीं आते।"

## सोशल फोरम

# डिजिटल भीड़ की सनक



जब किसी शिक्षक की कोई नकारात्मक खबर बाहर आती है, तो जैसे पूरा समाज ही एक निजी अदालत बन जाता है। दोष एक व्यक्ति का होता है, लेकिन कलंक पूरे शिक्षकों पर मढ़ दिया जाता है। यह कोई न्यायिक प्रक्रिया नहीं होती, बल्कि सामाजिक और डिजिटल भीड़ की वह सनक होती है जो सोशल मीडिया पर लाइक्स, कमेंट्स और तीखी प्रतिक्रियाओं के सहारे नैतिकता का तमाशा रचाती है। इसमें सबसे अधिक विचलित करने वाली बात यह है कि अब शिक्षकों के भीतर से ही ऐसे चेहरे उभर रहे हैं जो अपनी सार्वजनिक छवि को चमकाने के लिए अपने ही साथियों की सामाजिक निंदा में मुखर हो जाते हैं।



प्रवीण त्रिवेदी

फतेहपुर

> समय की मांग यही है कि शिक्षक अपना फोकस सोशल मीडिया पर नैतिकता का अभिनय करने से हटाकर अपने मूल कार्य-पढ़ाने, सोचने और समाज को दिशा देने-पर लगाए। गलत को गलत कहें, लेकिन उसकी सार्वजनिक निंदा में शामिल होकर शिक्षा के मंच को तमाशे का मैदान न बनाएं।

आजकल कई शिक्षक साथी सोशल मीडिया पर ऐसी नकारात्मक खबरों पर इतनी तत्परता से प्रतिक्रिया देते हैं, मानो वे किसी आदर्श मंडली के निर्वाचित प्रतिनिधि हों। उनका लहजा कुछ ऐसा होता है कि "देखो, हम उनसे अलग हैं... हम तो पूरी तरह से सच्चे, कर्मठ और जिम्मेदार हैं।" यह नैतिकता नहीं, एक किस्म का छद्म-प्रदर्शन है-जिसके पीछे की मंशा अपने मूल शिक्षकीय उत्तरदायित्व नहीं, बल्कि अपने को अधिकारियों और समाज की नजर में 'आदर्श शिक्षक' के रूप में प्रमोट करना होता है।

लेकिन इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या किसी भी शिक्षक के गुण-दोष का मूल्यांकन सोशल मीडिया पर भीड़ के शोर से होना चाहिए? क्या हम यह भूल गए हैं कि शिक्षकों की आचार-संहिता, अनुशासन और जवाबदेही तय करने के लिए पूरे विभागीय नियम और संस्थागत प्रक्रियाएं मौजूद हैं? जब कोई ग़लती होती है, तो जांच, स्पष्टीकरण, रिपोर्ट, अनुशासनात्मक प्रक्रिया-सबका एक सुव्यवस्थित ढांचा है। अगर हम शिक्षक होने के बावजूद उस ढांचे को नकारकर सोशल मीडिया की सार्वजनिक दीवारों पर साथी शिक्षक को टांगे रखने लगेंगे, तो शिक्षा व्यवस्था की नैतिकता खुद हमसे सवाल करेगी।

जो शिक्षक दूसरों की गलतियों को अपनी छवि निर्माण की सीढ़ी बना रहे हैं, वे असल में उस सामूहिक गरिमा को क्षीण कर रहे हैं, जिसके बल पर शिक्षक समाज खड़ा रहता है। आज जिस पर पत्थर फेंक रहे हो, कल उसी छाया में तुम्हें खड़ा होना पड़ सकता है। इसलिए न्याय का अधिकार विभागीय प्रणाली को देना चाहिए, न कि अपने हाथ में लेकर डिजिटल भीड़ का हिस्सा बन जाना चाहिए।

समय की मांग यही है कि शिक्षक अपना फोकस सोशल मीडिया पर नैतिकता का अभिनय करने से हटाकर अपने मूल कार्य-पढ़ाने, सोचने और समाज को दिशा देने-पर लगाए। गलत को गलत कहें, लेकिन उसकी सार्वजनिक निंदा में शामिल होकर शिक्षा के मंच को तमाशे का मैदान न बनाएं। शिक्षक होने का अर्थ है विवेकशील होना, न कि हर मुद्दे पर प्रतिक्रियाशील। तभी हम शिक्षकों की गरिमा को भी बचा पाएंगे और समाज के भरोसे को भी। - *फेसबुक वॉल से*

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



# गोरक्ष कहे सुण हरे अवधू...

अध्यात्म मनुष्य के जीवन का एक अभिन्न अंग है। यह उसकी सोच, जीवन शैली और यहां तक कि समाज की दिशा भी तय करता है। यह एक निर्विवादित यथार्थ है, जिसका भारतीय संदर्भ में और भी गहरा महत्व है। इसी अध्यात्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है नाथ पंथ, जिसकी जड़ें भारतीय इतिहास में बहुत गहरी हैं। इस पंथ की विस्तृत समझ के लिए हमें इतिहास की गहराइयों में जाना होगा।

नाथ पंथ के कालखंड को लेकर विद्वानों में भिन्न-भिन्न मत हैं, फिर भी आठवीं से अठारहवीं शताब्दी तक के मध्यकाल को लेकर उनमें एकरूपता दिखती है। यह वह समय था जब भारतीय समाज अनेक जटिलताओं से घिरा हुआ था। आज की तरह ही आबादी का एक बड़ा हिस्सा गांवों में निवास करता था, और आजीविका का मुख्य साधन खेती और पशुपालन ही था। मशीनी युग का इतना विस्तार नहीं हुआ था, और बाज़ार का आधुनिक स्वरूप भी विकसित नहीं था। समाज अनेक मतों में विभक्त था, जिनमें शैव, शाक्त, बौद्ध, जैन और वैष्णव मार्गी प्रमुख थे। इस दौरान देसी राजा शासन कर रहे थे, और ऊँच-नीच का भेदभाव प्रबल था। सामाजिक सोच, समझ और प्रशासनिक व्यवस्था में बिखराव था। ऐसे में, इस बिखराव को समाप्त करने, जीवन में शुचिता और अनुशासन लाने की प्रबल आवश्यकता महसूस हुई। ज़ाहिर है, यह सब आध्यात्मिकता से ही संभव था। इसी बड़े "बिखराव" को पाटने के लिए नाथ पंथ का उदय हुआ। आचार्य रामचंद्र शुक्ल का मानना है कि बौद्धों की वज्रयान शाखा ही नाथ पंथ के रूप में विकसित हुई। नाथ पंथ के आगमन के साथ ही शैव, शाक्त, बौद्ध, जैन और वैष्णव मतों के अनुयायी इस संप्रदाय में समाहित होने लगे।

यूं तो नाथ संप्रदाय का आरंभ आदिनाथ भगवान शिव से माना जाता है, इसलिए शिव को ही आदि गुरु दत्तात्रेय के साथ नाथ संप्रदाय के प्रथम उपदेशक और परम आराध्य के रूप में संदर्भित किया गया है। दत्तात्रेय के शिष्य मत्स्येंद्रनाथ हुए, और उनके शिष्य गोरक्षनाथ। यह वही गोरक्षनाथ जी हैं जिनके नाम पर आज गोरखपुर महानगर बसा हुआ है।



गुरु गोरक्षनाथ को नमन करते गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश।

### धर्म और राज्य के बिखराव को रोकने का किया प्रयास

- गुरु गोरक्षनाथ ने धर्म और राज्य के बिखराव को रोकने का प्रयास किया और इसे एक सुव्यवस्थित रूप प्रदान किया। इस पंथ के साधक हठयोग पर विशेष बल देते हैं, इसलिए इन्हें योग मार्गी भी कहा जाता है। गुरु गोरक्षनाथ ने योग अंग क्रिया (योग, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान) को महत्व दिया और इसके माध्यम से हठयोग का उपदेश दिया। उनकी शिक्षाओं और चमत्कारों से प्रभावित होकर उस समय के अनेक बड़े राजा दीक्षित हुए। उन्होंने अपना वैभव त्याग कर जनकल्याण में योगदान दिया। इनमें राजा भर्तृहरि, बप्पा रावल, गोगा जी, पूरणमल भगत और मान नाथ शामिल हैं, जो उनके शिष्य बने। आलम यह था कि इस संप्रदाय का विस्तार भारत के लगभग सभी प्रांतों में हुआ, और काबुल, कंधार, सिंध, बलूचिस्तान, कच्छ तथा अन्य देशों तक इसकी प्रसिद्धि पहुंची, जहां लोग इसके अनुयायी बने।

- गोरक्षनाथ जी ने संस्कृत और लोक भाषा में योग संबंधी साहित्य की रचना की। उनके द्वारा रचित ग्रंथों की संख्या 40 बताई जाती है, जिनका संकलन गोरख वाणी में किया गया है। उन्होंने माना है कि सिद्धियों के पार जाकर शून्य समाधि में स्थित होना ही योगी का परम लक्ष्य होना चाहिए। वे अपनी एक सूक्ति में प्राणीमात्र के बड़े अनुशासन के पक्ष में नज़र आते हैं। वे कहते हैं :

"गोरक्ष कहे सुण हरे अवधू, जग में ऐसै रहणा।
आषै देषिबा कानै सुणिबा मुष थै कछु न कहणा"

### नेपाल में राजकीय मुद्रा पर अंकित हैं गुरु गोरक्षनाथ

*श्री गोरक्षनाथ का नाम नेपाल देश में वंदनीय है। नेपाल के राजा इनको अपना प्रधान गुरु के रूप में मानते हैं। यहां तक कि नेपाल की राजकीय मुद्रा सिक्के पर श्री गोरक्षनाथ जी का नाम है और वहाँ के एक प्रांत के निवासी गोरखा कहलाते हैं, जिनका नाम भी उन्हीं से पड़ा माना जाता है। भारत के प्राय: सभी प्रांतों में योगी संप्रदाय के आश्रम हैं। उनके नाम पर कई विख्यात स्थान (जैसे गोरखपुर) और महोत्सव मनाए जाते हैं। राजस्थान में गोगा जी का जन्म गोरक्षनाथ के वरदान से हुआ था, जो एक प्रसिद्ध कथा है। संक्षेप में, गोरक्षनाथ ने योग और अद्वैत वेदांत के सिद्धांतों को सरल बनाकर जन-जन तक पहुंचाया, सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दिया, और नाथ संप्रदाय को एक संगठित तथा प्रभावशाली परंपरा के रूप में स्थापित किया।*



ब्रह्लीन दिग्विजय नाथ।



ब्रह्लीन अवैद्यनाथ।

- आचार्य अक्षय कुमार बनर्जी के अनुसार, गोरक्षनाथ मंदिर और मठ के बारे में परंपरागत मान्यता यह है कि वह मंदिर और इसके साथ का मठ ठीक उसी स्थान पर बनाए गए हैं जहां रहकर सिद्ध योगीराज गोरक्षनाथ ने बहुत दिनों तक गहनतम समाधि का अभ्यास किया था। तब के समय में यह स्थान एक घना जंगल हुआ करता था। नाथ संप्रदाय के इस महान प्रतिस्थापक ने इस स्थान को अपने आध्यात्मिक और अतिमानवीय गौरव से पवित्र किया।
- गोरखपुर में आज हम जिस विशाल और भव्य मंदिर का दर्शन कर हर्ष और शांति का अनुभव करते हैं, वह ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी की कृपा से है। इसके बाद उनके उत्तराधिकारी पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ जी हुए। उन्होंने इस परंपरा को आगे बढ़ाया और इस उत्तराधिकार को वर्तमान पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी के मज़बूत हाथों में सौंपा। अब वे ही इस पीठ के पीठाधीश्वर हैं। उनके संरक्षण में श्री गोरक्षनाथ मंदिर विशाल आकार-प्रकार, प्रांगण की भव्यता तथा पवित्र रमणीयता प्राप्त कर रहा है। पुराना मंदिर प्रांगण नव-निर्माण की विशालता और व्यापकता में समाहित हो गया है। मंदिर के भीतर वेदी की ओर एक निश्चल दीपशिखा है। यह दीपशिखा रात-दिन सतत रूप से मंद-मंद जलती रहती है, और इसे कभी बुझने नहीं दिया जाता। यह परम ज्योति का उपयुक्ततम प्रतीक है, जिसमें शिव और विष्णु परम तत्व के निरपेक्ष और सापेक्ष स्वरूप एक ही रूप में अभिव्यक्त होते हैं। अनेक तीर्थयात्री गोरक्षनाथ की इस तपोभूमि और उनके नाम से प्रसिद्ध पवित्र मंदिर के दर्शन के लिए बारह महीने आते रहते हैं। मंदिर में सांस्कृतिक पूजा लगभग थोड़ी-थोड़ी देर के बाद रात-दिन बराबर होती रहती है। पूरी संस्था एक योगी के प्रबंधन में है, जिन्हें महंत कहते हैं। महंत का स्थान बड़ा ही उच्च और पूज्य माना जाता है।
- गोरक्षनाथ तथा उनकी परंपरा के योगी-सिद्धों ने जहां योग साधना को व्यावहारिक स्वरूप प्रदान किया, वहीं उसे आम जन के लिए सुलभ बनाया। उन्होंने परम सत्य को भी अपने आध्यात्मिक अनुभव से सार्वजनिक किया।

### गोरक्षनाथ जी "गोरख वाणी" में कहते हैं:

"अजपा जपै सुनि मन धरै, पांचो इंद्री निग्रह करें।
ब्रह्म अगनि में होमै काया, तास महादेव बंदै पाया।"

### गुरु परंपरा और "आदेश" का महत्व

- नाथ संप्रदाय में गुरु-शिष्य परंपरा का विशेष महत्व है। "आदेश" शब्द इस संप्रदाय का अभिवादन है, जिसका अर्थ है आत्मा, दिव्य आत्मा और शरीर आत्मा का मेल। यह गुरुओं और समाधि स्थलों के सामने प्रणाम के रूप में उपयोग होता है। इसका प्रयोग शिष्य अपने गुरुओं के प्रति आदर व्यक्त करने के लिए करते हैं, और गुरु अपने शिष्यों को आशीर्वाद देते समय इसका प्रयोग करते हैं। योगी बालकनाथ जी के अनुसार, गुरु ही वह माध्यम हैं जिसके द्वारा मनुष्य चौरासी लाख योनियों के बंधन से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त कर सकता है।

### नाथ योगी और 'हठ' योग

- हठ योग में 'ह' सूर्य और 'ठ' चंद्रमा का प्रतीक है, जो शरीर में ऊर्जा के संतुलन को दर्शाता है। इसमें ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से शरीर की ''इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना'' नाड़ियों को नियंत्रित किया जाता है। गोरक्षनाथ जी ने हट योग के माध्यम से हरिद्वार के ऊपर स्थित झिलमिल गुफा में 65,000 मंत्रों को सिद्ध किया। उन्होंने संस्कृत के कई मंत्रों का हिंदी में अनुवाद भी किया, जिससे ये आम लोगों तक पहुंच सके।

*प्रस्तुति: सिद्धार्थ श्रीवास्तव*

चिंतन

# धर्म की उत्कृष्ट अवस्था ही हैं अध्यात्म

धर्म का अर्थ है धारण करना, वह क्रियाएं,वह सिद्धांत जिनको हम पूर्ण रूप से स्वीकार कर धारण करते हैं अर्थात धारण करने योग्य ही धर्म है अब चाहे वह सिद्धांत हो या क्रिया हो या कोई मनोभाव ही क्यूँ ना हों, हमारे वेदों और पुराणों में यही सिद्धांत, क्रियाये, वर्णित हैं जो सांसारिक जीवन को जीने के लिए, जीवन का निर्वाह करने के लिए आवश्यक हैं

सांसारिक जीवन में धर्म हर रिश्ते, हर मनोभाव,हर जीव के अनुशाशित आचरण को साधता हैं, फिर वो चाहे पिता का, पुत्र का, माता का, मित्र का धर्म ही क्यों ना हों, धर्म सामाजिक व्यवस्था का सुडोल और सूद्रन ढांचा हैं और वह जीवंत रहता हैं आध्यात्मिक चेतना से, सारे सिद्धांत मौलिक रूप से एक ही स्वरूप को दर्शाते हैं जो हैं धर्म वैज्ञानिक पृष्ठभूमि के यह सिद्धांत ही हमारे वेदों, हमारे उपनिषदों, में इंगित हैं इन को धारण कर के ही हम जीवन में कर्तव्यों का निर्वाह करते हैं पर जब धर्म बुद्धि से उतरकर मन और आत्मा तक पहुंच जाता है तब वहीं से आध्यात्मिक चेतना की जागृति होती है और आध्यात्मिक बल मिलना आरंभ होता है, जब हमारी आत्मा धर्म को धारण कर लेती हैं तब ही हमारा आध्यात्मिक स्वरूप जागृत होता हैं यानी धर्म का आत्म केंद्रित होना ही अध्यात्म हैं, धर्म और अध्यात्म बाहरी रूप से दो अलग-अलग बातें नजर आती है पर वास्तविक रूप से "एक शरीर और एक प्राण है धर्म और अध्यात्म" धर्म क्रिया है और अध्यात्म उसे आत्मसार करने की प्रक्रिया है जैसे आदतों से संस्कार बनते हैं वैसे ही धार्मिक आचरण व क्रियो में लिप्त रहना उनको करते रहना ही उन्हें आत्मसार करता हैं धर्म से जुड़ी क्रियो को करते रहना उनका अभ्यास करते रहना ही उनको हमारी आत्मा तक पहुंचा सकता है यानी "रिचुअल से ही स्पिरिचुअल बन सकते हैं "धर्म की उत्कृष्ट अवस्था ही हैं आध्यात्म"



**धर्म और अध्यात्म बाहरी रूप से दो अलग-अलग बातें नजर आती है पर वास्तविक रूप से "एक शरीर और एक प्राण है धर्म और अध्यात्म"**

*प्रस्तुति: ज्योतिषचार्या डॉ.स्वाती सक्सेना*



*प्रस्तुति: मनोज त्रिपाठी*

# धर्म-अध्यात्म की एआई यात्रा में आत्मा की खोज

आधुनिक तकनीक और प्राचीन आध्यात्मिक ज्ञान का मिलन अब कल्पना नहीं, हकीकत बन रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) न केवल बिजनेस, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, बल्कि अध्यात्म की दुनिया में भी प्रवेश कर चुकी है। एआई का इस्तेमाल धर्म और अध्यात्म के क्षेत्र में नई संभावनाएं लेकर आया है। धर्म, पूजा-पाठ, ध्यान और निजी ध्यात्मिक अनुभवों को नए आयाम देने में इसकी भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। एआई की मदद से पवित्र ग्रंथों के साथ बातचीत को नया रूप मिल रहा है। इसका प्रयोग आध्यात्मिक मार्गदर्शन को निजी बनाने के साथ धार्मिक अनुष्ठान भी बढ़ा रहा है। लेकिन इस सबके बावजूद अध्यात्म की दुनिया में एआई से आ रहे बदलावों के बीच यह सवाल कम महत्वपूर्ण नहीं है कि इसे एक नई चेतना की शुरुआत माना जाए या भ्रम का युग। पूरी दुनिया में इस बात को लेकर बहस छिड़ी है कि क्या एआई आत्मा की खोज में सहायक होगा या इस विषय को और भटका देगा।

आज इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि एआई संचालित विश्लेषण ने गीता, बाइबिल, कुरान जैसे पवित्र ग्रंथों के अध्ययन में नई जान फूंक दी है। धर्म और अध्यात्म से जुड़े गूढ़ विषयों पर नए दृष्टिकोण के साथ प्रासंगिक तथा समावेशी समझ प्रदान की है। एआई के माध्यम से धार्मिक ग्रंथों का उन्नत विश्लेषण उन पर आस्था रखने वाले लोगों का भरोसा और बढ़ा रहा है। पारंपरिक प्रथाओं और धार्मिक मान्यताओं को समृद्ध कर रहा है। एआई संचालित ऐप्स आभासी आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में लोगों को प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं। उपयोगकर्ता की भावनाओं और आध्यात्मिक आवश्यकताओं के मुताबिक निजी प्रार्थनाएं और ध्यान संबंधी चिंतन तैयार किए जा रहे हैं।

### एआई का धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में बढ़ता इस्तेमाल क्या दुनिया के लिए नई चुनौती पेश कर सकता है?

### डिजिटल पूजा और वर्चुअल मंदिर

- एआई के माध्यम से श्रद्धालु वर्चुअल पूजा स्थलों और मंदिरों का अनुभव ले सकते हैं। कई एप्स और वेबसाइट्स एआई आधारित वर्चुअल दर्शन की सुविधा प्रदान करती हैं। इनके जरिए भक्त 3-डी और 360 डिग्री तकनीक का उपयोग करके अपनी इच्छा के मुताबिक मंदिर में मौजूद रहने का अनुभव कर सकते हैं।

### बढ़ेंगे डिजिटल गुरु और ज्योतिषी



- अध्यात्म में एआई के प्रवेश से आने वाले समय में डिजिटल गुरुओं की संख्या तेजी से बढ़ सकती है। इसी तरह एआई ज्योतिषी या भविष्यवक्ता आपके कर्म, राशिफल के आधार पर फलित बताने के साथ पूर्व जीवन की एआई आधारित व्याख्या करते नजर आ सकते हैं। जेफरी सेलावी ऐसा ही एक ज्योतिषीय उपकरण है, जो एस्ट्रल मैप्स और राशि चक्र कुंडली की गणना करता है। टैरो मास्टर, टैरो टैप भी कुछ ऐसे ही तकनीकी उपकरण हैं।

### आध्यात्मिक चैटबॉट्स कर रहे मार्गदर्शन

- एआई आधारित चैटबॉट्स, जैसे कि धर्मबॉट्स, भक्तों के सवालों का जवाब देकर उन्हें धार्मिक और आध्यात्मिक रास्ता दिखाने का काम कर रहे हैं। यह तकनीक न केवल त्वरित उत्तर देती है, बल्कि लोगों को उनके विषय से संबंधित गहन जानकारी भी प्रदान करती है। गीताजीपीटी के माध्यम से आध्यात्मिकता, दर्शन और संस्कृति का अन्वेषण किया जा सकता है, तो बाइबिल एआई सटीकता के साथ बाइबिल संबंधी अध्ययन उपलब्ध कराता है। बात चैटजीपीटी की करें, तो इससे अब तमाम लोग जीवन का उद्देश्य और आत्मा क्या है, जैसे सवाल पूछते हैं और इनका जवाब भी पाते हैं।

### मेट्रो में बैठकर हिमालय में ध्यान

- एआई आधारित ध्यान एप जैसे कि कॉम और हेड स्पेस अपने उपयोगकर्ताओं को निजी स्तर पर ध्यान और योगाभ्यास के सत्र प्रदान करते हैं। इस दौरान तकनीक के जरिए साधक की प्रगति का विश्लेषण कर उन्हें बेहतर सुझाव दिए जाते हैं। इसी तरह एआई आधारित गाइडेड मेडिटेशन, वर्चुअल रियलिटी के साथ जुड़कर कुछ इस तरह के ध्यान का अनुभव दे रहे हैं, जैसा कि आप हिमालय की गोद में बैठकर महसूस करते हैं, भले ही आप मेट्रो में सफर कर रहे हों या सुबह के समय अपनी छत पर बैठे हों।

### मंत्रों और धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन

धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने, उनका अनुवाद करने के साथ मंत्रों, वचनों या श्लोकों का अर्थ समझाने के लिए दुनिया भर में अब एआई का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। यह सुविधा उन लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो संस्कृत, अरबी या अन्य प्राचीन भाषाएं नहीं जानते हैं। इसी क्रम में कई एआई आधारित ऐप लोगों को मंत्रोच्चारण और जीवन दर्शन सिखाने के काम में लगे हैं। उदाहरण के लिए सिबिल एआई जैसे नेटवर्क के जरिए आध्यात्मिक अंतृदष्टि और मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

## बिजनेस ब्रीफ

### पानीपत में लगेगा हरित हाइड्रोजन संयंत्र

**नयी दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने सोमवार को कहा कि उसकी इकाई हरियाणा में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की पानीपत रिफाइनरी में सबसे बड़ा हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करेगी। यह परियोजना राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप है जिसका उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन उत्पादन और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। लार्सन एंड टुब्रो की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एलएंडटी एनर्जी ग्रीनटेक लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जाने वाला यह संयंत्र केंद्र के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का समर्थन करते हुए 25 वर्ष तक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) को प्रति वर्ष 10,000 टन हरित हाइड्रोजन की आपूर्ति करेगा।

### एनटीपीसी के निदेशक मंडल का होगा पुनर्गठन

नयी दिल्ली, 21 जुलाई (भाषा) सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की दो इकाइयों... टीएचडीसी इंडिया लि. और नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, विद्युत मंत्रालय ने नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (नीपको) और टीएचडीसी इंडिया के निदेशक मंडल में एक गैर-कार्यकारी चेयरपर्सन की नियुक्ति और चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद को प्रबंध निदेशक के रूप में पुन: नामित करने का प्रस्ताव रखा था।

### बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर पड़ी सुस्त

**नई दिल्ली।** भारत के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जून, 2025 में घटकर 1.7 % रही है। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़ा था। आंकड़ों के अनुसार, बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि मई की तुलना में थोड़ा बेहतर रही है। मई में इन क्षेत्रों का उत्पादन 1.2 प्रतिशत बढ़ा था। 5प्रमुख उद्योगों कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और बिजली के उत्पादन में जून में गिरावट आई।

# आयकर विधेयक में बदलाव का सुझाव

## संसदीय समिति ने टीडीएस रिफंड दावों, ट्रस्ट के कराधान में बदलाव का रखा प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

नए आयकर विधेयक की समीक्षा करने वाली संसदीय समिति ने सोमवार को सुझाव दिया कि व्यक्तिगत करदाताओं को बिना किसी जुर्माने के नियत तिथि के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करके स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) रिफंड का दावा करने की अनुमति दी जानी चाहिए। संसदीय समिति ने सुझाव दिया कि धार्मिक एवं परमार्थ न्यासों को दिए गए गुमनाम दान को कराधान से मुक्त रखा जाए।

आयकर विधेयक-2025 की समीक्षा के लिए भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में लोकसभा की प्रवर समिति का गठन किया गया था। लोकसभा में सोमवार को पेश की गई 4,575 पेज की रिपोर्ट में नए आयकर विधेयक, 2025 में गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) की आय के प्रबंधन के तरीके में व्यापक बदलाव के सुझाव भी दिए गए हैं। समिति ने आयकर विधेयक, 2025 में बदलावों की सिफारिश की है। यह छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। संसदीय समिति ने कहा है कि एनपीओ, विशेष रूप से धर्मार्थ और परमार्थ उद्देश्यों वाले संगठनों के लिए गुमनाम दान पर कर लगाने के संबंध में अस्पष्टता को दूर किया जाना चाहिए। समिति ने गैर-लाभकारी संस्थाओं (एनपीओ) की 'प्राप्तियों' पर कर लगाने का विरोध किया है, क्योंकि यह आयकर अधिनियम के तहत वास्तविक आय कराधान के सिद्धांत का उल्लंघन है। सुझावों में 'आय' शब्द को फिर से लागू करने की सिफारिश की गई है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि केवल एनपीओ की शुद्ध आय पर ही कर लगाया जाए। यह देखते हुए कि पंजीकृत एनपीओ को मिलने वाले 'गुमनाम दान के संबंध में महत्वपूर्ण अंतर' है, समिति ने सुझाव दिया कि धार्मिक और परमार्थ न्यास (ट्रस्ट), दोनों को ऐसे दान पर छूट दी जानी चाहिए।

**नया आयकर विधेयक**



- छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का लेगा स्थान
- लोकसभा में पेश की गई 4,575 पेज की रिपोर्ट

### गुप्त दान पर 30 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव

समिति ने कहा, विधेयक का घोषित मकसद इसके पाठ को सरल बनाना है, लेकिन समिति को लगता है कि धार्मिक एवं परमार्थ ट्रस्ट के संबंध में एक महत्वपूर्ण चूक हुई है, जिसका देश के एनपीओ क्षेत्र के एक बड़े हिस्से पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। आयकर विधेयक, 2025 के खंड 337 में सभी पंजीकृत एनपीओ को मिलने वाले गुप्त दान पर 30 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसमें केवल धार्मिक उद्देश्यों के लिए स्थापित एनपीओ को ही सीमित छूट दी गई है। यह आयकर अधिनियम, 1961 की वर्तमान धारा 115बीबीसी से बिल्कुल अलग है। मौजूदा कानून में अधिक व्यापक छूट प्रदान की गई है। इसके मुताबिक, अगर कोई ट्रस्ट या संस्था पूरी तरह से धार्मिक और परमार्थ कार्यों के लिए बनाई गई हो, तो गुप्त दान पर कर नहीं लगाया जाता है। गौरतलब है कि ऐसे संगठन आमतौर पर पारंपरिक माध्यमों (जैसे दान पेटियों) से योगदान प्राप्त करते हैं, जहां दान देने वाले की पहचान करना असंभव है।

## भारत वैश्विक बाजार में उभरती हुई महाशक्ति

**बात काम की**



भारत वैश्विक बाजार में उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति के रूप में अपनी भूमिका सशक्त कर रहा है। विशाल जनसंख्या, मजबूत सेवा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी स्थिति और विविध निर्यात क्षमताएं भारत को वैश्विक आपूर्ति शृंखला में अहम भागीदार बनाती हैं। हाल के वर्षों में सरकार के किए सुधारों और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के भरोसे ने भारत की वैश्विक व्यापार में भूमिका को और भी प्रभावशाली बनाया है।

### निर्यात और आयात में संतुलन

भारत कृषि, वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स, रत्न-आभूषण, ऑटोमोबाइल और आईटी सेवाओं जैसे क्षेत्रों में प्रमुख निर्यातक है। कच्चा तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी जैसे उत्पादों का आयात करता है।

### आईटी और सेवा क्षेत्र में नेतृत्व

भारत की आईटी कंपनियां जैसे टीसीएस, इनफोसिस, विप्रो और एचसीएल दुनियाभर में सेवाएं प्रदान कर रही हैं। अमेरिकी, यूरोपीय और एशियाई बाजारों में भारत की आईटी सेवाएं अत्यंत लोकप्रिय हैं।

### मैन्युफैक्चरिंग और मेक इन इंडिया

मेक इन इंडिया पहल से भारत वैश्विक विनिर्माण हब बनने की ओर अग्रसर है। एप्पल, सैमसंग व अन्य वैश्विक कंपनियों ने भारत में निर्माण इकाइयों की स्थापना की है। इससे विदेशी निवेश में वृद्धि हुई और वैश्विक भागीदारी बढ़ी है।

### एफडीआई-एफआईआई का प्रवाह

भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) व विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफआईआई) का सतत प्रवाह, इसकी आर्थिक स्थिरता और विकास की गति को दर्शाता है।

### भौगोलिक स्थिति व रणनीतिक संबंध

भारत की भौगोलिक स्थिति उसे एशिया, यूरोप व अफ्रीका से व्यापार के लिए रणनीतिक केंद्र बनाती है। अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी-20, ब्रिक्स, और डब्ल्यूएचओ में भारत की सक्रिय भूमिका ने इसके वैश्विक प्रभाव को मजबूत किया है।

### ग्रीन इकोनॉमी में योगदान

भारत नवीकरणीय ऊर्जा जैसे सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े निवेश कर रहा है। इससे वह न केवल घरेलू ऊर्जा जरूरतें पूरी कर रहा है, बल्कि वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रयासों में भी योगदान दे रहा है।

# निर्यात बढ़ाने के लिए 36 राज्यों ने बनाई रणनीति

नई दिल्ली, एजेंसी

- सभी ने राज्य निर्यात संवर्धन समिति व जिला निर्यात संवर्धन समिति का किया गठन किया

देश के निर्यात को बढ़ाने के उद्देश्य से 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी निर्यात रणनीति तैयार की है। एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने राज्य निर्यात संवर्धन समिति (एसईपीसी) और जिला निर्यात संवर्धन समिति (डीईपीसी) का गठन किया है।

इसके अलावा, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के क्षेत्रीय अधिकारियों ने 590 जिलों के लिए जिला कार्ययोजना का मसौदा तैयार किया है। इनमें से 249 जिलों को डीईपीसी ने औपचारिक रूप से अधिसूचित किया है। अधिकारी ने बताया कि इन योजनाओं में जिलों से निर्यात को बढ़ावा देने की एक व्यापक रणनीति शामिल है। केंद्र राज्यों को निर्यात संवर्धन गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है क्योंकि इससे घरेलू विनिर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

अधिकारी ने कहा, 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य निर्यात रणनीति तैयार की गई है। इनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक शामिल हैं। विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में, डीजीएफटी ने 'जिला निर्यात केंद्र' पहल को शामिल किया है। इसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले की क्षमता और विविधता को दिशा प्रदान करके उन्हें निर्यात केंद्र बनाना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, देश के सभी जिलों में निर्यात क्षमता वाले उत्पादों और सेवाओं की पहचान की गई है। निर्यात संवर्धन के लिए सहायता देने और निर्यात वृद्धि की बाधाओं को दूर करने के लिए प्रदेश स्तर पर एसईपीसी और जिला स्तर पर डीईपीसी बनाई गई है।

# पैसा ही पैसा बनता और दूसरा पैसा भी खींच लाता है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शेयर बाजार में कुछ वर्षों में 30 वर्ष से कम आयु वाले युवा निवेशकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इसकी बड़ी वजह तकनीकी प्रगति, कम ट्रेडिंग लागत और सूचना तक बढ़ती पहुंच है। यही वजह है कि आज का युवा निवेश के परम्परागत तरीकों से हटकर तुलनात्मक जोखिम लेने को तैयार है। कई वर्षों में कुछ म्यूचुअल फंड्स और एसआईपी ने शानदार रिटर्न देकर निवेशकों का न सिर्फ मनोबल बढ़ाया है, बल्कि नए निवेशकों को आकर्षित भी किया है। खासतौर पर युवाओं में एसआईपी बचत का बड़ा रुझान देखने को मिल रहा है। दरअसल, इसमें मिलने वाला चक्रवृद्धि ब्याज दूसरी बचत योजनाओं के मुकाबले अधिक लाभांश देता है। चक्रवृद्धि ब्याज की कमाई के लिए निवेशक को कोई गुणा-गणित नहीं लगाना पड़ता है ।



- एसआईपी के रिटर्न ने जीता भरोसा बढ़ी नए निवेशकों की संख्या
- वित्तीय सलाहकारों के मुताबिक 1000 का निवेश बना सकता करोड़पति

वित्तीय सलाहकार विवेक द्विवेदी का कहना है कि अगर आप अच्छी इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम में हर महीने सिर्फ 1000 रुपये निवेश करते हैं, तो यह बचत आपको नौकरी से रिटायर होने के बाद करोड़पति बना सकती है। इसे इस तरह समझ सकते हैं, अगर आप हर महीने सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में 1,000 रुपये का निवेश करते हैं और इसमें 12% चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर मिलती है, तो 5 साल के बाद निवेश 82,000 रुपये होगा। 10 साल बाद, यह रकम 2,32,000 रुपये और 20 साल बाद 9,99,000 रुपये हो सकती है। राकेट की तरह आपका निवेश चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत से ऊपर भागता है। अब जरा रुकिए, अगर आप 30 साल टिक सकते हैं तो आपकी रकम रुपये 35,29,000 और 40 साल में एक करोड़ से भी अधिक हो सकती है। यही कारण है कि अधिकतर वित्तीय विशेषज्ञ युवाओं को पहली सैलरी से ही एसआईपी की सलाह देते हैं। अगर आपको और पैसों की ज़रूरत है, तो अपनी रुपये 1,000 प्रति माह की राशि को हर साल 10% बढ़ाकर और बड़ी रकम हासिल कर सकते हैं ।

### चक्रवृद्धि ब्याज का जादू दिखाता है कमाल

भौतिक विज्ञानी अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था कि चक्रवृद्धि ब्याज दुनिया का आठवां आश्चर्य है। इसी तरह करीब दो शताब्दी पहले अमेरिका के पहले पोस्टमास्टर जनरल और पुअर रिचर्ड्स अलमनैक पुस्तक के लेखक, बेंजामिन फ्रैंकलिन ने कहा था कि पैसा ही पैसा बनाता है, और जो पैसा पैसा बनाता है, वह पैसा ही दूसरा पैसा खींच लाता है। एसआईपी निवेश के बारे में यह बात सही मालूम पड़ती है।

### निवेश की रिकार्ड तोड़ बारिश

सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान में निवेश का आंकड़ा इस समय अनुमान के मुताबिक 27, 000 करोड़ के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच चुका है ।यह अब तक का सबसे अधिक मासिक एसआईपी प्रवाह है। एसआईपी खातों की संख्या भी बढ़कर करीब 9 करोड़ पर पहुंच रही है।

# बैंक शेयरों में लिवाली बाजार को मिली मजबूती

मुंबई, एजेंसी

- सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,000 अंक के पार

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 443 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। तिमाही वित्तीय नतीजों के बाद एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

सेंसेक्स 442.61 अंक की बढ़त संग 82,200.34 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 122.30 अंक चढ़कर 25,090.70 अंक पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह ने भी बाजारों को समर्थन दिया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे अधिक 5.38% की तेजी रही। पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद कंपनी का शेयर मजबूत हुआ। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76% चढ़ा। जून तिमाही में लाभ 15.9% बढ़कर 13,558 करोड़ होने के बाद बैंक का शेयर चढ़ा है। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.19% मजबूत हुआ। बैंक का जून को समाप्त तिमाही में लाभ 1.31% की गिरावट के साथ 16,258 करोड़ रहने के बाद इसके शेयर में मजबूती आई।





## सौर ऊर्जा क्रांति



राजस्थान के आबू रोड स्थित इंडिया वन सोलर थर्मल पावर प्लांट में आसमान के नीचे चमकते परावर्तक दर्पण, स्वच्छ ऊर्जा की ओर भारत की पहल हैं। यह संयंत्र सौर ऊर्जा से बिजली उत्पन्न कर हरित भविष्य की दिशा में अहम योगदान दे रहा है।

## सेबी ने फिर कहा- डब्बा कारोबार अवैध, निवेशक सतर्क रहें

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को फिर कहा कि डब्बा कारोबार अवैध है और निवेशकों को सतर्क रहने की जरूरत है। नियामक ने अवैध कारोबारी सेवाएं देने वाली किसी भी इकाई से लेन-देन नही करने को कहा है। बाजार की भाषा में, डब्बा कारोबार से आशय अवैध और बाजार से इतर कारोबार से है। यह कारोबार मान्यता प्राप्त शेयर बाजारों और नियामकीय निगरानी के दायरे से बाहर होता है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बार्ड (सेबी) ने कहा कि ऐसी गतिविधियां निवेशकों के लिए जोखिम पैदा करती हैं और यह प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956 (एससीआरए), सेबी अधिनियम, 1992 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों का उल्लंघन है। सेबी उपायों, जागरूकता व कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ मिलकर निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# व्यापार समझौते पर वार्ता के लिए अमेरिकी दल आएगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अगले दौर की वार्ता के लिए अमेरिकी दल अगस्त में भारत का दौरा करेगा। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, अगले दौर की वार्ता के लिए अमेरिकी टीम अगस्त के उत्तरार्ध में भारत आएगी।

भारत-अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में समझौते के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की थी। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और अमेरिका के दक्षिण एवं पश्चिम एशिया क्षेत्र के सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच ने इस वार्ता में अपने-अपने दल का नेतृत्व किया। दोनों देश 1 अगस्त से पहले अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिशों में लगे हैं। अमेरिकी प्रशासन ने भारत सहित कई देशों पर उच्च सीमा शुल्क लगाए हैं, जिनकी निलंबन अवधि 1 अगस्त को खत्म होने वाली है।

व्यापार समझौते पर पांचवें दौर की वार्ता में कृषि और वाहन क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। गैर-बाजार अर्थव्यवस्थाओं और स्कोमेट (विशेष रसायन, जीव, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकी) से संबंधित मामलों पर भी चर्चा हुई। अधिकारी ने भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौता एक अगस्त से पहले संपन्न होने की संभावना पर कहा कि बातचीत जारी है। दरअसल, भारत ने कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क रियायतों की अमेरिकी मांग को लेकर अपना रुख कड़ा कर लिया है। भारत ने अबतक किसी भी देश के साथ व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र में कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। कुछ किसान संघों ने सरकार से व्यापार समझौते में कृषि से संबंधित किसी भी मुद्दे को शामिल न करने का आग्रह किया है।

### भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते पर 24 जुलाई को हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर होंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी होंगे। दोनों देशों ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इस समझौते में चमड़ा, जूते और कपड़ा जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटाने का प्रस्ताव है। साथ ही ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों के आयात को सस्ता किया जाएगा। इस समझौते से 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा।



# न्यायिक कार्यवाही का राजनीतिकरण न करें

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ दायर आपराधिक अवमानना की याचिका पर हुई शीर्ष सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ दायर आपराधिक अवमानना की याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को आगाह किया कि न्यायिक कार्यवाही का राजनीतिकरण न करें। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में न्यायालय के फैसले पर बनर्जी की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि कृपया अपनी राजनीतिक लड़ाई इस अदालत के बाहर लड़ें।

पीठ ने आत्मदीप नामक धर्मार्थ न्यास की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में आरोप है कि मुख्यमंत्री ने कोर्ट के फैसले के बाद आपत्तिजनक बयान दिए जो न्यायपालिका को कमजोर करते हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने का आग्रह करते हुए कहा कि कार्यवाही शुरू करने के लिए अटॉर्नी जनरल को अनुरोध भेजा गया था। गवई ने कहा, क्या आपको यकीन है कि आपको सहमति मिल जाएगी।

पीठ ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। यह याचिका इस साल अप्रैल में दिए उस फैसले से संबंधित है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें 2016 में प. बंगाल स्कूल सेवा आयोग द्वारा की गईं लगभग 25,000 नियुक्तियों को अमान्य करार दिया गया था। मुख्यमंत्री ने इस फैसले पर कथित तौर पर कुछ आलोचनात्मक टिप्पणियां कीं थीं।



- शिक्षक भर्ती घोटाले में कोर्ट के फैसले पर बनर्जी की टिप्पणी के खिलाफ याचिका पर हुई सुनवाई

### उदयपुर फाइल्स में छह दृश्यों को हटाने का सुझाव शीर्ष न्यायालय ने रिलीज पर रोक जारी रखी

केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसने फिल्म उदयपुर फाइल्स- कन्हैया लाल टेलर मर्डर में 6 दृश्यों को हटाने का सुझाव दिया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ से कहा, मेरी व्यक्तिगत राय में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा सुझाई बातों के अलावा कोई भी आगे की कार्रवाई अनुच्छेद 19 का उल्लंघन होगी। पीठ ने अगले आदेश तक रोक जारी रखी और सुनवाई 24 जुलाई के लिए निर्धारित की।

### विक्रेताओं के विवरण पर केंद्र-राज्यों को नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और राज्यों से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें यह घोषित करने की अपील की कि उपभोक्ताओं को वितरकों और विक्रेताओं के विवरण के अलावा उत्पादों के बारे में जानने का अधिकार है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा है कि उपभोक्ताओं के लिए सुविचारित विकल्प चुनने तथा अनुचित या प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाओं और अनुचित शोषण से खुद को बचाने के लिए जानने का अधिकार महत्वपूर्ण है।

## छात्रा से छेड़छाड़ में प्रधानाध्यापक समेत दो हिरासत में

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में सरकारी हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक समेत दो शिक्षकों को नौवीं कक्षा की छात्रा के यौन उत्पीड़न में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

छात्रा के परिवार द्वारा शनिवार को शिकायत देने के बाद रविवार की मध्य रात्रि को रायबनिया थाने की पुलिस ने आरोपियों को उनके घर से पकड़ लिया। शिकायत अनुसार चारमार गांव स्थित स्कूल के गणित शिक्षक ने कई बार छात्रा से छेड़छाड़ की और घटना की जानकारी प्रधानाध्यापक को देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रभारी निरीक्षक लोपामुद्रा पांडा ने कहा, शिक्षकों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

# वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन एक तीर्थयात्री की गई जान

जम्मू, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के पुराने मार्ग पर सोमवार को हुए भूस्खलन में 70 वर्षीय तीर्थयात्री की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कटरा शहर में हुई तेज बारिश से भूस्खलन हुआ, जिसकी वजह से बुकिंग कार्यालय और उसके ऊपर बना लोहे का ढांचा ढह गया।

भूस्खलन के बाद यात्रा कई घंटों तक स्थगित रही। यह घटना सुबह साढ़े आठ बजे बाणगंगा के पास गुलशन का लंगर में हुई। वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ सचिन वैश्य ने बताया कि सभी को अस्पताल ले जाया गया है। वैश्य ने कहा कि बचाव और मलबा हटाने का कार्य जारी है।

### पुंछ में स्कूल की छत पर गिरा पत्थर, एक छात्र की मौत, 5 घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रातभर हुई भारी बारिश से हुए भूस्खलन की चपेट में सरकारी स्कूल आ गया। इस घटना में एक छात्र की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर पोस्ट कर छात्र की मौत पर शोक प्रकट किया। अधिकारियों ने बताया कि बैंछ-कलसां इलाके के प्राथमिक विद्यालय की टिन की छत पर बड़ा पत्थर आ गिरा, जिससे कई छात्र घायल हो गए। एक छात्र एहसान अली (5) की मौत हो गई।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### दिल्ली में जीटी रोड का हिस्सा दो दिन के लिए बंद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कांवड़ यात्रियों के मद्देनजर जीटी रोड का प्रमुख हिस्सा 23 जुलाई सुबह आठ बजे तक बंद रहेगा। दिल्ली पुलिस ने बताया कि केशव चौक गोलचक्कर से युधिष्ठिर सेतु तक सड़क का बायां मार्ग 21 जुलाई को सुबह आठ बजे से 23 जुलाई को सुबह आठ बजे तक वाहनों के लिए बंद रहेगा। कहा गया है यात्री मौजपुर जाने के लिए केशव चौक अंडरपास लें या फिर श्याम चौक पर 'यू-टर्न' लेकर स्वामी दयानंद मार्ग, विकास मार्ग या मास्टर प्लान रोड होते हुए आईएसबीटी पहुंचें।

### प्रकाश राज समेत चार अभिनेता ईडी में तलब

**हैदराबाद।** ईडी ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए अभिनेता राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा, लक्ष्मी मांचू को तलब किया है। ईडी ने दग्गुबाती को 23 जुलाई, प्रकाश राज को 30 जुलाई, देवरकोंडा को छह अगस्त और लक्ष्मी को 13 अगस्त को तलब किया है। इन सभी पर अवैध पैसा बनाने में जुटे ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप का प्रचार करने का आरोप है।

### अमरनाथ यात्रा पर 3,700 श्रद्धालु रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन करने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में 3,700 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था सोमवार को दोनों आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। कड़ी सुरक्षा में जत्था रविवार देर रात तीन बजकर 33 मिनट से सोमवार तड़के चार बजकर छह मिनट के बीच 148 वाहनों में सवार होकर भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ।

### किश्तवाड़ में आया 3.1 तीव्रता का भूकंप

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार देर रात भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण किसी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि रविवार रात 1:36 बजे आए भूकंप की तीव्रता 3.1 थी। इसका केंद्र किश्तवाड़ के पास सतह से 10 किमी नीचे 33.17 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 75.87 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।



पनडुब्बी रोधी युद्धक जलयान अजय को एक समारोह में भारतीय नौसेना के हस्तांतरित किया गया। एजेंसी

# नौसेना की नई ताकत...लहरों पर उतरा अजय

कोलकाता, एजेंसी

- पनडुब्बी रोधी आठवें युद्धपोत का जलावतरण किया गया

रक्षा क्षेत्र की पीएसयू गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने भारतीय नौसेना के लिए निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत 'एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट' की श्रृंखला का आठवां और आखिरी जहाज का सोमवार को जलावतरण किया।

'अजय' नामक इस युद्धपोत का जलावतरण भारतीय नौसेना के सामग्री प्रमुख वाइस एडमिरल किरण देशमुख की पत्नी प्रिया देशमुख ने समारोह की मुख्य अतिथि के तौर पर किया। जीआरएसई के एक अधिकारी के मुताबिक कोलकाता की इस युद्धपोत निर्माता कंपनी ने भारतीय नौसेना के लिए आठ पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत का निर्माण किया है। उन्होंने बताया कि ये बहुउद्देश्यीय युद्धपोत हैं और कई तरह के अभियानों में हिस्सा ले सकते हैं। जीआरएसई के अधिकारी ने यह भी कहा कि ये जहाज कम गहराई वाले जलक्षेत्र में संचालन के हिसाब से तैयार किए गए हैं, इसलिए ये तटीय इलाकों में आसानी से काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 77.6 मीटर लंबे और 10.5 मीटर चौड़े ये युद्धपोत तटीय जल क्षेत्र में सतह के नीचे पूरी तरह से निगरानी करने और तलाश एवं बचाव अभियान के संचालन में भी सक्षम हैं।



समुद्र की लहरों पर भारतीय नौसेना का युद्धक जहाज अजय।

# सुप्रीम फटकार: सारी हदें पार कर रहा ईडी

## वकीलों को तलब करने पर नाराज हुई शीर्ष अदालत, दिशा-निर्देश जारी करने पर दिया जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से तलब करने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि ईडी सारी हदें पार कर रहा है। न्यायालय ने इस संबंध में दिशानिर्देश बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया।

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने यह टिप्पणी विधिक पेशे की स्वतंत्रता पर इस तरह की कार्रवाइयों के प्रभावों पर ध्यान देने के लिए अदालत द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए शुरू की गई एक सुनवाई के दौरान की। कोर्ट की टिप्पणी ईडी की ओर से वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किए जाने के बाद आई है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, अगर यह गलत भी है तब भी एक वकील और मुवक्किलों के बीच का संवाद विशेषाधिकार प्राप्त संवाद होता है और उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं। इस संबंध में दिशानिर्देश बनाए जाने चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ईडी सारी हदें पार कर रहा है। शीर्ष अदालत को यह बताया गया था कि वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार जैसे विधिक पेशेवरों को हाल में ईडी द्वारा नोटिस जारी किया गया और इससे कानून के पेशे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मुद्दे को शीर्ष स्तर पर उठाया गया है और जांच एजेंसी को वकीलों को कानूनी सलाह देने के लिए नोटिस जारी नहीं करने के लिए कहा गया है।

वेंकटरमणी ने इससे पहले कहा कि उन्होंने ईडी अफसरों से बात की है, वकीलों को समन भेजना गलत है। मेहता ने वेंकटरमणी से सहमति जताते हुए कहा, वकीलों को कानूनी सलाह देने के लिए तलब नहीं किया जा सकता। हालांकि, झूठे विमर्श गढ़कर संस्थानों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।



### कानूनी आजादी को कुचलने वाले चीन और तुर्किए की राह पर न चले भारत

वरिष्ठ अधिवक्ता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने चीन और तुर्किये का उदाहरण देते हुए कहा, भारत को उन देशों की राह पर नहीं चलना चाहिए जिन्होंने कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर कुठाराघात किया है। उन्होंने कहा, तुर्किये में पूरी बार एसोसिएशन को भंग कर दिया गया था। चीन में भी ऐसा ही मामला हुआ है। वकीलों ने जोर देकर कहा कि वकीलों को खासकर विधि संबंधी राय देने के लिए तलब करना एक खतरनाक नजीर तय कर रहा है। एक वकील ने कहा, अगर यह जारी रहा तो यह वकीलों को ईमानदार और स्वतंत्र सलाह देने से रोकेगा। उन्होंने कहा कि जिला अदालतों के वकीलों को भी बेवजह परेशान किया जा रहा है। प्रधान न्यायाधीश ने इस पर कहा कि अदालत भी इस तरह की रिपोर्ट से हैरान है।

**ये संस्था के खिलाफ विमर्श गढ़ने की कोशिश**

जहां तक सामान्य टिप्पणियों का सवाल है, कभी-कभी उन्हें गलत समझा जाता है, जो अलग-अलग मामलों पर निर्भर करता है। यह प्रवर्तन निदेशालय नहीं, बल्कि एक संस्था के खिलाफ एक विमर्श गढ़ने की एक सुनियोजित कोशिश है। 'माई लॉर्ड' कुछ मामलों में सीमा का उल्लंघन पाया जा सकता है...। - **सॉलिसिटर जनरल**



**हम खबरें या यूट्यूब नहीं देखते**

हम खबरें नहीं देखते, न यूट्यूब पर साक्षात्कार देखते हैं। पिछले हफ्ते अस्वस्थ रहने के दौरान ही मैं कुछ फिल्में देख पाया। हमें कई मामलों में ईडी की ओर से अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण देखने को मिल रहा है, ऐसा नहीं है कि हमें ये नहीं मिल रहा है। ईडी कोर्ट के तर्कसंगत आदेशों के खिलाफ भी अपील दायर कर रहा है। - **प्रधान न्यायाधीश**

### ईडी से पूछा- राजनीतिक लड़ाई में आपका इस्तेमाल क्यों हो रहा है

- कर्नाटक के मुख्यमंत्री की पत्नी के खिलाफ ईडी की अपील खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों में ईडी के आचरण पर सवाल उठाए और मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण से भूखंड आवंटन मामले में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी के खिलाफ मामला रद्द करने के कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा।

राजनीतिक लड़ाई में एजेंसी को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किए जाने के खिलाफ आगाह करते हुए सीजेआई बीआर गवई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा, राजनीतिक लड़ाई मतदाताओं के सामने लड़ी जाए। आपका इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है। सीजेआई गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ कर्नाटक हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली ईडी की अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कर्नाटक के मुख्यमंत्री की पत्नी बीएम पार्वती से जुड़े एमयूडीए मामले की कार्यवाही रद्द कर दी गई थी। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा, श्रीमान राजू (ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू), कृपया हमें मुंह खोलने के लिए मजबूर न करें। अन्यथा, हमें ईडी के बारे में कुछ कठोर टिप्पणियां करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। दुर्भाग्यवश, मुझे महाराष्ट्र में इसका अनुभव है।

# ब्रिटेन-फ्रांस समेत 25 देशों ने की गाजा में युद्ध खत्म करने की हिमायत

लंदन, एजेंसी



- भोजन लेने आ रहे बच्चों-बुजुर्गों की अमानवीय हत्या की निंदा की

ब्रिटेन और फ्रांस सहित 25 देशों का कहना है कि गाजा में युद्ध अब समाप्त होना चाहिए और इजराइल को अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और जापान सहित अन्य देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा, गाजा में नागरिकों की पीड़ा नए स्तर तक पहुंच गई है। उन्होंने पानी और भोजन की बुनियादी जरूरतें हासिल करने की कोशिश कर रहे बच्चों और नागरिकों के लिए सहायता की धीमी आपूर्ति और उनकी अमानवीय हत्या की निंदा की।

इन देशों के विदेश मंत्रियों ने एक बयान में कहा, इजराइल सरकार का सहायता वितरण मॉडल खतरनाक है, अस्थिरता को बढ़ावा देता है और गाजा वासियों को मानवीय सम्मान से वंचित करता है। बयान में कहा गया है, इजराइल सरकार का नागरिक आबादी को आवश्यक मानवीय सहायता देने से इनकार करना अस्वीकार्य है। इजराइल को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए। बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में लगभग 20 यूरोपीय देशों के विदेश मंत्रियों के साथ-साथ कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री तथा समानता, तैयारी और संकट प्रबंधन के लिए यूरोपीय संघ के आयुक्त शामिल थे।

अमेरिका और जर्मनी ने इस बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए। हस्ताक्षरकर्ताओं ने तत्काल युद्ध-विराम का आह्वान किया और कहा कि वे क्षेत्र में शांति लाने के लिए राजनीतिक मार्ग का समर्थन करने के वास्ते कदम उठाने को तैयार हैं। गाजा पट्टी की 20 लाख से अधिक की फलस्तीनी आबादी एक भयावह मानवीय संकट से जूझ रही है और अब मुख्यतः उस क्षेत्र में आने वाली सीमित सहायता पर निर्भर है।

# टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित करना सही

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी



- अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने किया फैसले का स्वागत, न्यूयॉर्क टाइम्स की फिर की आलोचना

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति ने पहलगाम हमले में संलिप्त पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने का स्वागत किया है।

समिति ने कहा कि जो लोग आम नागरिकों की हत्या करते हैं, उन्हें माफ नहीं किया जाता, बल्कि उन्हें सजा दी जाती है। पिछले सप्ताह अमेरिका ने टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था। रिपब्लिकन सांसद ब्रायन मास्ट की अध्यक्षता वाली समिति ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप सच बोलते हैं। टीआरएफ एक विदेशी आतंकवादी संगठन है और इसे यह दर्जा मिलना ही चाहिए।

समिति ने कहा, यह बात साफ और स्पष्ट है कि पहलगाम हमला एक आतंकवादी हमला था। समिति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 22 अप्रैल के अपने पुराने पोस्ट का भी जिक्र किया, जिसमें उसने पहलगाम हमले पर 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की उस खबर की कड़ी आलोचना की थी जिसका शीर्षक था: 'कश्मीर में उग्रवादियों ने कम से कम 24 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी।'

# काबुल में बुर्का न पहनने पर 10 से ज्यादा महिलाएं गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुलिस ने दस से अधिक ऐसी युवतियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने बुर्का या हिजाब पहनने के नियमों का पालन नहीं किया था।

अफगानिस्तान इंटरनेशनल मीडिया ने रविवार को बताया ये गिरफ्तारियां बीते दो दिनों में काबुल के इलाकों में हुईं। महिलाओं को रेस्टोरेंट, सड़कों और बाजारों से उठाकर अज्ञात जगह ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नैतिकता कानून संबंधी ये पुलिस अधिकारी पुरुष थे और उन्होंने लड़कियों के साथ मारपीट भी की। महिलाओं में से कुछ को पुलिस की गाड़ियों में जबरन बिठाने से पहले पीटा गया। इन पर हिजाब से संबंधित ड्रेस कोड का उल्लंघन करने का आरोप है। मध्य और पश्चिमी काबुल में रविवार को लगभग 100 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया।

# सिपाही को हिरासत में यातनाएं देने वाले अफसरों को गिरफ्तार करने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर पुलिस में सिपाही खुर्शीद अहमद चौहान को प्रताड़ित करने के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी अधिकारियों को एक महीने में गिरफ्तार करने का आदेश दिया। मामले की जांच सीबीआई से कराने और सरकार को उसे 50 लाख रुपए की सहायता राशि देने को भी कहा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट का फैसला रद्द करते हुए यह निर्देश दिया। शिकायत के मुताबिक, चौहान को हिरासत में प्रताड़ित किया गया। शीर्ष अदालत चौहान की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि 20 से 26 फरवरी, 2023 तक जेआईसी कुपवाड़ा में छह दिन अवैध हिरासत के दौरान उनके गुप्तांगों को क्षत-विक्षत करने सहित अमानवीय और अपमानजनक यातनाएं दी गईं। पीठ ने फैसले में लिखा, कि सिपाही चौहान के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही जारी रखना न्याय का उपहास होगा।

# नाटो की बैठक से पहले कीव पर भीषण हमला

कीव, एजेंसी

- ट्रंप की अध्यक्षता में नाटो देशों की ओर से यूक्रेन को हथियार देने के संबंध में होनी थी बैठक में चर्चा

रूस ने यूक्रेन पर भीषण हवाई हमला किया है जो हाल के महीनों के सबसे बड़े हवाई हमलों में एक है। यह हमला ब्रिटेन और जर्मनी के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाटो सहयोगियों द्वारा यूक्रेन को हथियार प्रदान करने पर चर्चा के लिए आयोजित बैठक से कुछ ही घंटे पहले हुई है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि हमले में दो लोग मारे गए और 15 घायल हो गए जिनमें एक 12 वर्षीय बच्चा भी शामिल है। सोमवार रात कीव पर ड्रोन और मिसाइल हमले से यूक्रेन को पश्चिमी सैन्य सहायता की आवश्यकता जाहिर हो गई। एक सप्ताह पहले ट्रंप ने कहा था कि यूक्रेन में कुछ ही दिनों में सहायता पहुंच जाएगी। इस डिजिटल बैठक का नेतृत्व ब्रिटिश रक्षा मंत्री जॉन हीली और उनके जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्तोरियस करेंगे।

### पोलैंड और मित्र देशों की वायु सेनाएं सक्रिय

**मास्को।** पोलैंड की सशस्त्र बल परिचालन कमान ने कहा है कि यूक्रेन में कथित रूसी गतिविधि के बीच पोलैंड और सहयोगी वायु सेनाओं को सक्रिय कर दिया गया है। परिचालन कमान ने एक बयान में कहा कि पोलैंड और सहयोगी वायु सेनाओं ने अभियान शुरू कर दिया है और ज़मीनी वायु रक्षा तथा रडार टोही प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सेना ने दावा किया है कि इन कदमों का उद्देश्य असुरक्षित क्षेत्रों की सीमा से लगे क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# नासा-इसरो के उपग्रह निसार का प्रक्षेपण 28 जुलाई को होगा

**बेंगलुरु।** श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से नासा-इसरो संयुक्त उपग्रह 'निसार' को 30 जुलाई की शाम पांच बजकर 40 मिनट पर प्रक्षेपित किया जाएगा।

इसरो के अनुसार, जीएसएलवी-एफ16 सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह को 743 किलोमीटर दूर सूर्य-समकालिक कक्षा में स्थापित करेगा और इसका झुकाव 98.4 डिग्री होगा। इसरो ने एक विज्ञप्ति में बताया कि निसार पहली बार स्वीपएसएआर प्रौद्योगिकी का उपयोग करेगा, जिसके तहत 242 किलोमीटर के दायरे में पृथ्वी की निगरानी करेगा। इसमें कहा गया कि यह उपग्रह पूरी दुनिया की निगरानी करेगा और हर 12 दिन में हर मौसम, दिन और रात के आंकड़े व जानकारी उपलब्ध कराएगा, जिससे कई क्षेत्रों में इसका उपयोग किया जा सकेगा।

# आज वापसी की उड़ान भरेगा ब्रिटेन का लड़ाकू विमान

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- खराब होने के बाद एक माह से खड़ा है तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर

ब्रिटेन की 'रॉयल नेवी' का एफ-35बी लाइटनिंग लड़ाकू विमान मंगलवार को वापस स्वदेश के लिए उड़ान भरने के वास्ते पूरी तरह तैयार है। केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ये विमान आपातकालीन स्थितियों में यहां उतरा था और तब से यहीं खड़ा है।

हवाईअड्डे के सूत्रों के अनुसार ब्रिटेन के सबसे उन्नत 'स्टील्थ' बेड़े के इस लड़ाकू विमान की से मरम्मत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अभी यह नहीं पता चला है कि यह किस समय वापसी के लिए उड़ान भरेगा। दुनिया के सबसे उन्नत लड़ाकू विमानों में एक माने जाने वाले इस विमान की कीमत 110 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

तकनीकी खराबी आने के बाद से यह विमान 14 जून से यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़ा है। ब्रिटेन से विमानन से जुड़े अभियंता इसकी मरम्मत के लिए यहां पहुंचे थे। विमान के यहां उतरने के शुल्क के अलावा हवाई अड्डे पर विमान के लिए दैनिक किराया और पार्किंग का शुल्क भी देना होगा। सूत्र ने कहा, इसके रखरखाव के लिए लाए गए उपकरणों और चालक दल को दूसरी उड़ान से भेजा जाएगा।



तकनीकी खराबी के बाद तिरुवनंतपुरम के हवाई अड्डे पर खड़ा लड़ाकू विमान।

### किश्तवाड़ में आतंकियों की तलाश में अभियान

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों ने घने जंगल में छिपे आतंकवादियों के एक समूह का पता लगाने के लिए सोमवार को तलाश अभियान फिर से शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना ने संयुक्त अभियान दच्छन और नागसेनी के बीच चेरजी क्षेत्र के खानकू जंगल में रविवार दोपहर को शुरू किया था और इस दौरान संक्षिप्त मुठभेड़ भी हुई। अधिकारियों के अनुसार, ये आतंकवादी हिज्बुल मुजाहिदीन से जुड़े हो सकते हैं और इनमें दो शीर्ष आतंकवादियों पर 30-30 लाख का इनाम घोषित है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जुलाई, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी-07.05 तक तत्पश्चात त्रयोदशी 23 जुलाई 04.39 तक।

### आज का पंचांग




दिशाशूल - उत्तर, ऋतु - वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 07.24 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** - आज विद्यार्थियों को नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। जॉब में बदलाव करने की योजना भी बना सकते हैं। सरकारी काम थोड़े प्रयासों से पूर्ण हो जायेंगे। बच्चे शिक्षा और करियर में संतुलन बनाकर रखें। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग कर पायेंगे।

**वृष** - आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आयात-निर्यात संबंधी कारोबार में लाभ हो सकता है। आपके जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। किसी से उलझने के बजाय शान्तिपूर्वक मामलों को हल करें। परिवारजनों के साथ खुशनुमा समय व्यतीत करेंगे।

**मिथुन** - आज कार्यक्षेत्र में आपके प्रमोशन की चर्चा चल सकती है। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है। टीमवर्क के कारण सभी काम पूर्ण हो जायेंगे। आप समय का सार्थक प्रयोग अपने लाभ के लिए कर पायेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**कर्क** - आज दोपहर में सिर में दर्द और भारीपन की समस्या हो सकती है। आज कुछ समय मित्रों के सानिध्य में बितायें। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने में समस्या आयेगी। बजट को ध्यान में रखते हुए ही धन निवेश करें। किसी नकारात्मक विचार के कारण आपका मन खराब हो सकता।

**सिंह** - आज नया कारोबार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसकी योजना आज बना सकते हैं। आपकी सफलता के पीछे एकाग्रता और समर्पण का बड़ा हाथ रहेगा। दोस्तों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आपको आशावादी बने रहना चाहिए।

**कन्या** - आज अविवाहित लड़कियों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। उत्तम कार्यशैली के कारण आपको सफलता मिलेगी। धन संबंधी मामलों के लिए दिन अच्छा है।

**तुला** - आज पूरा दिन आनंद में व्यतीत होगा। बच्चों को लेकर आपकी चिंता दूर होगी। अधिकारी आपके विरुद्ध व्यवहार कर सकते हैं। सोच-समझकर ही आपको निर्णय लेना चाहिए। आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा। खर्चों की तुलना में आपकी आय अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** - आज कार्यक्षेत्र में रुकावटें आ सकती है। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। बड़े भाई-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता होगी। मन लगाकर सभी काम करें तो सफलता मिलेगी। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। व्यवसाय में क्रोध के कारण नुकसान हो सकता है।

**धनु** - आज घर का वातावरण अत्यन्त सकारात्मक रहेगा। राजनैतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका नियंत्रण रहेगा। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। मन लगाकर अपना काम करें। साझेदारी वाले व्यापार में धन लाभ होगा।

**मकर** - आज आपके मित्र आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। अपनी बातों को दूसरों के ऊपर न थोपें। निर्माण कार्यों से जुड़े कारोबार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अपरिचित लोगों से अधिक मेल-मिलाप न करें। खोई हुई वस्तु आपको वापस मिल सकती है।

**कुंभ** - आज कोई पुराना विवाद दूर होगा। परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर तरोताजा महसूस करेंगे। बनते कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होंगी। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमी जन से विवाह को लेकर संभावना बन रही है।

**मीन** - आज आलस्य के कारण आपके काम बाधित हो सकते हैं। करियर में अस्थिरता रहेगी। कटु भाषा बोलने के कारण लोग आपसे नाराज रहेंगे। विधिक मामलों में छोटी-छोटी गलतियों के कारण समस्या होगी। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे।

## सुडोकू -46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | 4 | | 8 | | | |
| 5 | | | 6 | | | | 7 | 1 |
| | | 9 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 5 |
| | 3 | 4 | | | | 2 | 9 | |
| 1 | | | 9 | | 2 | | | |
| 2 | | 3 | | 1 | | 8 | | |
| 6 | 7 | | | | 4 | | | 3 |
| | | | 3 | | 5 | | | 2 |

### सुडोकू - 45 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 |
| 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |



> भगवान ने मुझे स्वस्थ रखा है। मैं मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहता हूं। जब आप देश के लिए खेलते है तो सबसे बड़ी प्रेरणा यही होती है कि आप देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।
> –मोहम्मद सिराज

स्टेडियम
हल्द्वानी, मंगलवार, 22 जुलाई 2025
अमृत विचार
www.amritvichar.com

## न्यूज ब्रीफ

### भारत में हॉकी टीम नहीं भेजना चाहता पाकिस्तान

**कराची :** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है।

### अनुष ने जर्मनी में ड्रेसेज स्पर्धा जीती

**हॉफगेइसमर (जर्मनी) :** भारत के अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ जुबिलमस्टर्नियर हॉफगेइसमर ओपन के ड्रेसेज स्पर्धा में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले अग्रवाला ने 69.891 प्रतिशत अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ छह खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसमें बाकी के अन्य प्रतियोगी जर्मनी के थे। पिया पियोट्रोव्स्की और कथरीना हेमर क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। यह जीत इस जोड़ी के लिए 'एस' स्तर पर पहली सफलता है। अग्रवाला और सात साल की उनकी इस मादा घोड़े की यह एकसाथ सिर्फ दूसरी प्रतियोगिता थी।

### भारत क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर

**सोलो (इंडोनेशिया) :** भारत की जूनियर टीम को सोमवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से 104-110 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत खेली जा रही इस प्रतियोगिता के बेहद करीबी मुकाबले में भारत ने पहले मैच में 11-9 से मिली हार के बाद शानदार वापसी की। भार्गव राम अरिगेला और विश्वा तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद वेन्नाला कलागोटला और रेशिका उथयासूरियन की लड़कियों की जोड़ी ने भी जीत हासिल की।

### अर्जुन छठे व प्रज्ञानानंद सातवें स्थान पर रहे

**लास वेगास :** भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानानंद यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में क्रमश: छठे और सातवें स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने खिताब जीता। अरोनियन ने टूर्नामेंट के फाइनल में हमवतन हंस मोके नीमन को 1.5-0.5 से हराया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। अर्जुन को अमेरिका के फैबियानो कारूआना से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि प्रज्ञानानंद ने एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो को 1.5-0.5 से हराकर इस प्रतियोगिता में अंतिम आठ प्रतिभागियों में सातवां स्थान हासिल किया।

### अक्षय भाटिया का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन

**पोर्टरश (उत्तरी आयरलैंड) :** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया 153वें 'द ओपन' गोल्फ में संयुक्त 30वें स्थान पर रहकर मेजर (गोल्फ के चार बड़े टूर्नामेंट) में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया। इस 23 साल के खिलाड़ी ने चार बर्डी और दो बोगी की मदद से दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर चार अंडर (73-68-70-69) का रहा। भारतीय मूल के ब्रिटेन के गोल्फर आरोन राय संयुक्त 34वें स्थान पर रहे। इस साल के चारों मेजर के कट में जगह बनाने सफल रहे राय ने भी आखिरी दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका स्कोर 69-72-71-69 का रहा।

### शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली :** भारत इस साल 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# नीतीश कुमार रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी : अर्शदीप चौथे टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं, बीसीसीआई ने टीम की दी जानकारी

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं जबकि चोटिल तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेलने वाले रेड्डी रविवार को जिम में अभ्यास करते हुए चोटिल हो गए थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा नीतीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण शेष दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट आएंगे और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। अर्शदीप को पिछले सप्ताह बेकेनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। उन्होंने श्रृंखला में अब तक कोई मैच नहीं खेला है।

बयान में कहा गया है बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है और वह मैनचेस्टर में टीम से जुड़ चुके हैं। चौथा टेस्ट मैच बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। इंग्लैंड पांच मैचों की एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 से आगे चल रहा है।



मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास सत्र के दौरान जसप्रीत बुमराह (मध्य) व अन्य खिलाड़ी। एजेंसी

### खिलाड़ी टीम के मुताबिक ढलें या टीम खिलाड़ियों के मुताबिक पर हुई चर्चा

मैनचेस्टर : भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर और मैनचेस्टर यूनाइटेड के मैनेजर रूबेन अमोरिम के बीच इस बात को लेकर चर्चा हुई कि क्या कोई खिलाड़ी टीम के साथ तालमेल बिठाता है या टीम खिलाड़ी के साथ तालमेल बिठाती है। भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को दुनिया के मशहूर फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ियों से कैरिंगटन स्थित उनके प्रशिक्षण मुख्यालय में मुलाकात की थी। गंभीर और अमोरिम की स्थिति काफी हद तक एक जैसी है। अमोरिम की देखरेख में यूनाइटेड को पिछले 10 मैचों में से छह में शिकस्त का सामना करना पड़ा है। गंभीर की कप्तानी में भारत ने अपने पिछले 11 टेस्ट मैचों में से आठ गंवाए हैं। दोनों टीमों की मुलाकात ओल्ड ट्रैफर्ड स्थिति यूनाइटेड के घरेलू स्टेडियम की जगह प्रायोजक के एक कार्यक्रम में हुई जहां उनके खिलाड़ी भारतीय टीम का स्वागत करने के लिए मौजूद थे। इस मौके पर दोनों टीमों ने जर्सी का आदान-प्रदान किया। गंभीर ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' से कहा यह टीम खेलों को लेकर उनकी और मेरी सोच से जुड़ी एक अच्छी बातचीत थी। टीम खेलों की मूल भावना बहुत सरल है। मुझे लगता है कि खिलाड़ी टीम की जरूरतों के हिसाब से ढलता है, न कि टीम किसी खास व्यक्ति के हिसाब से ढलती है।




ध्रुव जुरेल, शार्दुल ठाकुर और अर्शदीप सिंह इंग्लैंड के मैनचेस्टर में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ियों के साथ बातचीत के दौरान अपनी जर्सी के साथ। एजेंसी

### चौथे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

### इंग्लैंड में बशीर की जगह डॉसन शामिल

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट मैच के लिए सोमवार को चोटिल ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की जगह बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज लियाम डॉसन को एकादश में शामिल किया। इंग्लैंड पांच मैच की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 से आगे है जिसने हेडिंग्ले और लॉर्ड्स में क्रमश: पहला और तीसरा टेस्ट जीता था। भारत ने एजबेस्टन में दूसरा टेस्ट जीता था। **इंग्लैंड की एकादश :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, लियाम डॉसन, क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।



मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास सत्र के दौरान कुलदीप यादव (बाएं) और रवींद्र जडेजा। एजेंसी

# कुलदीप को खिलाने पर विचार करना चाहिए

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

- इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन ने दी सलाह

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन का मानना है कि भारत को चौथे टेस्ट के लिए अपनी अंतिम एकादश में कुलदीप यादव को शामिल करने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि पहले से ही संतुलित टीम में इस कलाई के स्पिनर को शामिल करना चयन की दुविधा पैदा कर सकता है।

ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच से मैच आगे बढ़ने के साथ स्पिन गेंदबाजी को मदद मिलने की उम्मीद है और भारत को बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रहे चौथे टेस्ट से पहले साहसिक फैसला करना होगा कि उसे तीन स्पिनरों के साथ खेलना है या नहीं। हालांकि अगर मेहमान टीम दो स्पिनरों के साथ खेलने और कुलदीप को शामिल करने का फैसला करती है तो उसे वाशिंगटन सुंदर या रविंद्र जडेजा में से किसी एक को बाहर करना होगा जिन्होंने अब तक श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया है। हार्मिसन ने कहा चौथे टेस्ट के विकेट से कुलदीप को उछाल नहीं मिलेगा, पर जैसे-जैसे टेस्ट मैच आगे बढ़ेगा, इससे स्पिन गेंदबाजी को मदद मिलेगी। पिछले तीन टेस्ट मैच पांचवें दिन तक चले हैं इसलिए भारत को दूसरे या तीसरे स्पिनर के साथ खेलने पर गंभीरता से विचार करना होगा।



इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर (बाएं) और जैकब बेथेल सोमवार को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास सत्र के दौरान।। एजेंसी

# जसप्रीत बुमराह चौथा टेस्ट मैच खेलेंगे : सिराज

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने सोमवार को जसप्रीत बुमराह के बुधवार से ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू हो रहे चौथे टेस्ट मैच में खेलने की पुष्टि की। काम के बोझ के प्रबंधन को देखते हुए बुमराह के पांच में से तीन टेस्ट में खेलने की योजना बनाई गई है। यह स्टार तेज गेंदबाज दूसरे टेस्ट में नहीं खेला था जिसमें भारत ने शानदार जीत हासिल की थी। इसके बाद वह लॉर्ड्स टेस्ट में खेले जिसे भारत 22 रन से हार गया था।

भारत के 1-2 से पिछड़ने के बीच पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने हाल ही में आखिरी दो टेस्ट मैच में इस स्टार तेज गेंदबाज को खिलाने की जरूरत पर बात की थी। मैनचेस्टर में टीम के पहले आउटडोर अभ्यास सत्र के बाद सिराज ने कम से कम चौथे टेस्ट के लिए बुमराह की उपलब्धता की पुष्टि कर दी। सिराज ने संवाददाताओं से कहा जहा तक मुझे पता है जस्सी भाई (बुमराह) खेलेंगे, हमारा संयोजन दिन-प्रतिदिन बदल रहा है (चोटों के कारण)। अगले मैच की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा इंग्लैंड के खेलने के तरीके को देखते हुए हमारी योजना अच्छी लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी जारी रखने की है।



अभ्यास सत्र के दौरान गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद सिराज। एजेंसी

### हमने दिखाया कि टीम जरूरत के अनुसार अपना रवैया बदल सकती है : कार्स

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स ने बुधवार से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट से पहले कहा कि लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ इंग्लैंड की 22 रनों की जीत टीम की आक्रामक क्रिकेट शैली से बाहर निकलने और जरूरत के हिसाब से ढलने की क्षमता का एक शानदार उदाहरण थी। कार्स ने 193 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव करने में इंग्लैंड की मदद की। उन्होंने भारत की दूसरी पारी में दो विकेट चटकाये जिसमें करुण नायर को अंदर आती गेंद पर चकमा देना भी शामिल है। कार्स ने कहा हम जिस शैली में खेलते हैं वह उससे काफी अलग था। हमें सामंजस्य बिठाना पड़ा, पर ये दर्शाता है कि यह टीम चुनौती स्वीकार कर परिस्थितियों के मुताबिक ढल सकती है। हमने सीरीज की शुरुआत में बहुत बात की थी कि उस अगले स्तर तक कैसे पहुंचा जाए, एक प्रभावशाली टेस्ट टीम और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम कैसे बना जाए।

# निर्णायक मुकाबले में होगी कांटे की टक्कर

**चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन), एजेंसी**

- भारत और इंग्लैंड के बीच अंतिम महिला एकदिवसीय मैच आज

भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब यहां मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है। यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा, पर खराब शॉट चयन के कारण उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका।

## भारत ए पुरुष हॉकी टीम हारी

**आइंडहोवन (नीदरलैंड) :** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अभियान नीदरलैंड के खिलाफ 2-8 से हार के साथ समाप्त किया। युवा भारतीय मिडफील्डर राजिंदर सिंह और फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी ने रविवार को खेले गए यूरोप दौरे के अंतिम मैच में भारतीय टीम की तरफ से गोल दागे।

# दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली के लिए कार्य समिति गठित

**लंदन, एजेंसी**

- आईसीसी की वार्षिक आम बैठक में लिया गया निर्णय

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट क्रिकेट में दो स्तरीय प्रणाली शुरू करने की संभावना तलाशने के लिए अपने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति का गठन आईसीसी की सिंगापुर में हुई वार्षिक आम बैठक के दौरान अध्यक्ष जय शाह और गुप्ता के नेतृत्व में किया गया था।

गुप्ता को इस महीने की शुरुआत में सीईओ नियुक्त किया गया था। 'द गार्डियन' की एक रिपोर्ट के अनुसार, पैनल के अन्य सदस्यों में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग भी शामिल हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कोई भी बदलाव विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के लिए किया जाएगा, जो 2027 से 2029 तक चलेगा। इसमें मौजूदा नौ टीम के प्रारूप के बजाय छह-छह के दो डिवीजन का प्रस्ताव है।

# छह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रतिबंधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विश्व विश्वविद्यालय खेलों में नहीं ले पाएंगे भाग

जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में मिश्रित टीम कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय बैडमिंटन टीम चयन को लेकर विवादों में घिर गई है क्योंकि चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को कथित प्रशासनिक चूक के कारण भाग लेने से रोक दिया गया है।

प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया था लेकिन केवल छह को ही प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई क्योंकि अधिकारी 16 जुलाई को प्रबंधकों की बैठक के दौरान सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत करने में विफल रहे। बाहर की गई एक खिलाड़ी अलीशा खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा यह केवल कुप्रबंधन नहीं है- यह करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम जवाब, जवाबदेही और हमारी आवाज सुनी जाने की मांग करते हैं। हमने कोई मैच नहीं गंवाया - हमने भाग लेने का अपना अधिकार ही खो दिया। उन्होंने लिखा यह केवल एक गलती नहीं है। यह एआईयू और हमारी टीम के अधिकारियों द्वारा करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम न्याय की मांग करते हैं। सूत्रों के अनुसार बीवी राव और अजीत मोहन भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के अधिकारी थे जो बैठक में शामिल हुए थे। देश में विश्वविद्यालय स्तर के खेलों के लिए नोडल संस्था एआईयू ने इस घटना को स्वीकार किया है।

एआईयू सचिव डॉ. पंकज मित्तल ने आगे कोई टिप्पणी करने से इनकार करते हुए पीटीआई को बताया, ''हमें इसकी जानकारी दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## सात्विक और चिराग की नजरें दमदार प्रदर्शन पर

**चांग्झू :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए लय हासिल करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट पर उतरेगी।

चाइना ओपन पेरिस में 25 से 31 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले अंतिम प्रमुख प्रतियोगिता है। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा। वर्तमान में विश्व में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं लेकिन अभी तक फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं।

यही नहीं उन्हें पिछले सप्ताह जापान ओपन में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार का सामना करना पड़ा था।

दिली इच्छा | एक साल से अधिक समय से हैं बाहर, छोटी बहन सेरेना की भी चाहती हैं वापसी

# वीनस विलियम्स कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

वीनस विलियम्स एक साल से अधिक समय के बाद पहली बार टेनिस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं और उनकी दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना भी वापसी करें। वीनस डीसी ओपन से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। दूसरी तरफ सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता।

हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी। सेरेना 43 वर्ष की है और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला था। इसके बाद उन्होंने उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी जिस पर उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे। अमेरिका की राजधानी में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट शुरू होने से एक दिन पहले वीनस ने कहा मुझे नहीं पता कि वह क्या करने जा रही है। मैं उससे इस बारे में नहीं पूछती। मुझे लगता है कि वह हमेशा गेंद को हिट करती रहती है क्योंकि हम ऐसे ही हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में उनके एक अभ्यास सत्र के दौरान सेरेना वहां आईं और लगभग 15 या 20 मिनट तक उनके साथ रहीं। वीनस ने कहा वह छह महीने की छुट्टी ले सकती है और फिर आसानी से वापसी कर सकती है। आप उस जैसी प्रतिभा को सिखा नहीं सकते। पिछले महीने 45 साल की हुईं वीनस ने सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं जिनमें दो अमेरिकी ओपन और पांच विंबलडन खिताब शामिल हैं। उनका आखिरी टूर्नामेंट मार्च 2024 में मियामी ओपन में था, जहां वह पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं।



सेरेना विलियम्स व वीनस विलियम्स (दाएं)। एजेंसी (फाइल फोटो)

### ड्रेपर ने टोरंटो टूर्नामेंट से नाम लिया वापस

लंदन : ब्रिटेन के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने बाँह की चोट के कारण टोरंटो और सिनसिनाटी में होने वाले आगामी टूर्नामेंटों से नाम वापस ले लिया है। ड्रेपर ने कहा विंबलडन के बाद मेरे बाएँ हाथ में चोट लग गई, कोई गंभीर बात नहीं है। मुझे सुनिश्चित करना है कि बाकी सीजन के लिए यह पूरी तरह से ठीक हो जाऊं।